RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 116
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मार्च, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ऋषिकेश में भूमि को आई अपनी पहली फिल्म की याद
विविध-12

# भाजपा करेगी ताबड़तोड़ रैलियां

## रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में जनसभा को करेंगे संबोधित

- अकेले मोदी 20 जनसभाएं करेंगे, इसके अलावा अमित शाह और नड्डा 120 रैलियों में करेंगे शिरकत
- भाजपा शासित प्रदेशों के कई मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद करेंगे 800 सभाएं, लगेगा बॉलीवुड का भी तड़का

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव



पश्चिम बंगाल के मालदा में भाजपा की चुनावी रैली में जनता का अभिवादन करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**चुनावी** राज्य पश्चिम बंगाल में भाजपा ताबड़तोड़ रैलियां करने की तैयारी में हैं। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों का ऐलान करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात मार्च को राज्य का दौरा करेंगे और अपनी पहली जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बंगाल में होने वाली 120 रैलियों में शिरकत करेंगे। इसके अलावा 800 रैलियों को भाजपा के राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री खुद 20 रैलियों को संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीएम की ब्रिगेड रैली में उत्तराखंड समेत पूरे देश से लोग लेंगे भाग। गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष राज्य में 50 रैलियों को संबोधित करेंगे जहां की 294 सीटों पर आठ चरणों में चुनाव होने हैं।


बंगाल में पार्टी के अभियान को मजबूती देने के लिए भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, सभी महत्वपूर्ण केंद्रीय मंत्री तथा बड़ी संख्या में भाजपा सांसद मैदान में उतरेंगे। टीएमसी के ग्लैमरस, रंगबिरंगे और आकर्षित करने वाले चुनाव प्रचार का मुकाबला करने के लिए पार्टी कुछ बॉलीवुड अभिनेताओं को भी लाने की कोशिश में जुटी है। सात मार्च से शुरू हो अभियान के साथ प्रधानमंत्री बंगाल में करीब 20 रैलियों में भाग लेंगे वही वे असम में भी छह जनसभाओं को संबोधित करेंगे जहां पर भाजपा को दूसरी बार सत्ता में वापसी का भरोसा है। मोदी उत्तर और मध्य बंगाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे जहां पर पार्टी ने अच्छा किया है, साथ ही दक्षिणी हिस्से में जाएंगे जहां पर टीएमसी मजबूत स्थिति में है। सूत्रों ने कहा कि 'हालात को देखते हुए' यदि जरूरी हुआ तो प्रधानमत्री और रैलियां कर सकते हैं। हालांकि अन्य राज्यों में भी उनकी मांग है। विभिन्न थीमों पर काम कर ही भाजपा योजना बना रही है कि कोलकाता में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री की रैली में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़े।

लेफ्ट-कांग्रेस-इंडियन सेक्युलर फ्रंट 28 फरवरी को पहले ही अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुका है। रविवार की रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ता लोगों को बुलाने के लिए नुक्कड़ बैठकें कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों से भाजपा कार्यकर्ता भी मदद कर रहे हैं जिससे कि रविवार को परेड ग्राउंड शो भव्य बनाया जा सके। पश्चिम बंगाल में 294 सीटों के लिए 27 मार्च से आठ चरणों में चुनाव शुरू होंगे। असम में तीन चरणों में चुनाव 27 मार्च से शुरू होगा और अंतिम चरण का मतदान 6 अप्रैल को होगा। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जिहाद और गौ तस्करी को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला। आदित्यनाथ ने उत्तरी बंगाल के माल्दा जिले स्थित बुलबुलचांदी के निकट रैली को (शेष पेज 9)

# दो दिग्गजों में जुबानी जंग
# कांग्रेस में गहराये मतभेद

- बंगाल में आईएसएफ से गठजोड़ पर मचा घमासान अधीर रंजन ने आनंद शर्मा पर बोला सीधा हमला
- सोनिया ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी, जेपी अग्रवाल होंगे अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आनंद शर्मा




अधीर रंजन

**वरिष्ठ नेता** आनंद शर्मा द्वारा पश्चिम बंगाल में आईएसएफ के साथ चुनावी गठजोड़ की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद कांग्रेस में आंतरिक घमासान और तेज हो गया है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को पार्टी में संभावित टूट की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनके सहयोगी अपने भविश्य के बॉस को खुश करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। रंजन के इस बयान से अटकलें लगने लगी हैं कि आनंद शर्मा भाजपा में शामिल हो सकते हैं। चौधरी ने कहा कि यदि आनंद शर्मा ईमानदारी से उनके गलत फैसले पर बात करना चाह रहे थे तो वह उन्हें फोन कर सकते थे। वह शर्मा को गठजोड़ के फैसले के बारे में विस्तार से बता देता, लेकिन वह सोचते हैं कि कांग्रेस की छवि खराब करना अधिक उचित होगा, ताकि किसी को खुश किया जा सके, जो भविश्य में उनका राजनीतिक बॉस हो सकता है। शर्मा राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता हैं, जबकि अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता हैं। पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख ने आनंद शर्मा पर बिना किसी कारण कांग्रेस की आलोचना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शर्मा बिना किसी कारण कांग्रेस के खिलाफ अधिक मुखर हैं। वह बेवजह मुद्दे को तूल दे रहे हैं। फुरफुरा शरीफ के मौलवी अब्बास सिद्दीकी के आईएसएफ के साथ गठबंधन पर आलोचनाओं के जवाब में चौधरी ने शर्मा को जवाब देने के लिए ट्विटर का ही सहारा लिया। अपने ट्वीट में चौधरी ने कहा कि आनंद शर्मा जी अपनी बातों पर गौर करिए। वह प्रतिष्ठित कांग्रेसियों के चुनिंदा समूह से आग्रह करेंगे कि वे निजी सुख-सुविधाओं से ऊपर उठें और पीएम मोदी की प्रशंसा करने में अपना समय बर्बाद न करें। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन को लेकर पार्टी के दो दिग्गज नेताओं के बीच जारी वाक्युद्ध के बीच कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। आठों चरण के चुनाव के लिए गठित इस समिति में महेश जोशी और नसीम खान सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह समिति (शेष पेज 9)

# हरियाणा में निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण

- प्रदेश के युवाओं को मिलेगा नौकरी में कोटा जल्द जारी होगी अधिसूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने निजी क्षेत्र में राज्य के लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हरियाणा विधानसभा ने पिछले साल यह विधेयक पारित किया था, जो सत्तारूढ़ गठबंधन साझेदार जननायक जनता पार्टी (जजपा) का एक मुख्य चुनावी वादा था। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हरियाणा के राज्यपाल ने निजी क्षेत्र में नौकरी चाहने वाले राज्य के लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। सरकार जल्द ही इसे अधिसूचित करेगी।' हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार विधेयक,2020 निजी क्षेत्र की उन नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए कोटा का प्रावधान करता है, जिनमें मासिक वेतन 50,000 रुपये से कम हो। विधेयक के मुताबिक यह कोटा शुरूआत में 10 साल तक लागू रहेगा। विधेयक के दायरे में राज्य में निजी कंपनियां, सोसाइटी, ट्रस्ट, साझेदारी फर्म आते हैं। विधेयक योग्य लोगों के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में योग्य स्थानीय उम्मीदवारों के प्रशिक्षण का प्रावधान करता है। इस कोटे के तहत नौकरी प्राप्त (शेष पेज 9)

# करनाल में 54 छात्र पाए गए कोरोना से संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**हरियाणा** के करनाल में एक स्कूल के 54 छात्र कोविड-19 से संक्रमित पाये जाने के बाद स्कूल बंद कर दिए गया है। मंगलवार को यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। करनाल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) योगेश शर्मा ने बताया कि सैनिक स्कूल, कुंजपुरा के तीन छात्र सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये थे, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए स्कूल के 390 छात्रों और कर्मचारियों के नमूने लिए। शर्मा ने कहा कि रिपोर्ट से पता चला कि 54 छात्र कोविड-19 से संक्रमित हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि स्कूल भवन और उसके छात्रावासों को निषिद्ध क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है। सैनिक स्कूलों का संचालन रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा किया जाता है और छात्र छात्रावास में रहते हैं। हरियाणा शिक्षा विभाग ने पिछले साल दिसंबर में नौवीं से 12वीं कक्षा और 24 फरवरी से तीसरी से पांचवीं कक्षा के लिए स्कूलों को फिर से खोल दिया था।

# चुनावी राज्यों में भाजपा को वोट न देने की करेंगे अपील

## संयुक्त किसान मोर्चा का ऐलान

- छह मार्च को वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर चक्का जाम और आठ मार्च को महिलाएं विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन करेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सीकर में मंगलवार को कृषि कानूनों को विरोध करने को ट्रैक्टर चलाकर जाते भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत

**कृषि कानून** के विरोध में पिछले तीन माह से आंदोलनरत किसान नेता अब सरकार के खिलाफ मुखर रूप से लड़ाई का ऐलान करते नजर आ रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) विभिन्न प्रदेशों में होने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने की अपील के लिए अपने नेताओं को भेजेगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने यह घोषणा मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में की। इसके साथ ही छह मार्च को वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चक्का जाम और आठ मार्च को महिलाओं के प्रदर्शन का भी निर्णय लिया गया। सिंघू बार्डर पर आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की प्रेसवार्ता में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ किसान नेताओं ने आगे के आंदोलन की रणनीति का खुलासा मंगलवार को किया। प्रेसवार्ता में बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की टीमें भाजपा को हराने की अपील करने के लिए पश्चिम बंगाल और केरल समेत उन राज्यों में जाएंगी जहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

राजेवाल ने कहा कि 'हम किसी पार्टी के लिए वोट नहीं मांगेंगे। हम उन उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करेंगे, जो भाजपा को हरा सकते हैं। भाजपा किसानों के मुद्दों को सुलझाने में नाकाम रही है।' प्रेसवार्ता में कहा गया कि छह मार्च को आंदोलन के 100 दिन पूरे होने पर आंदोलनरत किसान वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे (केएमपी)को भी अवरुद्ध करेंगे। संयुक्त किसान मोंचा के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि छह मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से पांच घंटे के लिए एक्सप्रेसवे पर विभिन्न जगहों को चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कोलकाता में 12 मार्च को एक जनसभा करेंगे जिसमें भाजपा को हराने की अपील की जाएगी। यादव ने कहा कि मोर्चा (शेष पेज 9)

# दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का काम रुका

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

किसान आंदोलन का असर

- प्रभावित गांवों में नहीं हो पाई जनसुनवाई, ईएसी ने 35000 करोड़ की प्रस्तावित परियोजना का काम टाला

**पहले** कोविड-19 महामारी और अब किसान आंदोलन का सीधा असर दिल्ली, अमृतसर और कटरा को जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे कॉरिडोर पर पड़ा है। इसमें पंजाब में ग्रीनफील्ड परियोजना के तौर पर विकसित होने वाला वह हिस्सा भी शामिल है, जो नकोदर से निकलकर सुल्तानपुर लोधी, गोइंदवाल साहिब, खडेर साहिब और तरनतारन जैसे पांच ऐतिहासिक शहरों को जोड़ते हुए अमृतसर जाता है। हालांकि, किसान आंदोलन के कारण प्रभावित ग्रामीणों की अनिवार्य जन सुनवाई के अभाव में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित 35,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना को रद्द कर दिया है। प्रस्तावित परियोजना की कुल लंबाई 361.656 किलोमीटर है। इसमें 262.656 किलोमीटर पंजाब से दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे है और 99 किलोमीटर ग्रीनफील्ड परियोजना के (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,297 | ↑ 447 | |
| निफ्टी | 14,919 | ↑ 158 | |
| सोना | 44,760 | ↓ 679 | /10g |
| चांदी | 67,073 | ↑ 1847 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूएई में पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग-6 युद्धाभ्यास में भाग लेगी भारतीय वायु सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना, यूएई, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेनाओं के साथ पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग- 6 युद्धाभ्यास में भाग लेगी। भारतीय वायु सेना की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह युद्धाभ्यास संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल-धफ्रा एयरबेस पर तीन मार्च से 21 मार्च के बीच होगा। एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग, वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास है जिसकी मेजबानी यूएई वायुसेना द्वारा की जाती है। भारतीय वायु सेना, यूएई, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेनाओं के साथ पहली बार एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग- 6 युद्धाभ्यास मे भाग लेगी।

# गुजरात निकाय चुनाव में भी लहराया भाजपा का परचम

- 2085 सीट झोली में, कांग्रेस पिछड़ी, 16 सीटों के साथ आप ने भी खोला खाता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुजरात निकाय चुनाव में भारी जीत के बाद सूरत में जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता

**गुजरात** स्थानीय निकाय चुनाव में सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने सभी 31 जिलों की पंचायत में रिकॉर्ड जीत दर्ज की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य समेत विभिन्न नगरपालिकाओं की कुल 8,474 सीटों में 2,085 पर भाजपा ने जीत के साथ प्रतिद्वंदी कांग्रेस से निर्णायक बढ़त बना ली है। गुजरात में पार्टी की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के विकास के एजेंडे को स्वीकार फिर से विश्वास जताया है। उन्होंने इस जीत के लिए पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। वहीं पहली बार चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी (आप) ने 16 सीटों के साथ अपना खाता खोला है। गुजरात के विभिन्न जिलों, तालुका, पंचायत व निकायों में भाजपा 2,085 सीटों पर वहीं कांग्रेस 602 सीटों विजयी हुई है। अबतक 8,474 सीटों में से 2,771 के परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में नगर पालिका, तालुका पंचायत और जिला स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत पर अपने ट्वीट में कहा, 'गुजरात की जनता ने इस जीत के साथ साफ संदेश दे दिया है कि वह विकास और गुड गर्वेनेंस के एजेंडे के साथ है। मैं गुजरात की जनता के प्रेम और समर्पण को नमन करता हूं।' केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में जीत पर कहा, 'भाजपा ने 85 फीसदी सीटों जीत के साथ यह साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा को जारी रखेंगे।' केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री विजय रुपाणी और उपमुख्यमंत्री (शेष पेज 9)

### प्रदेश कांग्रेस प्रमुख व विपक्ष के नेता ने इस्तीफा दिया

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के मद्देनजर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अमित चावड़ा और विपक्ष के नेता परेश धानाणी ने मंगलवार को पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। चावड़ा ने कहा कि मैंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंप दिया है।

# ऐमेजॉन प्राइम वीडियो ने तांडव सीरीज को लेकर बिना शर्त माफी मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ऐमेजॉन** प्राइम वीडियो ने अपने शो तांडव के लिए मंगलवार को बिना शर्त माफी मांग ली और कहा कि दर्शकों द्वारा आपत्तिजनक पाए गए दृश्यों को उसने पहले ही हटा दिया है। सैफ अली खान और मोहम्मद जीशान अय्यूब अभिनीत इस सीरीज के विभिन्न दृश्यों को लेकर खासा विवाद पैदा हो गया था और यह आरोप लगा कि इस शो से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। इस संबंध में कई प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई हैं।

ऐमेजॉन प्राइम वीडियो ने एक बयान में कहा, ऐमेजॉन प्राइम वीडियो को अत्यंत खेद है कि हाल ही में शुरू की गई काल्पनिक सीरीज तांडव के कुछ दृश्य दर्शकों को आपत्तिजनक लगे। किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाना हमारा ध्येय नहीं था, और इस बात से अवगत कराए जाने पर, उन आपत्तिजनक दृश्यों को या तो हटा दिया गया या फिर संपादित किया गया।

हम अपने दर्शकों की विविध आस्थाओं का सम्मान करते हैं और उन दर्शकों से बिना शर्त क्षमा याचना करते हैं, जिन्हें ठेस पहुंची है। कंपनी ने कहा, हमारी टीमें कंपनी की विषय मूल्यांकन विधियों का अनुकरण करती हैं, और हम मानते हैं कि दर्शकों की बेहतर सेवा के लिए, समय-समय पर इन विधियों का आधुनिकीकरण आवश्यक है। हम भारतीय कानूनों का अनुपालन करते हुए, और हमारे दर्शकों की संस्कृति और आस्थाओं का सम्मान करते हुए, अपने सहयोगियों के साथ आगे भी मनोरंजक विषय विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार पर फिर लगा विराम

## नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने तीसरी बार रद्द की निविदा


फाइल फोटो

### ये है पूरा प्रोजेक्ट

इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट के मुताबिक विस्तार के रूट पर 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके कुल अनुमानित बजट में इनके डिजाइन और निर्माण का खर्च शामिल है। पांच एलिवेटेड स्टेशन नोएडा-122, 123,4,.12 और 2 पर प्रस्तावित हैं। हालांकि कुल प्रोजेक्टेड बजट में इन स्टेशनों के आर्किटेक्चरल फिनिशिंग वर्क्स और पीईबी कार्य का खर्च शामिल नहीं है। पहले राउंड में मई, 2020 में निविदाएं आमंत्रित की थीं। तब तीन फर्म ने इसमें रूचि दिखाते हुए आवेदन दिया था। हालांकि इनमें से एक कंस्ट्रक्शन फर्म नहीं थी। परंतु इससे बेहतर की चाहत थी और जुलाई, 2020 में इस निविदा को रद्द कर दिया गया। दूसरे चरण में सितंबर, 2020 में फिर से निविदाएं आमंत्रित की। नवंबर के मध्य में आवेदन दिया। मगर नवंबर के आखिर में टेंडर रद्द कर दिया। अब चौथे राउंड का टेंडर जारी करने की तैयारी में है।

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक प्रस्तावित नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन के 9.605 किलोमीटर के एलिवेटेड विस्तार के लिए जारी सिविल टेंडरिंग प्रक्रिया को रद्द कर दिया। गत गुरुवार को इस बारे में आधिकारिक बयान सामने आया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर, 2019 में इसके निर्माण के लिए मंजूरी दी थी। इसके मुताबिक कुल 29.7 किलोमीटर लम्बे एक्वा लाइन का विस्तार किया जाना था। इसके तहत पूरब में 14.95 किलोमीटर सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 के खंड में विस्तार प्रस्तावित है। मगर एनएमआरसी ने लगातार तीसरी बार इस प्रोजेक्ट के लिए लॉन्च टेंडर को निरस्त किया है। इसके साथ ही इस प्रस्तावित लाइन पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीदें धूंधली हो गई हैं।

इस प्रोजेक्ट के लिए दूसरा टेंडर नवंबर, 2020 के आखिर में लॉन्च किया गया था। इसके निर्माण के लिए 491.99 करोड़ का अनुमानित बजट रखा गया था। दो साल में इसे पूरा करने की समय सीमा रखी गई। 18 दिसंबर, 2020 को इसका टेक्निकल बिड खोला गया जिसमें दो कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई थी। मगर आखिरी वक्त में इस टेंडर को रद्द कर दिया गया। इस संबंध में एनएमआरसी द्वारा दी हुई वजह हैरान करने वाली है। आधिकारिक बयान में एनएमआरसी की तरफ से कहा गया, कुछ प्रशासनिक वजहों के चलते इस निविदा को रद्द कर दिया गया है। पहले टेंडर को रद्द करते वक्त एनएमआरसी की तरफ से यही वजह दी गई थी।

## प्राधिकरण ने पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट में किया बदलाव

**नोएडा।** फिल्म सिटी से लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाने की योजना में यमुना प्राधिकरण ने बड़ा बदलाव किया है। अब ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाई जाएगी। इस योजना के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत के लाखों लोगों को बड़ा फायदा होगा।

यमुना प्राधिकरण की सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि पॉड टैक्सी पहले फिल्म सिटी से लेकर जेवर एयरपोर्ट पर प्रस्तावित की गई थी। लेकिन अब इस योजना में बदलाव करते हुए ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी के सेक्टरों को जोड़ते हुए जेवर एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाने की योजना बनाई है। पहले यमुना प्राधिकरण ने प्रस्तावित किया था कि पॉड टैक्सी फिल्म सिटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच पॉड टैक्सी चलाई जाएगी। जिसमें करीब 5.5 किलोमीटर का ट्रैक बनाया जाएगा। 5.5 किलोमीटर के इस ट्रैक के बीच यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर भी आएंगे।

# जेवर एयरपोर्ट के पास प्राधिकरण ने शुरू किया प्लॉट स्कीम

- आवेदन के लिए देनी होगी दस फीसदी रकम

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

यीडा ने सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित प्लॉट एलॉटमेंट की स्कीम जारी कर दी है। अथॉरिटी ने इस योजना के तहत कुल 440 प्लॉट के आवंटन की तैयारी की है। इनमें से 345 प्लॉट के लिए सामान्य नागरिक आवेदन कर सकते हैं। इनमें से 76 प्लॉट किसानों के लिए आरक्षित हैं। सभी स्कीम में आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च है। स्कीम का ड्रॉ 5 मई को निकाला जाएगा। आवेदन के लिए 10 फीसदी रकम देनी होगी। ड्रॉ में नाम नहीं आने पर पैसे वापस कर दिए जाएंगे।

हालांकि इसमें कुछ वक्त लगेगा। प्राधिकरण ने जिन 440 आवासीय भूखंडों की योजना लांच की है, उनमें 60 वर्गमीटर, 90, 120, 200, 300, 500, 1000, 2000 और 4000 वर्ग मीटर के भूखंड शामिल हैं। ड्रॉ में शामिल होने के इच्छुक लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड से आवेदन कर सकेंगे। प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-18 और सेक्टर-22डी में योजना लांच करेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना के तहत फ्लैट 312 वर्ग फीट से 1100 वर्ग फीट के होंगे।

### इन साइज के प्लॉट हैं योजना में शामिल

60 वर्ग मीटर, 90 वर्ग मीटर, 120 वर्ग मीटर, 300 वर्ग मीटर, 500 वर्ग मीटर, 1000 वर्ग मीटर, 2000 वर्ग मीटर, 4000 वर्ग मीटर।

**प्लॉट्स के लिए आवेदन राशि**

60 वर्ग मीटर प्लॉट आरक्षित वर्ग के लिए 50,600 रुपये। अन्य के लिए 10,1200 रुपये।

## 'एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों का ख्याल रखें अधिकारी'

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह और जिलाधिकारी सुहास एलवाई को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान खास जोर देकर दोनों अफसरों को जेवर ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम आगे बढ़ाने के लिए कहा है। इसमें विशेष रूप से एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों के हितों का ख्याल रखने के आदेश मुख्यमंत्री ने दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी को कहूंगा कि एयरपोर्ट के लिए जिन किसानों ने जमीन दी है, उनके व्यवस्थित पुनर्वास का इंतजाम करें। उन्हें समय पर टाउनशिप में बसाने की कार्रवाई करें। दूसरे चरण से जुड़ी प्रक्रिया का इंतजार ना करें।

# ब्रांडेड कपड़े चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

- छह गिरफ्तार, 22 लाख का माल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**


पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।

जिले की सेक्टर-58 थाना पुलिस ने मंगलवार तड़के एक बड़े चोर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के सामने मुख्य सड़क पर चेंकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को करण, सुभाष, अंकुर, अजय, चंद्र मोहन, समीर दिवेदी और दानिश नाम के संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ की तो बड़ा खुलासा हुआ।

इनके कब्जे से एक कंपनी से चोरी किए 110 पैकेट कपड़े के सूट के बंडल मिले। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रूपये है। साथ ही पुलिस ने चोरी की एक बाइक और एक स्कूटी बरामद किया है। सभी आरोपी यूपी-बिहार के रहने वाले हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-63 के बी-18 को जीएसटी विभाग ने सील कर दिया है। इनका एक साथी चंद्र मोहन दिन में इसकी बगल वाली कंपनी में गार्ड की नौकरी करता है और रात में फैक्ट्री में रैकी करता है। वह वहां होने वाली हर गतिविधि की सूचना अपने साथियों को देता था। गार्ड द्वारा दी जानकारी के मुताबिक यह गिरोह फैक्ट्री में चोरी करता था। वारदात के वक्त दानिश व उसका साथी समीर रैकी करते रहते थे। जैसी ही सड़क सुनसान होती थी, ये शातिर कंपनी से माल चुराकर अलग-अलग बाइक पर रखकर दानिश द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचा देते थे। इनका गिरोह पिछले 5-6 महीने से ऐसी वारदातों में शामिल है।

# पेंशन के लिए कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे लोकतंत्र सेनानी

- सीएम के सचिव ने डीएम से मांगी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

लोकतंत्र सेनानी नेमचंद शर्मा अटल अपनी पेंशन को गलत ढंग से रोकने के मामले में सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है, मेरी लोकतंत्र सम्मान पेंशन राशि बिना वजह बाबू ने बंद कर दी है। मैंने तमाम बार इसकी जानकारी जिला प्रशासन के अधिकारियों को दी, लेकिन अभी तक इंसाफ नहीं मिल पाया है। जिसके बाद मैं आज कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया हूं।

नेमचंद शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठते हुए दिवाकर सिंह को अपनी समस्याओं का पत्र दिया है। नेमचंद शर्मा अटल का कहना है कि जब इस मामले में बाबू से मिला तो उसने कहा, जब तक मैं सीट पर बैठा हूं, तब तक पेंशन नहीं मिलने दूंगा।

दूसरी ओर इस मामले में जेवर से विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने दखल दी है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र सेनानी नेमीचंद शर्मा अटल की पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री के सचिव को जानकारी दी है। इसके बाद डीएम से सचिव ने बात की।

# इनामी सीरियल रेपिस्ट को मुठभेड़ में लगी गोली

## पिछले महीने ही जमानत पर आया था बाहर, अब फिर पहुंचा जेल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**


घायल बदमाश को पकड़कर ले जाती पुलिस। फोटो : दीपक यादव

ग्रेटर नोएडा की थाना सूरजपुर पुलिस ने सोमवार देर रात बलात्कार और लूट में वांछित एक 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

मुठभेड़ ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के पीछे हुई। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जिसे, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पर लूट और बलात्कार के दर्जनों मामले दर्ज हैं। पिछले महीने फरवरी में बदमाश जमानत पर यह रिहा हुआ था। पुलिस को इसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला ने मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरिशंकर पुत्र रामप्रकाश, गांव उमरी, थाना-वीवार, जिला-हमीरपुर, उत्तर प्रदेश वर्तमान मे ईटा-1 मे रह रहा था। ये बदमाश बड़ा ही शातिर किस्म का अपराधी है। अब तक कई लूट और बलात्कार की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। सूचना के आधार पर सोमवार देर रात ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार


मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते व्यापारी।

### जिला मुख्यालय पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर व्यापारियों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद वित्तमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा। इसमें पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाये बिना इनकी कीमत कम नहीं की जा सकती है। जीएसटी की अधिकतम दर 28 प्रतिशत लगाने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत वर्तमान दर से काफी कम होगी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल की गाजियाबाद इकाई के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने बताया कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने पर कीमत में 25 फीसदी की गिरावट आ जाएगी।

### नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आज

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को निगम मुख्यालय पर आयोजित होगी। जिसमें वित्तवर्ष 2021- 2022 के लिए बजट पेश किया जाएगा। इसके अलावा विकास से जुड़े अनेक प्रस्ताव पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में फिक्स टेंडर को लेकर हंगामा होने की उम्मीद है। पिछले दिनों टेंडर छोड़ने से पहले ही दुहाई शमशान घाट के मिट्टी भराव और श्लोप करने का कार्य किसी ठेकेदार ने शुरू कर दिया था। इस मामले की शिकायत सदन में भाजपा दल के सचेतक पार्षद हिमांशु मित्तल ने लिखित रूप में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और निगम प्रशासन से की थी। बाद में जब यह मामला पकड़ा गया तो निगम प्रशासन ने योगेश नामक जेई को कारण बताओ नोटिस जारी कर उस की चरित्र पंजिका में प्रतिकूल प्रविष्टि करने का आदेश नगर आयुक्त ने दिया था।

### मानसिक तनाव में महिला ने की खुदकुशी

**नोएडा।** जिले के बीटा-दो थाना क्षेत्र में एक महिला ने सोमवार को कथित तौर पर मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। थाना बीटा-दो के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि बीटा-2 थाना क्षेत्र में रहने वाली सरोज देवी (35) ने सोमवार रात मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनसीआर में चोरी करने वाले दो चोर दबोचे

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने वाले दो चोरों को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से कपड़े, घड़ी, एलईडी समेत चोरी का काफी सामान बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त रणविजय सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने सेक्टर 46 के पास से मंगलवार सुबह कपिल तथा रवि नामक दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से सेक्टर 45 निवासी सतीश अग्रवाल के घर से 21 जनवरी को चोरी की गई एलईडी टीवी, कपड़े, घड़ी, सामान आदि बरामद किया है।

# बहनोई ने किया किशोर को अगवा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव में बहनोई ने किशोर का कथित अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उधर, थाना सेक्टर 20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर 15 से बरामद किया है।

थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बरौला गांव निवासी श्यामसुंदर मोची ने अपने 14 वर्षीय बेटे को अगवा करने का आरोप लगाते हुए हुए दामाद अमरजीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, थाना सेक्टर 20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर 15 से बरामद किया है। नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर नोएडा पुलिस से मदद मांगी थी। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर सूचना दी कि उनके यहां से अगवा किशोरी को आयुष नामक युवक नोएडा के सेक्टर 15 में लेकर छिपा हुआ है।

सूचना पर थाना सेक्टर 20 पुलिस ने नोएडा के नयाबास गांव में छापा मारा तथा आयुष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

# कोरोना संक्रमण : ढिलाई ने बढ़ाई स्वास्थ्य विभाग की परेशानी

## बाजारों में बिना मास्क घूम रहे लोग, सार्वजनिक जगहों पर नहीं हो रहा शारीरिक दूरी का पालन

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



फाइल फोटो

कोरोना वैक्सीन आने के साथ ही खूब लापरवाही बरती जा रही है। दवाई के साथ ढिलाई ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का तनाव बढ़ा दिया है।

बाजार में लोग खुले घूम रहे हैं। सैनिटाइजर तो दूर मास्क लगाना भी लोग भूल गए हैं। अस्पतालों में शारीरिक दूरी का पालन नहीं हो रहा है। सरकारी कार्यालयों के साथ ही बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर खूब भीड़ लग रही है। प्रशासनिक अफसरों की सख्ती खत्म हो गई है।

सौ लोगों की जगह एक हजार लोगों को समारोहों में दावत पर बुलाया जा रहा है। पांच राज्यों में संक्रमण के केस बढ़ने के बावजूद लोग लापरवाह हो चले हैं। बुखार होने पर जांच की जगह खुद ही मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर काम चला रहे हैं।

फरवरी 2020 में कोरोना की आहट पर ट्रैवल हिस्ट्री के 177 लोगों को ट्रेस करने में स्वास्थ्य विभाग जुट गया था। अब तक 26,740 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। 26,576 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। 102 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक चालीस लाख की आबादी वाले जिले के सवा आठ लाख लोगों की कोरोना जांच हो चुकी है। एमएमजी अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और महिला अस्पताल में मरीजों की रोज लंबी-लंबी लाइन लग रही है। शारीरिक दूरी का पालन न तो मरीज कर रहे हैं और न ही चिकित्सकों को इसकी परवाह है। मरीज भी मुंह पर मास्क लगाकर नहीं पहुंच रहे हैं। कोरोना जांच बूथों पर भी लापरवाही बरती जा रही है।

# साथी की मौत से नाराज चालकों ने नहीं उठाया कूड़ा

## पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी देने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

वाहन चालक के परिजनों को दस लाख के मुआवजे एवं पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर निगम के तमाम चालकों ने वाहन खड़े कर दिए। शहर के किसी हिस्से से कूडा नहीं उठाया।

चालकों का आरोप था कि कमीशन के खेल में घटिया वाहन खरीद लिए गए हैं। सीएनजी आधारित इन वाहनों से कूडा खाली करने के दौरान चालकों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। जो डंपिंग ग्राउंड स्थल तय किया गया है,वहां कूडा वाहन ले जाने के दौरान भी हादसे का खतरा रहता है।

बता दें कि सोमवार को निगम में तीन साल से कॉन्ट्रेक्ट वाहन चालक निखिल कौशिक कूड़ा वाहन को लेकर मेरठ रोड पर शाहपुर स्थित डंपिंग ग्राउंड गया था तथा वाहन से कूडा डंप कर रहा था। इस बीच वह 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आ गया। निखिल को मेरठ रोड के एक नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक संघ के अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह, महामंत्री सलीम एवं उपाध्यक्ष राजीव ने चालक के परिजनों को निगम से दस लाख की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग उठाई है। वाहन चालक संघ ने ये भी जोर दिया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जो सीएनजी आधारित एवं दूसरे वाहन खरीदे गए हैं उनकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए।

यहां बता दे कि महापौर ने भी हाल में खरीदे गए वाहनों को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे और पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त से पूरे मामले की जांच कराने पर जोर दिया था।

## कई बदमाशों को गुंडा एक्ट में किया निरुद्ध

**गाजियाबाद।** शहर में बढ़ रहे बेतहाशा अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 शातिर बदमाशों को गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध करने का फैसला किया है। ये सभी आरोपी लूट, हत्या और डकैती जैसी जघन्य वारदातों में संलिप्त रहे हैं।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि जिन सात बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया है उनमें आफताब, खलील, राजू, शमशेर मोहम्मद, सुमन, खुर्शीद तथा ताहिर के नाम शामिल हैं।


अंबेडकर रोड पर राका पार्क में निगम चौपाल का शिलान्यास करतीं मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर।

# राका पार्क में बुजुर्गों के लिए नगर निगम बनाएगा चौपाल

- सुंदरता के लिए झरने, वॉल पेंटिंग और लाइटें लगाई जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

अंबेडकर रोड स्थित राका पार्क में शहर के बुजुर्गों के लिए निगम 15 लाख की लागत से निगम चौपाल का निर्माण करने जा रहा है। इस चौपाल को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए जहां इसे हरा-भरा किया जा रहा है वहीं इसमें झरने, वॉल पेंटिंग एवं रंगबिरंगी लाइटें भी लगाई जाएंगी। यहां बुजुर्गों के टहलने के लिए अलग-अलग पाथ भी बनाए जाएंगे।

मंगलवार को आयोजित एक भव्य समारोह में इस प्रोजेक्ट का मेयर आशा शर्मा और नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने शिलान्यास किया। मेयर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 45 दिन में बनकर तैयार हो जाएगा। खास बात यह है कि राका पार्क अंबेडकर रोड के मुख्य मार्ग पर स्थित है जहां पर शहर के मुख्य बाजार रामनगर, तुराबनगर गांधीनगर और किराना मंडी आदि हैं। यहां आसपास अच्छा पार्क नहीं है जिससे बाजारों में आने जाने वाले लोगों के बैठने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं थी।

मेयर ने बताया कि यहां बड़े पैमाने पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिसकी शिकायत व्यापारियों ने पिछले दिनों निगम प्रशासन से की थी। नगर आयुक्त ने बताया कि इन बाजारों के आसपास ही पुरानी कॉलोनियां बनी हुई हैं जहां बड़े पैमाने पर बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिक रहते हैं। अब उनके बैठने के लिए यह स्थान और भी आकर्षक हो जाएगा।

### रोमांच के लिए शहरवासी हो जाएं तैयार

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में 300 घुड़सवार दिखाएंगे दम

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**


फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा एक बार फिर सजकर तैयार है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के घुड़सवार एक बार फिर अपनी प्रतिभा से दर्शकों को खास अनुभव देंगे। इसके लिए शहर के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) परिसर में स्थित स्टेडियम में तीन श्रेणियों, जिसमें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और छात्रों के बीच प्रतियोगिताएं होंगी।

राष्ट्रीय टेंट पैगिंग टीम में चयन के लिए खिलाड़ी तीन से सात मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाएंगे। वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालिफाई करने के लिए 12.14 मार्च तक प्रतियोगिता होगी।

इसमें सात देशों भारत, अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, कतर, बेलारूस, बहरीन के खिलाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। इस संबंध में आयोजकों ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। इसमें भारतीय टेंट पेगिंग टीम के कोच अहमद अफसर, कमेंटेटर अथर और हाईटेक कॉलेज के चेयरमैन डॉ विहंग गर्ग ने सवालों के जवाब दिए। इस खेल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि टेंट पेगिंग में घोड़े पर बैठकर 6.4 सेकेंड में भाले से जमीन पर रखे सफेद प्लेट जैसे टुकड़े को उठाया जाता है।

कोच अहमद अफसर ने बताया कि इस खेल की शुरुआत साल 1965 में हुई थी। टेंट पेगिंग प्रतियोगिता में भारतीय घुड़सवारों का हमेशा दबदबा रहा है। ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में पहले भी वर्ष 2015 में ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस बार अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग फेडरेशन, एक्वेस्टेरियन फेडरेशन ऑफ इंडिया और युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में दी पेंटा ग्रैंड-2021 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में तीन से सात मार्च तक राष्ट्रीय टेंट पैगिंग टीम के चयन के लिए प्रतियोगिता होगी। इसे कुबेर नेशनल एक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप का नाम दिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 मार्च 2021



प्रदेश कैबिनेट के फैसले

# दिल्ली कौशल और उद्यमिता विवि में होगा 13 संस्थाओं का विलय

## उच्च शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को मिलेगा बढ़ावा



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सभी दस सरकारी पोलटेक्निक संस्थानों को दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय के अंतर्गत लाया जाएगा। इसके साथ-साथ दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ टूल इंजीनियरिंग के वजीरपुर और ओखला कैंपस, और जी.बी.पंत इंजीनियरिंग कॉलेज को भी इस विवि के साथ जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई में मंगलवार को दिल्ली कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। सरकार के इस कदम से छात्र-छात्राओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

कैबिनेट की बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए नौकरी के अवसरों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये विलय को स्किलिंग इकोसिस्टम को अधिक कुशल बनाएंगे और युवाओं की रोजगार और कौशल संभावनाओं को बढ़ाएंगे।

कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि कॉलेज ऑफ आर्ट्स को स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स और दिल्ली विरासत अनुसंधान एवं प्रबंधन संस्थान को स्कूल ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट के रूप में डॉ. बी.आर.अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शामिल किया जाएगा।

सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार, दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, पुष्प विहार में एक नए वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर की शुरुआत करने जा रही है। इस नए वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर के भवन निर्माण के लिए दिल्ली सरकार ने 9.90 करोड़ रुपये जारी किया है। आम आदमी पार्टी की »सरकार का यह विजन है कि वह पूरी दिल्ली में 25 वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर स्थापित करे।

# अगले सप्ताह पेश होगा दिल्ली का बजट

## आठ से 16 मार्च तक चलेगा सत्र, शिक्षा और स्वास्थ्य पर होगा जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 8 मार्च से शुरू होगा। बजट सत्र को छोटा करते हुए इसे 7 दिन किया गया है लेकिन बजट सत्र में से पहले आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, फिर कैग की रिपोर्ट और फिर बजट भाषण और उस पर सदस्यों की चर्चा आदि को ध्यान में रखते हुए बजट सत्र 16 मार्च तक चलेगा।

इस दौरान शनिवार और रविवार को विधानसभा में बैठकें नहीं होंगी।

आम आदमी पार्टी की सरकार वर्ष 2021-22 के लिए अपना बजट पेश करेगी जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी की आपूर्ति समेत बुनियादी ढांचा पर जोर रहेगा। कोरोना वायरस संक्रमण के बीच इस बार बजट पर लोगों की खास नजर रहेगी क्योंकि दिल्ली सरकार के राजस्व पर भी कोरोना काल का काफी असर पड़ा है। वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया पेश करेंगे बजट।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को ट्वीट कर बताया कि दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया। सत्र का समापन 16 मार्च को होगा। सूत्रों ने बताया कि नए कर लगाने की संभावना नहीं है। सरकार ने पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 65,000 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था जो 2019-20 के लिए पेश बजट से करीब 10 प्रतिशत अधिक था।

जानकारों की मानें तो केजरीवाल सरकार ने पिछले बजट में हर बार की तरह बढ़ोतरी की थी। इस बार भी 65 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट रहने की संभावना है। पिछले वर्ष कोरोना के चलते बजट पेश होने के साथ ही विधानसभा में बगैर चर्चा के ही बजट पास हो गया था। इस बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई थी। कोरोना के चलते बजट पर चर्चा ही नहीं हुई थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

### सांस्कृतिक कला कुंज भवन के लिए 49 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने दिल्ली अभिलेखागार के कामकाज में सुधार के लिए अहम फैसले लिए। दिल्ली कैबिनेट ने अभिलेखागार में भवनों के निर्माण और विकास के लिए 50 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी। साथ ही विभाग को कोरोना काल के दौरान में हुए नुकसान और अभिलेखों के रखरखाव के लिए 1.32 करोड़ की राशि जारी करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया है। विभाग में दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के करीब 10 करोड़ पन्नों के अभिलेखों का रखरखाव का काम करता है। दिल्ली सरकार दिल्ली के कला और संस्कृति पारिस्थितिकी को संरक्षित करने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बाल कल्याण योजनाओं के लिए 185 करोड़ स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली दिल्ली कैबिनेट ने एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति, लाडली योजना के तहत धनराशि, विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए सहायता और उपकरणों और स्कूलों में पुस्तकालय ढांचे को बढ़ाने के लिए धनराशि जारी करने के लिए बड़े फैसले किए हैं।

दिल्ली कैबिनेट ने लाडली योजना के तहत 100 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। इस योजना से स्कूल जाने वाली बालिकाओं को फायदा मिलता है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2008 में लागू की गई लाडली योजना का मकसद लड़कियों को शिक्षा के लिए बढ़ावा देना, उनकी ड्रॉप-आउट दर को कम करना और वित्तीय सुरक्षा मुहैया करना है।

कैबिनेट ने विभिन्न योजनाओं के तहत एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों से आने वाले छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के तहत 75.98 करोड़ रुपये जारी करने की भी मंजूरी दी। इन छात्रवृत्तियों में एससी/एसटी/अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए कक्षा 1 से 12 तक मिलने वाले प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट स्कॉलरशिप शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज आएंगे निगम उपचुनाव के नतीजे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के नतीजे बुधवार को आएंगे। उत्तरी व पूर्वी दिल्ली नगर निगम के पांच वार्डों रोहिणी सी, शालीमार बाग, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी व चौहान बांगर में गत रविवार को मतदान हुए थे। पूर्वी दिल्ली की तीनों सीटें आम आदमी पार्टी के पार्षदों के विधायक बनने के बाद खाली हुई थीं। वहीं, उत्तरी दिल्ली के रोहिणी सी वार्ड से बीएसपी के जयभगवान विजयी रहे थे, जो बाद में आप में शामिल हो गए। विधानसभा चुनाव में वह भी विधायक बन गए। सिर्फ शालीमार बाग उत्तरी वार्ड में भाजपा उम्मीदवार जीता था। दिल्ली की तीनों मुख्य पार्टियों भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। राजनीतिक दल इस चुनाव को वर्ष 2022 में होने वाले निगम चुनाव के सेमीफाइनल के रूप में देख रहे हैं। रोहिणी वार्ड के मतों की गणना सेक्टर 23 स्थित स्कूल आफ एक्सीलेंस में किया जाएगा वहीं शालीमार बाग वार्ड के मतों की गणना क्षेत्र के बीटी ब्लाक स्थित एमसीडी स्कूल में किया जाएगा।

### सामान्य से अधिक रहा दिल्ली में न्यूनतम तापमान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी और बताया कि अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। उन्होंने बताया कि हवा में आर्द्रता का स्तर 62 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक ने दिन में तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान लगाया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) सामान्य श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह आठ बजकर पांच मिनट पर एक्यूआई 175 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच सामान्य, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच अत्यंत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है। सोमवार को न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री की गिरावट के साथ 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### राजधानी में कोविड संक्रमण के 217 नए केस मिले

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पिछले चौबीस घंटे में कोविड-19 से किसी भी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई। इस बीच संक्रमण के 217 नए मरीजों की पुष्टि हुई। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में कुल मामले 6,39,681 पहुंच गए हैं जबकि नमूनों के संक्रमित आने की दर 0.44 प्रतिशत है। गत सोमवार को 66,624 नमूनों की जांच की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में 78 और मरीज संक्रमण से मुक्त हुए हैं।

# दक्षिण निगम में 31 मार्च तक माफी संग जमा करें संपत्तिकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 2 साल के हाउसटैक्स में ब्याज व जुर्माने से छूट

दक्षिणी निगम में अनाधिकृत कॉलोनियों के लिए लागू आम माफी योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च 2021 कर दिया गया है। संपत्ति करदाता को वर्ष 2019-20 व 2020-21 का भुगतान कर जमा कराना होगा जिसपर ब्याज और जुर्माने की शत प्रतिशत राशि माफ होगी।

महापौर अनामिका ने बताया कि जनता को राहत देने के लिए दक्षिणी निगम ने संपत्ति कर भुगतान के लिए दो माफी योजनाओं की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 मार्च 2021कर दी है। उन्होंने बताया कि आम माफी योजना के अंतर्गत उन संपत्ति कर करदाताओं की ब्याज और जुर्माने की शत-प्रतिशत राशि माफ हो जाएगी जो कुल बकाया कर राशि का भुगतान 31 मार्च तक कर देंगे। यह योजना सभी प्रकार की संपत्तियों पर लागू है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय पर संपत्तिकर अदा करें और जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

स्थाई समिति केअध्यक्ष राजदत्त गहलोत ने दूसरी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी निगम ने अनाधिकृत कॉलोनियों के लिए नई आम माफी योजना लागू थी जिसके अंतर्गत रिहायशी और व्यावसायिक संपत्ति धारकों को केवल दो साल (यानी 2019-20 और 2020-21) के लिए संपत्ति कर का भुगतान करना है। वर्ष 2004 से बकाया संपत्तिकर पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अनाधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को 31 मार्च 2021 तक संपत्तिकर का भुगतान करना होगा।

# गैस सिलेंडर के साथ कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा पूंजीपतियों के समर्थन में महंगाई प्रेमी बनी : चौ. अनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल के दामों में वृद्धि के विरोध प्रदेश कांग्रेस कार्यकार्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भाजपा पूंजीपतियों के समर्थन में मंहगाई प्रेमी बन गई है जबकि कांग्रेस शासन के दौरान भगवा पार्टी मंहगाई को डायन कहती थी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं में गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती मंहगाई के खिलाफ भाजपा मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय पर जमा हुए और वहां से भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़े। रास्ते में पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक दिया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में भाजपा, मंहगाई विरोधी नारे लिखी




भाजपा मुख्यालय पर रसोई गैस सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

तख्तियां लिए थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मोदी सरकार के संरक्षण में तेल कम्पनियां बेलगाम हो गई है। इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब करीब एक पखवाड़े से ज्यादा हो गए हैं।

रोजाना पेट्रोल, डीजल के दरों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले सवा महीने में गैस सिलेंडर के दाम 125 रुपये की वृद्धि के साथ प्रति सिलेंडर 819 रुपये का हो गया है। मोदी सरकार की उपलब्धि है कि एक महीने में चार बार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए है। कोरोना महामारी और आर्थिक तंगी झेल रहे दिल्ली वाले चौतरफा मंहगाई से त्राहिमाम कर रही है।

पार्टी नेता मुदित अग्रवाल ने कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब अगर पेट्रोलियम पदार्थों पर 20 से 30 पैसे भी बढ़ाये जाते थे तब भाजपा के वरिष्ठ नेता सड़कों पर उतरकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ मंहगाई को डायन बताते थे।

## बुजुर्गों ने ली टीके की पहली खुराक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोविड-19 के टीके की पहली खुराक लेने के एक दिन बाद 70 वर्षीय मुकेश सहगल ने दिल्ली के हार्ट एंड लंग इंस्टिट्यूट में जाकर टीका लगवाया और कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित किया।

सहगल ने अपने परिवार वालों को इसके बारे में नहीं बताया था और कोवैक्सीन की पहली खुराक लेने के बाद उन्होंने व्हाट्सऐप के जरिए उन्हें इसकी जानकारी दी। टीका लगवाने के बाद डेढ़ घंटे तक निगरानी में रखे गए सहगल ने कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है और वह राहत महसूस कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि उन्हें टीका लगवाने का प्रोत्साहन कहां से मिला, सहगल ने कहा, कल जब मोदीजी ने टीका लगवाया तो मुझे इससे प्रोत्साहन मिला और विश्वास बढ़ा। विजय नगर के निवासी सहगल से पूछा गया कि क्या उनकी पत्नी भी टीका लगवाने के लिए तैयार हैं, जिस पर उन्होंने कहा, एक पत्नी को विश्वास में लेना कठिन होता है।

# गाजीपुर फ्लाईओवर फिर हुआ बंद सिर्फ 3 घंटे वाहनों ने भरी रफ्तार



सुबह के समय गाजीपुर बॉर्डर यूपी गेट पर अपने गंतव्य को जाते वाहन चालक।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर फ्लाई ओवर 3 घंटे खोलने के बाद फिर बंद कर दिया। मंगवलार सुबह एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए बैरिकेड्स हटाए गए थे। इसके बाद करीब तीन घंटे तक दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाली लेन पर वाहनों का आवागमन रहा।

यातायात पुलिस ने भी एंबुलेंस के जाने के बाद अन्य वाहनों को नहीं रोका और वाहन गाजियाबाद जाने के लिए रफ्तार भरते रहे। वहीं, दोपहर में फ्लाईओवर की लेन बंद होने से वाहन चालकों को दिल्ली से गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलसार सुबह इस मार्ग का दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाला एक हिस्सा खोल दिया गया। मार्ग का दूसरा छोर अभी भी बंद है। मालूम हो दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा भड़कने के बाद से ही इस मार्ग को बंद कर दिया गया था।




मुख्यमंत्री आवास के निकट प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

# बढ़ते प्रदूषण के लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरकार की आबोहवा ठीक करने में रुचि नहीं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना का प्रदूषण कम होने की जगह बढ़ा है जिसके कारण लोगों में पेट व चर्म रोग बढ़ रहे हैं। यमुना में आज प्रतिदिन 4,400 मीलियन लीटर गंदा पानी गिर रहा है जिसकी रोकथाम के लिए केजरीवाल सरकार ने कुछ नहीं किया।

आदेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि दिल्ली में जल प्रदूषण के साथ-साथ वायु प्रदूषण की मार भी झेलनी पड़ रही है जिसके कारण यहां निवासियों में फेफड़ों व सांस संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। यह सब केजरीवाल सरकार की लापरवाही का नतीजा है जो झूठे प्रचार कर लोगों की आंखों में धूल झोंक रही है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी भी चुप नहीं बैठने वाली। एक मार्च को 183 मेट्रो स्टेशन पर हुए संपर्क अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के लगभग 25 लाख लोगों से मुलाकात की और केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर किया।

प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव बब्बर, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वासु रुखड़ और प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष कौशल मिश्रा उपस्थित थे।

## याचिका में चलताऊ भाषा की अनुमति नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने एक याचिका में टॉम, डिक और हैरी जैसे वाक्य का इस्तेमाल किए जाने पर नाराजगी जताई और कहा कि अदालती याचिकाओं में इस तरह की चलताऊ भाषा की अनुमति नहीं है। न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) से संबद्ध एक शिकायत करने वाली याचिका पर यह टिप्पणी की। उसने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अदालती खर्च की भरपाई करने का निर्देश नहीं दे रही है क्योंकि याचिकाकर्ता खुद उपस्थित हुआ है।

डीजेबी कार्यालय में तोड़फोड़ मामला

# निष्पक्ष जांच के लिए अदालत ने सीसीटीवी फुटेज जुटाने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में कथित तोड़फोड़ की सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्र करने तथा सच्चाई का पता लगाने के लिए निष्पक्ष तरीके से जांच करने दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया है।

अदालत का यह निर्देश दो सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आया है। एक सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एसएचओ के साथ पुलिस अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य द्वार की सुरक्षा करने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं जबकि दूसरे में दिख रहा है कि पुलिस अधिकारी भीड़ में शामिल किसी को भी मुख्य इमारत में प्रवेश करने से नहीं रोक रहे हैं।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के विधायक राघव चड्ढा की ओर से दायर याचिका पर अदालत ने सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

# नाबालिगों के मुआवजे पर आप सरकार तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली दंगा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए दो नाबालिगों के अभिभावकों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली की आप सरकार से जवाब मांगा है। जिसमें दंगा पीड़ितों की मदद संबंधी सहायता योजना को चुनौती दी गई है, क्योंकि यह नाबालिगों की मौत के लिए परिवार को पर्याप्त मुआवजा मुहैया नहीं कराती।

याचिकाकर्ताओं ने दंगों में मारे गए नाबालिगों के परिवारों के लिए पांच-पांच लाख रुपए अधिकतम मुआवजा और वयस्कों के परिवारों के लिए अधिकतम 10-10 लाख रुपए मुआवजा तय किए जाने को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने याचिका पर दिल्ली सरकार और सीलमपुर के उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया है। यह याचिका माकपा नेता वृंदा करात की ओर से दायर की गई है, जिन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा के इस प्रकार के कुछ पीड़ितों के लिए छात्रवृत्ति मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाई है।

अदालत ने प्राधिकारियों से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है और मामले को आगे की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया है।

याचिकाकर्ता राम सुगारत के 15 वर्षीय लड़के की मौत गोकुलपुरी इलाके में पिछले साल 26 फरवरी को आंसू गैस के गोले लगने के कारण हो गई थी और याचिकाकर्ता रिहाना खातून के 17 वर्षीय बेटे की मौत जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास 25 फरवरी, 2020 को सिर में गोली लगने के कारण हो गई थी। दोनों नाबालिग स्कूली छात्र थे और घटना के समय घर के लिए सामान लेने पास के बाजार गए थे।

# प्लास्टिक इकट्ठा कर गारबेज कैफे का लाभ उठा रहे लोग : मेयर

## 'बॉटल फॉर चेंज' हर महीने 7 सौ से आठ सौ किलो पहुंच रही बोतलें




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में नागरिकों का सहयोग मिल रहा है। करोल बाग क्षेत्र के करीब 35 गारबेज कैफे में हर सप्ताह 200 किलो व हर महीने लगभग 700 से 800 किलो प्लास्टिक की बोतलें पहुंच रही है।

नागरिक अपनी इच्छा से इस अभियान में हिस्सा ले रहे है और प्लास्टिक इकट्ठा कर इस अभियान का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने नागरिको से इस अभियान को और सफल बनाने और दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की। उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के अंतर्गत 'प्लास्टिक लाओ और खाना ले जाओ' व 'बॉटल फॉर चेंज' योजनाओं में नागरिकों की भागीदारी के मद्देनज़र पहाडगंज स्थित सीताराम छोले भटूरे व बीकानेर मिष्ठान का निरीक्षण किया।

### पूर्वी निगम ने कूड़े से बनाया 3 लाख किलो खाद

**नई दिल्ली।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में बेहतर स्थान पाने के लिए पूर्वी दिल्ली नगर निगम लगातार विभिन्न गतिविधियां कर रहा है। इसी कड़ी में उसने विकेंद्रित अपशिष्ट प्रबंधन पर अधिक जोर दे रहा है। गीले कूड़े को वार्ड में ही प्रोसेस करने के लिए उसने 9 कम्पोस्टर लगाए हैं। इससे बड़ी मात्रा में कूड़े को प्रोसेस कर खाद बना रहा है। साथ ही, तीन और कम्पोस्टर लगाए जाने की योजना है। पूर्वी निगम ने दावा किया कि जनवरी 2021 तक कुल करीब 22 लाख किलोग्राम कूड़े को प्रोसेस कर करीब 3 लाख किलोग्राम खाद बनाई जा चुकी है। कम्पोस्टर से बनने वाली खाद का इस्तेमाल अधिकतर निगम के पार्कों में किया जा रहा है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अनुसार अभी तक त्रिलोकपुरी, उस्मानपुर, खेड़ा गांव, सैनी एन्कलेव, प्रीत विहार, मयूर विहार, झिलमिल, त्रिलोकपुरी न्यू, सुंदर नगरी में कम्पोस्टर संतोषजनक रूप से कार्य कर रहे हैं।

# ट्रेड लाइसेंस के लिए 12 की जगह सिर्फ 4 कागज लगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरलीकृत ऑनलाइन ट्रेड लाइसेंस प्रणाली शुरु

उत्तरी दिल्ली नगर निगम में अब ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए अब 12 की जगह सिर्फ 4 कागज की आवश्यकता होगी। महापौर जय प्रकाश ने मंगलवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम की सरलीकृत ऑनलाइन सामान्य ट्रेड लाइसेंस प्रणाली का उद्घाटन कर इसकी शुरूआत की है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर के सत्य नारायण बंसल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जय प्रकाश ने बताया कि इस ऑनलाइन प्रक्रिया से लालफीताशाही खत्म होगी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के सपने को बढ़ावा मिलेगा। स्थायी समिति के सदस्य, छैल बिहारी गोस्वामी ने बताया नागरिक ऑनलाइन दस्तावेज जमा करें, ऑनलाइन शुल्क भरे और ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। उन्होंने कहा कि सामान्य ट्रेड लाइसेंस बनवाने हेतु आवेदनकर्ता को उत्तरी दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के बाद शुल्क जामा करने पर आवेदनकर्ता को लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा।

# आपके द्वार राम सेवक आए हैं...सुनते ही खुलते गए बंद द्वार

## मयूर कुंज की टोली ने मंदिर निर्माण को एकत्रित किए 147500 रुपये

## आसपास के क्षेत्रों में 2500 परिवारों तक पहुंचे राम सेवक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सोहना रोड स्थित मयूर कुंज क्षेत्र में राम मंदिर निर्माण को चंदा एकत्रित करते लोग।

**आपके** द्वार राम सेवक आए हैं। जब यह बात लोगों के कानों तक पहुंची तो लोग घरों से बाहर निकले और राम सेवकों का स्वागत करके उन्हें मान-सम्मान के साथ घर की दहलीज के भीतर बुलाया। श्रद्धालुओं ने उन्हें राम मंदिर निर्माण में सहयोग राशि देकर आस्था के इस समुद्र में अपनी ओर से आहुति दी। साथ ही श्रीराम के जयकारे भी लगाए गए।

यहां सोहना रोड स्थित मयूर कुंज सोसाइटी की टोली ने राम मंदिर निर्माण को निधि समर्पण अभियान के अंतिम पड़ाव में पूरे जोश-जुनून के साथ काम करना शुरू किया। शिक्षक वेद प्रकाश गौड़, अमन विस्तारक, ब्रोन्जेन ब्राइट वर्ल्ड स्कूल कृष्णा कुंज के संस्थापक कर्ण, निर्मल एनक्लेव से राजेश शर्मा, मयुर कुंज से राजू, प्रेम सागर, त्रिलोचन, पवित्रा, ब्रज, जीवानंद, सुजीत आदि इस अभियान में जुटे। पूरी शिद्दत से काम करते हुए उनकी टोली ने मयुर कुंज, मयुर कुंज भाग दो, विमल एनक्लेव, निर्मल एनक्लेव, शनि एनक्लेव, शिव कॉलोनी, भरत नगर, एकता एनक्लेव, मारुति कुंज मुख्य रास्ते की सभी दुकानों, कॉलोनियों के परिवारों से इस अभियान से जोड़ा और निधि एकत्रित की। क्षेत्र के करीब 2500 परिवारों को इस राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक अभियान से जोड़ा। मयूर कुंज टोली के इस अभियान के लिये किये गये कार्यों व समर्पण की मारुति कुंज नयागांव के लोगों ने प्रशंसा की।

शिक्षक वेद प्रकाश गौड़ के मुताबिक उनकी टोली का उद्देश्य भगवान श्रीराम अयोध्या मंदिर के निधि समर्पण कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना था। इस अभियान में टोली के प्रत्येक सदस्य ने अपना पूरा समय व सहयोग दिया। हर द्वार पर पहुंचकर टोली ने एक ही आवाज लगाई-आपके द्वार राम सेवक आए हैं। यह बात सुनकर हर किसी के दरवाजे राम भक्तों के स्वागत, सत्कार के लिए खुलते चले गए। टीम ने क्षेत्र से 1,47,500 रुपये एकत्रित किए। जिनमें से 1,32,500 रुपये आरएसएस के नगर कार्यवाह किशोर को सौंपे, वहीं बाकी 15 हजार रुपये नगर सह-कार्यवाह जगदीश नागपाल को सौंपे।

# जिले में भूमिगत जल स्तर की स्थिति सुधारने को चलेगा अभियान

## गुरुजल सोसायटी की टीम व नगर योजनाकार विभाग मिलकर चलाएंगे अभियान

**गुरुग्राम।** जिले में भूमिगत जल स्तर की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। अभियान उपायुक्त एवं गुरुजल सोसायटी के चेयरमैन डा. यश गर्ग के मार्ग दर्शन में गुरुजल सोसायटी की टीम द्वारा जिला नगर योजनाकार विभाग के साथ मिलकर चलाया जाएगा।

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि जिले में घटता भूमिगत जल स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। मानसून आने से पहले जरूरी है कि बारिश के पानी के संचयन तथा जल संरक्षण को लेकर पहले से कार्य योजना तैयार की जाए। उपायुक्त ने गुरुजल सोसायटी की टीम को निर्देश दिए हैं कि इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से एक्शन प्लान तैयार करें। वे जिला नगर योजनाकार विभाग के साथ मिलकर जिला में विभिन्न स्थानों पर लगे रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों को चालू हालत में होना सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान चलाएं। उपायुक्त के निर्देशों को अमलीजामा पहनाते हुए गुरूजल सोसायटी की टीम ने जिला नगर योजनाकार (प्लानिंग) संजीव कुमार तथा डीटीपी एन्फोर्समेंट आर एस भाट के साथ बैठक की है। इस बैठक में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों के मानदंड तथा इसे लेकर बनाए गए कानूनी मानदण्डों की पालना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों के स्टेट्स तथा इनकी फंक्शनेलिटी चैक करने के लिए इंफोर्समेंट ड्राईव चलाने की रूपरेखा तैयार की गई है। डीटीपी प्लानिंग ने गुरूजल की टीम को सुझाव दिया कि वे जिला में ऐसे क्षेत्रों की पहचान करें जहां पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसी प्रकार डीटीपी एन्फोर्समेंट ने भी सुझाव दिया है कि जल्द ही रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों की चेकिंग के लिए सघन अभियान चलाया जाए।

# तरणताल चलाने को फिर से लेनी होगी अनुमति

**गुरुग्राम।** जिन तरणतालों को वर्ष 2021 में 5 साल व 1 साल तक चलाने के लिए जो लाइसेंस जारी किए गए हैं, उन सभी तरणतालों को कोरोना महामारी की गाइडलाइंस के अनुसार फिर से अनुमति लेनी होगी। इसके लिए जिला खेल कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी ने देते हुए कहा कि इसके लिए 20 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोरोना महामारी के दिशा-निर्देशों को लेकर जिला उपायुक्त एवं जिला खेल परिषद के प्रधान के आदेशानुसार तरणताल चलाने को लेकर जारी किए गए दिशा-निर्देशों की पालना जरूरी है। खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी के मुताबिक इसके लिए समस्त तरणतालों के संचालकों के आदेश दिए जाते हैं कि वह अपने दस्तावेज नये या रिन्युअल लाइसेंस के लिए जिस तरह से आवेदन करते हैं, उसी तरह से खेल कार्यालय से आवेदन पत्र व गाइडलाइंस लें। अपने तरणताल पर सभी सेफ्टी उपकरण, पानी की टैस्ट रिपोर्ट के दस्तावेज फाइल के साथ 20 मार्च 2021 तक लगाकर आवेदन करें।

# रसोई गैस के बढ़े दाम मजदूर की जेब पर भारी

## महिलाओं को याद आने लगा लकड़ी से जलने वाला चूल्हा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रसोई** गैस की कीमत बढ़ने से गरीब और मजदूर वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ने लगा है। माध्यम वर्गीय परिवारों को ईंधन से चलने वाला चूल्हा याद आने लगा है।

दो दिन पहले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में आई बढ़ोतरी ने गरीब, मजदूर और मध्यवर्गीय परिवार का बजट हिला दिया है। ऐसे परिवार की महिलाएं अब इंधन से चलने वाले चूल्हे को फिर से जलाने की तैयारी में जुट गई हैं। घरेलू महिलाएं जंगल से लकड़ियां लाने की योजनाए बनाने लगी हैं। ताकि एक माह में खर्च होने वाले रसोई सिलेंडर को दो माह तक चलाया जा सके।

### क्या कहना है लोगों का



सुन्दरी।



प्यारेलाल।



हिमांशी।

**वार्ड-14** के निवासी प्यारेलाल ने बताया कि पिछले दो माह में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी होने से उनके परिवार का बजट बिगाड़ दिया है। लॉकडाउन के बाद से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के सदस्यों को रोजी-रोटी कमाने के लाले पड़े हुए हैं। दूसरा डीजल-पेट्रोल के बाद रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने से गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका लगा है। हिमांशी का कहना है कि लॉकडाउन के बाद मध्यमवर्गीय परिवार के सदस्यों को नौकरिया नहीं मिल रही हैं। दूसरा ऐसे में जीवन उपयोगी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से जेब पर भारी बोझ पड़ता है। रसोई गैस सिलेंडर अब गरीब से गरीब परिवार प्रतिदिन उपयोग नहीं कर सकता। दमदमा निवासी सुन्दरी का कहना है कि रसोई गैसे सिलेंडर अब मजदूर की एक दिन कमाई से भी अधिक कीमत का हो गया। मजदूर को आज के दौर में हर दिन काम नहीं रहा है। इसलिए मजदूर परिवार एक बार फिर लकड़ी से जलने वाले ईंधन वाले चूल्हे पर ही खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## सरकारी योजनाओं लाभ का आधार कार्ड व बैंक खाते के बिना नहीं : डॉ. चिनार

**सोहना।** सोहना एसडीएम डॉ. चिनार चहल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड और बैंक खाता होना बहुत जरूरी है। ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाएं। खंड के गांव रायपुर में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में ग्रामीणों के लिए आधार कार्ड व बैंक खाता खोलने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग से रेखा सोनी, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी आनंद सिंह, सीएम जीजीए से नयोनिका, स्कूल प्रभारी अनीता भंडारी आदि मौजद थीं।

# जिला कोर्ट परिसर में दो अधिवक्ता आपस में भिड़े

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** कोर्ट परिसर में दो अधिवक्ताओं के बीच आपस में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी यादराम के अनुसार गांव धामाका निवासी अधिवक्ता प्रदीप रावत ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मार्च सुबह दस बजे जब कोट परिसर में पहुंचा तो वहां पर अधिवक्ता वेदप्रकाश व दो अन्य व्यक्ति आ गए और फोटोकापी मशीन की तरफ पीड़ित को घेरकर मारपीट की।

अधिवक्ता वेदप्रकाश ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मार्च शाम चार बजे जब घर जाने के लिए पार्किंग से अपनी बाइक निकाल रहा था तो पहले से ताक लगाए बैठे अधिवक्ता प्रदीप रावत और उसके अन्य साथियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और जरूरी कागजात सहित पर्स से पांच हजार रुपये छीन लिए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 12 साल कारावास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** की एक अदालत ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को 12 साल कारावास की सजा सुनाई है। यह जघन्य अपराध उसे वर्ष 2016 में किया था। इस सजा की यहां अदालत में दिनभर चर्चा रही और लोग ऐसे आरोपियों को और कड़ी सजा देने के पक्षधर भी रहे।

बता दें कि 22 अप्रैल 2016 को जोउद्दीन नामक व्यक्ति पीड़ित बच्ची के घर पर मिस्त्री का काम कर रहा था। मात्र सात साल की बच्ची घर पर कमरे में अकेली सो रही थी। उसका पिता पशुओं को चारा खिलाने गया था। जब वह लौटा तो देखा कि बच्ची की कमरे के भीतर से चिल्लाने की आवाज आ रही थी।

कमरा खुलवाने पर देखा कि जोउद्दीन बच्ची के साथ संदिग्ध हालत में था। पिता की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची का मेडिकल कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चार्ज शीट पेश की। केस में पीड़ित बच्ची की तरफ से फरिश्ते ग्रुप की मुख्य सचिव एडवोकेट अंजू रावत नेगी ने पैरवी की। पीड़ित बच्ची व अन्य गवाहों के विश्वसनीय बयानों और सबूतों के आधार पर 26 फरवरी को दोषी जोउद्दीन को जिला व सत्र न्यायालय में न्यायाधीश भावना जैन ने दोषी करार दिया था।

मंगलवार दो मार्च को दोषी को 12 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 4 लाख रुपये का मुआवजा पीड़ित बच्ची को देने के आदेश अदालत ने दिए। जुर्माना न भरने पर दोषी को एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पीड़िता को केस में आने जाने व अन्य खर्च भी फरिश्ते ग्रुप ने वहन किया।

# घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में नौ नामजद

**पलवल।** घर में घुसकर परिवार पर लाठी-डंडा, ईंट-पत्थरों से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ नामजद व चार-पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी दीपक के अनुसार गांव दूधौला निवासी विकास ने शिकायत दर्ज कराई है कि 28 फरवरी शाम को गांव निवासी रणजीत का बेटा घर की तरफ मुंह करके बाथरूम करने लगा। पीड़ित की मां शीला ने विरोध किया तो गाली देने लगा। कुछ देर बाद दस-पंद्रह आदमी व औरतों ने लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर से घर में घुसकर हमला कर दिया। पीड़ित के घर का दरवाजा और घरेलू सामान तोड़ दिया। हमले के दौरान पीड़ित के पिता चंद्रपाल, मां शीला देवी, भाई हरिप्रकाश, अवदेश, भाभी रीना और पत्नी प्रियंका को चोटें आई। पीड़ित के परिवार का शोर सुनकर गांव के अन्य लोगों ने उन्हें बचाया। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसके परिवार पर हमला करने वाले गांव निवासी रणजीत, अजीत, कर्मवीर महेंद्र, सचिन, पूरण, सुमन, सपना, विवेक व उनके चार-पांच अन्य साथी थे जो कि जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गए।

# मेयर मधु आजाद ने जनता दरबार लगा सुनीं समस्याएं

## आमजन की शिकायतों में कोताही न बरतें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मेयर** मधु आजाद की मौजूदगी में वार्ड-15 में मंगलवार को जनता दरबार लगाया गया। इस मौके पर निगम पार्षद सीमा पाहुजा की मौजूदगी में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार व कार्यकारी अभियंता तुषार यादव सहित अन्य अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनी।

जन शिकायतों का मौके पर हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान करने की कार्रवाई तुरंत ही शुरू की गई। जिन शिकायतों का समाधान लम्बे समय में किया जाना है, उनके बारे में कार्रवाई शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मेयर मधु आजाद ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी शिकायतों के बारे में जानकारी लेकर उनका समाधान करने के उद्देश्य से जनता दरबार आयोजित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करवाएं। अगर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कोताही बरतता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दों एवं शिकायतों के समाधान में कोताही बिलकुल भी ना की जाए।

उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दी गई शिकायतों में से तुरंत हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान तुरंत ही किया जाएगा तथा जिन शिकायतों के समाधान में लम्बा समय लगना है, उस बारे में प्रक्रिया शुरू करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार वार्ड-15 में यह जनता दरबार लगाया गया है। इसमें मुख्य रूप से सड़कों से मिट्टी उठाने, ड्रेनेज एवं सीवरेज सफाई, सड़कों का पैच वर्क करवाने, अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति आदि से संबंधित शिकायतों का समाधान करने बारे अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वोत्तम माता स्पर्धा में वनीता, मीनू और रेखा विजेता



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम खंड अर्बन-2 का सर्कल व खंड स्तर पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार स्पर्धा का आयोजन किया। स्पर्धा में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। ब्लॉक के बाद खंड स्तर पर चुनी गई सर्वोत्तम माताओं को पुरस्कृत भी किया। पहले सर्कल स्तर पर हुई स्पर्धा में कादीपुर सर्कल में वनीता इस्लामपुर प्रथम, मीनू इस्लामपुर द्वितीय और मंजू फाजिलपुर तृतीय स्थान पर रही। खंड स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 18 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) सुनैना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने को प्रेरित किया। चूल्हा-चौका के साथ उन्हें सही खानपान की जानकारी भी दी। सीडीपीओ इंदु बाला ने सभी प्रतियोगी महिलाओं को स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान को अनेक स्कीमें संचालित की हैं। उनका लाभ अवश्य उठाएं। बाल विकास एवं परियोजना विभाग इसमें हर सहायता देने को संकल्पबद्ध है। महिलाओं, बच्चों से संबंधित योजनाओं को लेकर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में वनीता इस्लामपुर प्रथम, मीनू इस्लामपुर द्वितीय और रेखा सुखराली तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को क्रमश: 4000 रुपये, 3000 रुपये और 2000 रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए।

### शादी-समारोह से लौट रहे व्यक्ति से गन प्वॉइंट पर लूट

**पलवल।** रात के समय शादी-समारोह से वापस आ रहे व्यक्ति से बाइक सवार चार युवक गन प्वॉइंट पर हजारों रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच अधिकारी सुरेश कुमार के अनुसार पलवल निवासी अलाउद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई है कि 28 फरवरी शाम को वह दोस्त की बेटी की शादी में मुस्कान गार्डन में गया था। देर रात एक बजे लौटते समय कमेटी चौक के पास बाइक सवार चार युवकों ने रोककर मारपीट शुरू कर दी। दो युवकों ने पिस्टल निकाली और बट्ट से सिर पर हमला कर दिया। चारों युवक 20 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चार वर्षीय बेटी के साथ महिला रहस्यमयी परिस्थिति में लापता

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत 32 वर्षीय महिला चार वर्षीय बेटी के साथ रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी रामजीवन के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है की उसकी पत्नी चार वर्षीय बेटी को लेकर 28 फरवरी को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसे काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भूखा न रहे कोई अभियान के तहत जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री



**होडल।** अखिल भारतीय कोली समाज द्वारा भूखा रहे न कोई अभियान की शुरुआत की गई। आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन संस्था के प्रवक्ता, पूर्व पार्षद लखन लाल ने किया। मुख्य अतिथि चरण सिंह तेवतिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए चलाया गया यह अभियान एक पुनीत एवं मानवीय कार्य है। समाज के प्रत्येक साधन संपन्न व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए। मानव सेवा ही सभी धर्मों का मूल है और नर सेवा ही नारायण सेवा है। आज संस्था द्वारा 150 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री के पैकेट बांटे गए हैं। एक पैकेट में लगभग 15 किलो खाद्य सामग्री रखी गई है जिसमें उनके लिए आटा, चावल, तेल, दाल, चना और मसाले आदि शामिल हैं। लाभार्थियों में मुख्य रूप से बुजुर्ग, विधवा और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं शामिल हैं। संस्था के पास जितनी मात्रा में संसाधन उपलब्ध होंगे। उसी अनुपात में संस्था इसी प्रकार के मानवीय एवं पुनीत कार्य करती रहेगी। संस्था के होडल शहर प्रधान जगदीश मुनीम, प्रेम टेलर, प्रेमचंद महावर, शिवहरि ठेकेदार, रमेश चंद चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष और वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

### दिव्यांग बच्चों को दिया व्यवसायी प्रशिक्षण

**सोहना।** दिव्यांग बच्चों को रोजगारमुखी बनाने के लिए व्यवसायी प्रशिक्षण में अभिभावक व शिक्षकों को जागरूक किया। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल परिसर में दो दिवसीय शिविर में दिव्यांग बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन 15 शिक्षक और 25 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। जिसमें जिलेन्द्र सिंह व मौहम्मद रियाज ने प्रशिक्षण देने का काम किया। आरपीडब्ल्यूडी खंड केंद्र में स्थित अंजू, निधि, नेमीशरण, योगेश कुमार और कृष्ण यादव ने दिव्यांग बच्चों को समझाया। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने भी शिक्षक और अभिभावकों को संबोधित किया। दो दिवसीय परामर्श शिविर में आरपीडब्ल्यूडी कानून 2016 के तहत दिव्यांग बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं एवं अधिकारों के विषय में विस्तार से बताया। परामर्श के दौरान शिक्षक और अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। शिविर में टेली फिल्म से भी जागरूक किया गया।

# 10 करोड़ ग्राहकों ने हीरो मोटोकॉर्प में अपना भरोसा प्रदर्शित किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हीरो** मोटोकॉर्प ने हाल ही में 10 करोड़ संचयी उत्पादन करने की स्मारकीय उपलब्धि हासिल की, जिससे एक संगठन के रूप में इसका लचीलापन, दृढ़ता एवं धैर्य प्रदर्शित होता है। यह उपलब्धि दुनिया में सबसे तीव्र उपलब्धियों में से एक है और एक भारतीय ऑटोमोटिव कंपनी द्वारा प्राप्त की गई पहली उपलब्धि है। पहले पांच करोड़ का आंकड़ा छूने में कंपनी को 29 साल लगे, जबकि अगले पांच करोड़ तक पहुंचने में सात साल लगे।

कंपनी विभिन्न सेगमेंट्स में अपने ग्राहकों को विजेता उत्पाद प्रस्तुत करती है। देश में बिकने वाली हर दूसरी बाइक हीरो मोटोकॉर्प उत्पाद है; जिससे घरेलू मोटरसाइकिल बाजार में 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा मिलता है।



यह लोकप्रियता ग्राहकों के लिए हर सेगमेंट - एंट्री, डीलक्स और प्रीमियम में उत्पाद प्रस्तुति के चलते है। इस बड़ी उपलब्धि के बारे में नवीन चौहान, हेड ऑफ सेल्स एवं आफ्टर-सेल्स, हीरो मोटोकॉर्प ने कहा, यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सबसे बड़ा योगदान ग्राहकों ने दिया। हमें दुनिया का नंबर 1 टू-व्हीलर निर्माता बनाने के लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। इससे हमारे उत्पाद एवं हमारे सिद्धांत में ग्राहकों के विश्वास की पुष्टि होती है। हीरो मोटोकॉर्प दुनिया में लगातार 20 सालों तक बाइक एवं स्कूटर्स का सबसे बड़ा निर्माता रहा है। यह ब्रांड अगले 10 सालों में अगला 100 मिलियन का आंकड़ा छूने का लक्ष्य बना रहा है। नवीन चौहान ने कहा, ''पिछले दो दशकों में हमने सेल्स में निरंतर वृद्धि दर्ज की है जिससे हम लगातार 20 सालों तक दुनिया का सबसे बड़ा टू-व्हीलर निर्माता बने रहने की प्रतिष्ठा कायम रख सके। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ माइलेज के साथ अभिनव उत्पाद प्रस्तुत कर रहे हैं और अपने विस्तृत वितरण नेटवर्क के साथ देश के हर कोने में अपने ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं। अगले पांच सालों तक हर साल, हम 10 नए उत्पाद लॉन्च करेंगे, जिनमें अपग्रेड और वैरिएंट होंगे।

# पंचकुला में होडल जिले के नौ खिलाड़ियों ने किए मेडल हासिल

**होडल।** पंचकुला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 30वीं हरियाणा मास्टरज एथैलेटिक प्रतियोगिता में पलवल जिले के नौ खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर अपने जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, तीन ने कास्य और एक अध्यापक ने रजत पदक हासिल किया है।

प्रतियोगिता में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 20 से 24 मार्च तक छत्तीसगढ़ में होने वाली 42वीं अखिल भारतीय मास्टरज प्रतियोगिता के हुआ है। जानकारी देते हुए स्वर्ण पदक विजेता डॉ. शिवकुमार कुमार ने बताया कि पंचकुला में आयोजित एथैलेटिक प्रतियोगिता में उन्होंने आयु 55 से उपर में ऊंचीकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है, एचसी श्याम राज गदोरिया ने सौ व दो सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, पूर्व एएसआई भगत सिंह ने सौ व चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, सुरेश भाटी ने ट्रायल जंप में स्वर्ण पदक, मनाज कुमार ने लंबीकूद में स्वर्ण पदक हासिल किया है। एचसी बृजपाल ने जैवनिक थ्रो में कांस्य, एएसआई संजय कुमार ने डिस्कस थ्रो में कांस्य और सुरेश भाटी ने ट्रायल जंप में कास्य पदक हासिल किया है।

# भारत में जियो काईओएस के 10 करोड़ से ज्यादा यूजर्स को वीडियो स्टोरीज का अनुभव देने के लिए रिलायंस जियो और फायरवर्क ने मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रिलायंस** जियो ने भारत में अपने 10 करोड़ से ज्यादा काईओएस यूजर्स को वीडियो स्टोरीज का अनुभव देने के लिए फायरवर्क शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया है। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो ने दुनियाभर में 'स्टोरीज' फॉर्मेट की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए फायरवर्क की 'स्टोरीज' को काईओएस यूजर्स और जियो डेवलपर्स ग्रोथ पैड पर उपलब्ध कराया है।

अब फायरवर्क सभी जियो काईओएस फोन में उपलब्ध होगा। फायरवर्क को जियो ब्राउजर में भी इंटीग्रेट किया गया है। 2019 में भारत में अपनी लांचिंग के बाद से ही सिलिकॉन वैली की फायरवर्क तेजी से लोकप्रिय हो रही है और भारत में पब्लिशर्स एवं ब्रांड्स के लिए यह प्रेफर्ड पार्टनर के रूप में उभरी है। फायरवर्क का एसएएएस आधारित सिस्टम 'स्टोरीज' फॉर्मेट को आसानी से इंटीग्रेट करने का मौका देता है, जो अभी तक एप पर ही उपलब्ध हो पाता था। फायरवर्क के 'स्टोरीज' की मदद से किसी भी एप या ओपन वेब जैसे किसी भी प्लेटफॉर्म पर आसानी से 'स्टोरीज' फॉर्मेट शॉर्ट वीडियो इंटीग्रेट करना संभव होगा। इस सर्विस की मदद से भारत में पहले से ही कई अग्रणी पब्लिशर्स अपने यूजर्स को बेहतरीन शॉर्ट वीडियो कंटेंट उपलब्ध करा रहे हैं।

फायरवर्क इंडिया के सीईओ सुनील नायर ने कहा, 'जियो ने भारत में अपने काईओएस इकोसिस्टम के जरिये और फिर इन फोन के लिए बेहतरीन एप बनाते हुए कनेक्टेड यूजर्स की नई कैटेगरी तैयार की है। उनका फायरवर्क पब्लिशर्स को अपनाना शॉर्ट वीडियो नेटवर्क प्लेटफॉर्म के क्षेत्र में फायरवर्क की उत्कृष्टता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य कारोबारों एवं पब्लिशर्स को मजबूत करना और शॉर्ट वीडियो स्टोरीज फॉर्मेट के जरिये उनके प्लेटफॉर्म पर कंज्यूमर को आकर्षित करना है। काईओएस ने शॉर्ट वीडियो कैटेगरी में नए ऑडियंस के लिए दरवाजे खोले हैं और इस गठजोड़ से इस अवसर को भुनाने का मौका मिलेगा।'

# ऑनलाइन आवेदकों को सेंटरों पर नहीं मिल रही वैक्सीन

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में कोरोना वैक्सीन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे आवेदनकर्ताओं को यहां से वहां भटकना पड़ रहा है। ऐसा ही एक परिवार के साथ हुआ। एक बैंक के चीफ मैनेजर के पद से रिटायर्ड बुजुर्ग ने अपना, पत्नी और डायबिटिज के शिकार बेटे का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कराया था। लेकिन उनके आवेदन पर अंकित किए स्वास्थ्य केन्द्र में उन्हें वैक्सीन नहीं मिली।

ऐसे में वह एक अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तो उन्हें वहां से भी वैक्सीन न होने की बात कहकर लौटा दिया। ऐसे में परिवार के सदस्य इधर से उधर भटकते हुए परेशान हो गए। पीड़ितों का दर्द सोशल मीडिया पर आया तो डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामभगत ने उन्हें सिविल अस्पताल में जाकर वैक्सीन लगवाने को कहा।

## अगर आपको नहीं मिली वैक्सीन तो पहुंचें सरकारी अस्पताल

जानकारी के मुताबिक जिले में एक मार्च से 45 वर्ष से अधिक के बीमार और 60 वर्ष से ऊपर की उम्र के व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का काम शुरू किया गया है।



सिविल अस्पताल में वैक्सीन लगवाते हुए कर्मचारी

जिसके तहत देशभर में वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने को कहा जा रहा है। जिसमें आवेदनकर्ता को घर के निकट स्थित स्वास्थ्य केंद्र बताए जाते हैं, जहां जाकर वह अपनी वैक्सीन लगवा सकें, लेकिन आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन बताए जाने वाले सेंटरों पर वैक्सीन न होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है।

### स्वास्थ्य केंद्र से लौटाया

**शहर** में रहने वाले 63 वर्षीय संता कौल ने बताया कि उनके रिटायर्ड 70 वर्षीय पति चांद नारायण कौल और डायबिटिज रोगी 45 वर्षीय बेटे अजय कौल का वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें उन्हें यूपीएचसी मेवला महाराजपुर जाकर वैक्सीन लगवाने के लिए कहा गया था। जब वह मेवला महाराजपुर के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तो वहां से उन्हें वैक्सीन न होने की बात कह कर वापस लौटा दिया। जिस पर वह तिगांव पहुंचे तो वहां से भी उन्हें लौटना पड़ा।

### डॉक्टर बोले, सिविल अस्पताल जाएं

**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ. रामभगत को जब परिवार के सदस्यों के बारे में पता चला तो उन्होंने तीनों को सिविल अस्पताल में जाकर वैक्सीन लगवाने को कह दिया। इससे साफ है कि यदि किसी को वैक्सीन स्वास्थ्य केंद्र में न लगे तो वह बल्लभगढ़ और बीके सिविल अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने के लिए जा सकते हैं।

# डिप्टी सीएम के आगमन पर विपक्षी नेताओं को किया नजरबंद

## विधायक नीरज शर्मा जगजीत कौर पन्नू और जगन डागर हुए नजरबंद



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला के शहर में आगमन के दौरान पुलिस ने कुछ विपक्षी दलों के नेताओं को दिनभर नजरबंद करके अपने कब्जे में रखा। इनमें कांग्रेसी नेता जगन डागर ने कृषि कानूनों के विरोध में डिप्टी सीएम को काले झंडे दिखाने की तैयारी कर रखी थी।

वहीं उनके समर्थन में कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा डागर के घर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें भी घेर लिया। वहीं दूसरी तरफ इनेला की जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू को सुबह ही पुलिस बल ने उनके घर में नजरबंद कर दिया था। पन्नू और डागर के घर को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया था। डिप्टी सीएम के शहर से जाने के बाद ही इनके घरों से पुलिस पहरा हटाया गया।

### विधायक व कांग्रेसी नेता नजरबंद

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग लेने मंगलवार को फरीदाबाद आए हुए थे। किसान बिल को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध स्वरूप कांग्रेसी नेता जगन डागर ने उन्हें काले झंडे दिखने की तैयारी कर रखी थी। जिसको लेकर एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा भी उनके निवास पहुंच गए। इसकी भनक जैसे ही फरीदाबाद प्रशासन को लगी तो जगन डागर के घर को पुलिस ने घेर कर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। उनके घर न तो किसी को आने दिया जा रहा ना ही उन्हें घर से निकलने दिया जा रहा था। कई घंटे तक पुलिस उनके घर अंदर और बाहर जमी रही। एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि पुलिस का इस्तेमाल कर सरकार लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और विरोध जताने का अधिकार है। कांग्रेसी नेता जगन डागर की टीम ने घर में ही काले झण्डे लहरा कर नारेबाजी की। जगन डागर ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को जब तक भाजपा सरकार वापस नहीं लेगी तब तक वो ऐसे ही विरोध करते रहेंगे।

### इनेलो नेत्री नजरबंद

**इनेलो** की महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू के जवाहर कॉलोनी स्थित घर में सुबह भी भारी पुलिस बल पहुंच गया था। पन्नू ने बताया कि थाना पुलिस के साथ साथ मौके पर अपराध शाखा की टीम भी मौके पर मौजूद थी। काफी संख्या में पुलिस कर्मचारी घर के अंदर और बाहर तैनात किए गए थे। पन्नू ने बताया कि वे किसानों के समर्थन में पलवल जारी धरने में नियमित रूप से हिस्सा ले रही है। जिसकी वजह डिप्टी सीएम के आने पर उन्हें नजरबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार दमनकारी नीतियां अपना रही है।

# उद्योगों में हरियाणा निवासियों को दें आरक्षण : चौटाला



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फरीदाबाद के रेडिसन ब्लू होटल में शहर के उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जोर दिया कि में 50,000 तक की सैलरी वाले प्राइवेट जॉब्स में हरियाणा के लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कर दिया है।

मुलाकात के दौरान फरीदाबाद के कई उद्योगपतियों ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सामने अपने-अपनी अपनी चिंताए रखी। जहां कुछ ने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की गुहार लगायी। डिप्टी सीएम ने पहले सबकी बात सुनी फिर कहा कि कि हरियाणा में इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस मीटिंग के दौरान उद्योगपतियों के अलावा भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता और राजेश नागर भी मौजूद थे। एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया, केसी लखानी, जेपी मल्होत्रा, राजीव चावला, एचके बत्रा, अजय जुनेजा व अन्य उद्योगपति मौजूद रहे। उद्योगपतियों ने कहा कि केंद्र सरकार की तरह, हरियाणा सरकार को भी एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू करनी चाहिए। उद्योगपति ने उन्हें अपनी कई तरह की समस्याओं से अवगत कराया। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जोर दिया की हरियाणा में 50,000 तक की सैलरी वाले प्राइवेट जॉब्स में हरियाणा के लोगो के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कर दिया है।

# कोरोना : 19 केंद्रों पर लगी 1480 लोगों को वैक्सीन

## 12 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46508

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निजी व सरकारी अस्पतालों में 45 वर्ष से अधिक के रोगियों और 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को वैक्सीन लगानी शुरू कर दी है। जिसके तहत जिले में 19 निजी व सरकारी केन्द्रों पर दूसरे दिन कुल 1480 को वैक्सीन लगाई गई। वहीं दूसरी ओर जिले में मंगलवार को 12 पॉजिटिव सामने आए।

### वैक्सीन लगाई

**जिले** में दूसरे दिन 6 प्राईवेट और 13 सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन लगाई गई। जिसमें कुल 1480 लोगों को वैक्सीन लगी। जिसमें हेल्थ केयर वर्करों में पहली डोज निजी में दो को और सरकारी में 113 को लगी। दूसरी डोज 134 को निजी में और सरकारी में 181 को लगाई गई। प्रथम लाइन वर्करों में 28 को पहली डोज लगी। वहीं 45-60 से ऊपर प्रथम डोज निजी में 6 को और सरकारी में 50 लोगों को दी गई।

**12 पॉजिटिव, 7 ठीक :** मंगलवार को जिले में 12 पॉजिटिव सामने आए। जिसमें सेक्टर-16, सेक्टर-29, सेक्टर-23, सेक्टर-21, सेक्टर-31, बीपीटीपी से 1-1 मरीज है। वहीं सेक्टर-37, सेक्टर-15, येक्टर-12 से 2-2 मरीज शामिल है। वहीं दूसरी तरफ 7 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पहुंच गया है। मंगलवार को जिले में कोरोना के 1505 सैम्पल लिए गए।

### यह है कोविड-19 आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 542202 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46508 |
| अब तक नेगेटिव | : 494646 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1048 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 417 |
| अब तक ठीक | : 46025 |

## जीआरपी में दो को मिली पदोन्नति

**फरीदाबाद।** जीआरपी की एसपी संगीता कालिया ने फरीदाबाद जीआरपी के दो हवलदारों को थानेदार की प्रमोशन दी है। फरीदाबाद जीआरपी थाने में मिठाई बांटी गई। हवलदार नवल सिंह जीआरपी चौकी बल्लभगढ़ और ओमप्रकाश पलवल चौकी में तैनात हैं। दोनों अपने काम के प्रति कर्तव्यनिष्ठ थे और हमेशा ड्यूटी के लिए तैयार रहते थे। दोनों ने लॉकडाउन के समय में भी बेहतर कार्य किए। एसपी ने दोनों को एएसआई की पदोन्नति दी है। जीआरपी थाना प्रभारी सूरतपाल सिंह व बल्लभगढ़ चौकी इंचार्ज सोहनपाल सिंह ने दोनों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ईमानदारी से ड्यूटी करने के लिए कहा।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनएसयूआई** हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने ऑनलाइन परीक्षाएं न कराने के विरोध में प्रदेश के गैरजिम्मेदार मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर तथा शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का पुतला मैगपाई चौक पर फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इसी मांग को लेकर बीते शुक्रवार को छात्रों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा था लेकिन 3-4 बीत जाने के बाद भी छात्रों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि प्रदेश की तमाम यूनिवर्सिटियों द्वारा ऑफलाइन माध्यम से परीक्षाएं लेने का तुगलकी फरमान जारी किया गया हैं जिसको लेकर प्रदेशभर के छात्रों में भारी रोष हैं। छात्रों के रोष के बाद कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने तो अपना तुगलकी फरमान वापस ले लिया है और छात्रों को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम चुनने का फैसला दिया हैं लेकिन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को छोड़कर बाकी यूनिवर्सिटियां अभी भी ऑफलाइन माध्यम से परीक्षाएं लेने पर उतारू हैं और तो और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में तो 3 मार्च से रिअपीयर के तीसरे तथा पांचवें सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस मौके पर छात्रनेता विशाल वशिष्ठ, सतेंदर सिंह, दिनेश कटारिया, भारत तंवर, महेश शर्मा, शिवम शर्मा, राहुल रावत मौजूद थे।

# सौंदर्यीकरण को विद्यालय में लगाए पौधे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने विश्व चिंतन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न फूलों के पौधे रोप कर विद्यालय का सौंदर्यीकरण किया।

प्राचार्य, जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रभारी रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विश्व चिंतन सप्ताह में आधारभूत सिद्धांतों को यदि कोई भी जीवन में अमल में लाए तो ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा हो सकती है और देश की सेवा हो सकती है। स्वयं के प्रति अत्यधिक जागरुकता आज के चिंतन सप्ताह का मूल विषय है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन के तीन आधार-भूत सिद्धांत हैं पहला ईश्वर के प्रति कर्तव्य दूसरा दूसरों के प्रति कर्तव्य तथा तीसरा स्वयं के प्रति कर्तव्य। मंगलवार को स्वयं के प्रति कर्तव्य की दिशा में विद्यालय में सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न रंग बिरंगे पुष्पों के पौधे रोपे गए। ये सभी पौधे पूर्व छात्र पंकज ने उपलब्ध कराए। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा, अध्यापक संजय मिश्रा, अंशुल, रामकृपाल आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना कोतवाली पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली की आरोपी विशाल बटनदार चाकू लेकर हवाबाजी करता हुआ नीलम पुल के पास घूम रहा है। जिस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को बटनदार चाकू सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहंचान विशाल निवासी धीरज नगर थाना पल्ला फरीदाबाद के रुप में हुई है। आरोपी ने बताया कि आरोपी नशे का आदी है।

# ध्वनि प्रदूषण से सुनने की क्षमता हो रही कम, प्रतिदिन आ रहे 300 मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वर्ल्ड हियरिंग डे पर विशेष



डॉ. अनिल ठुकराल।

**सुनने** की क्षमता में लगातार आ रही कमजोरी से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 3 मार्च को वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है। शहर में मौजूद विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में इस समस्या के रोजाना करीब 300 मरीज सामने आते है। चिकित्सकों के अनुसार जो लोग अधिक समय तक तेज आवाज में संगीत सुनते हैं। शोर वाली जगहों पर काम करते हैं, उन्हें सुनने में परेशानी होती है।

ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों में सुनने की क्षमता कम होती जा रही है। कान में तेल डालना व बाहर से नुकीला सामान से कान साफ करना गलत है। ऐसा करने से कानों को नुकसान हो सकता है। इस बारे में क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल के वरिष्ठ ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल ठुकराल ने बताया कि उनके अस्पताल की ओपीडी में खासकर सुनने की समस्या से ग्रस्त 5-7 मरीज रोजाना आते हैं। इस प्रकार हर महीने तकरीबन 200 मरीज आ जाते हैं। कुछ बच्चों में जन्म से ही सुनने की समस्या होती है जिसकी वजह से उन्हें अक्सर सुनने व बोलने में दिक्कतें आती हैं। बुजुर्ग लोगों में उम्र के कारण सुनने की समस्या आती है। वहीं फैक्ट्रियों में मशीनों द्वारा होने वाली तेज आवाज के कारण वहां काम करने वाले कर्मचारियों को भी अक्सर सुनने की समस्या हो जाती है क्योंकि इस दौरान कई जगहों पर कर्मचारी अपने कानों के बचाव के लिए किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल नहीं करते हैं। इसके अलावा चोट लगने के कारण कान का पर्दा फट जाने, शुगर की बीमारी के कारण भी सुनने की समस्या हो जाती है।

### समस्या से बचाव के उपाय

**डॉ. अनिल** ने कहा कि सुनने में परेशानी होने पर कानों की जांच अवश्य कराएं। तेज शोर करने वाली फैक्टरियों में काम करने वाले लोगों को समय-समय पर अपने सुनने की क्षमता की जांच कराते रहना चाहिए। 2 साल तक के छोटे बच्चों में कॉकलियर इंप्लांट की मदद से सुनने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। बुजुर्ग लोगों में सुनने की क्षमता बढ़ाने के लिए डिजिटल हियरिंग एड्ज उपलब्ध हैं जिनकी मदद से काफी साफ सुनाई देता हैं। नवजात शुशुओं में शंका होने पर बेरा टेस्ट से सुनने की क्षमता की जांच कराएं।

## कर्मचारियों के बकाया वेतन पर जताई कड़ी नाराजगी

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दर्जनों विभागों के कर्मचारियों के 2 से लेकर 6 महीने तक बकाया वेतन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीध्र भुगतान की मांग की है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव सतीश सेठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि टूरिज्म निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन स्वास्थ्य, मेवात माडल स्कूलों आदि दर्जनों विभागों के हजारों कर्मचारियों को 2 से लेकर 6 महीने तक वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण यह कर्मचारी एवं उनके परिजन भूखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि टूरिज्म निगम के पर्यटन स्थलों पर कोरोना योद्धा कहें जाने वाले मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ रुका हुआ है। इनके खाने-पीने, रहने आदि के करीब 35 करोड़ के बिलों का भुगतान सरकार ने नहीं किया है।

# किसान लें सरकारी सेवाओं का लाभ : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से किसानों को सुव्यवस्थित वैज्ञानिक एवं उन्नत तरीकों से खेती करने बारे समय-समय पर मदद दी जाती है। उपायुक्त ने जिला के सभी संबंधित किसानों का आवाहन किया है कि वे पूर्णतया जागरूक रहकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सेवाओं को हासिल करके अपनी फसलों की अच्छी पैदावार लेकर लाभान्वित हो।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में कृषि उपनिदेशक का कार्यालय लघु सचिवालय, सेक्टर-12 की छठी मंजिल पर स्थित है। इसके अलावा उप मंडल एवं खंड कृषि अधिकारी और कृषि विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के संबंधित किसानों को विकास की योजनाओं के संबंध में अवगत कराने के साथ-साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी देते हैं। विभाग द्वारा किसानों को दी जाने वाली सेवाओं में उन्नत किस्म के बीजों का वितरण, रसायनिक उर्वरक एवं खाद वितरण, खरपतवार नाशक एवं कीटनाशक वितरण आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इन वस्तुओं को संबंधित एवं अधिकृत थोक और खुदरा व्यापारियों को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से किया जाता है। दलहन सूक्ष्म सिंचाई जल प्रबंधन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन गेहूं सूक्ष्म सिंचाई गन्ने जैसी वाणिज्यिक फसल का उत्तम बीज वितरण तथा दलहन बीज वितरण सेवा भी विभाग द्वारा बेहतर ढंग से प्रदान की जाती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का पढ़ाया पाठ





**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ द्वारा वेबीनार पाठशाला में सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग विषय पर जानकारी दी गई। भारतीय एथलेटिक महासंघ के महासचिव रविंदर चौधरी, अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला और प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. ललित के भनोट द्वारा जिला स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय एथलेटिक महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान की जमीनी स्तर पर दूरगामी सोच है कि राज्य के प्रत्येक जिले में ज्यादा से ज्यादा तकनीकी अधिकारी तैयार हों और नये प्रतिभागियों को निखारने का कार्य करें। भारतीय एथलेटिक महासंघ के वेबीनार पाठशाला के को-आर्डिनेटर दीपक सभी प्रतिभागियों को बारीक से बारीक जानकारी पहुंचाने का कार्य शिद्दत से कर रहे हैं। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ के मुख्य कोच राधाकृषनन डैवलपिंग एन हेल्थी डाइट पर अपना ज्ञान दे रहे हैं। डॉक्टर अरुण कुमार दत्ता ने एंटी डोपिंग विषय पर अपना ज्ञान साझा किया और स्टेराइड के साइड इफैक्ट पर भी पूरी जानकारी सभी प्रतिभागियों को प्रदान कीं। अनबर्सु सुब्रहमयंम ने प्लानिंग ए सीजन (पीरियोडिसेशन) का ज्ञान वेबीनार पाठशाला द्वारा सभी तकनीकी प्रतिभागियों को दिया। डॉक्टर सतपाल यादव के द्वारा इंटरोडेक्शन आफ बायोमैकेनिक्स पर ज्ञान दिया जा रहा है। कोच डॉ. जयप्रकाश बुकर इंटरोडेक्शन फीजियोलोजी पर अपने विचार साझा कर रहे हैं। कोच नटराजन के द्वारा फंडामेंटल आफ रनिंग पर जानकारी दी जा रही है।

## लापता लड़की को अलीगढ़ से किया बरामद

**फरीदाबाद।** थाना एसजीएम नगर प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए घर से नाराज होकर निकली 12 वर्षीय लड़की को बरामद करने में सफलता हासिल की है। 28 फरवरी को लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 12 वर्षीय बेटी 26 फरवरी से लापता है। उन्होंने लड़की को आसपास के क्षेत्र में ढूंढने की बहुत कोशिश की परंतु लड़की का कोई सुराग उन्हें नहीं लगा। उन्होंने बताया कि लड़की की माता की मृत्यु हो चुकी है और उसके पिता मजदूरी का काम करते हैं। लड़की की दादी ने किसी बात को लेकर लड़की को डांट दिया था जिसकी वजह से वह नाराज होकर कहीं चली गई। लड़की के परिजनों की शिकायत पर थाना एसजीएम नगर में मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस को सूचना मिली की लड़की अपने मामा के घर अलीगढ़ गई हुई है। कार्रवाई करते हुए एएसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में प्रधान सिपाही राज और महिला प्रधान सिपाही कविता ने एक मार्च की शाम लड़की को अलीगढ़ से सकुशल बरामद करके फरीदाबाद लाया गया और कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद लड़की को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया। लड़की के परिजनों ने अपनी बेटी को वापस पाकर पुलिस टीम ने किए सराहनीय कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया। पुलिस आयुक्त ने टीम द्वारा किए सराहनीय कार्य से खुश होकर उन्हें प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

## जल्दी अमीर बनने की चाहत ने पहुंचाया दो को जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मबीर की टीम ने अवैध गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए आरोपियों में आरोपी राजू और वीरेंद्र का नाम शामिल है। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 5 किलो 162 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसे मोटरसाइकिल सहित पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना छांयसा क्षेत्र में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी मादक पदार्थ बेचने का काम करते हैं जो थोड़ी देर में बल्लभगढ़ की तरफ से गांजा लेकर अटाली गांव की तरफ आने वाले हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अटाली चौक पर नाकाबंदी करके दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल पर गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जल्दी अमीर बनना चाहते थे और इसी चक्कर में अवैध नशे का धंधा करने लग गए थे। आरोपी किसी अनजान व्यक्ति से अवैध गांजा लेकर आते थे और नोएडा में ले जाकर बेच देते थे। आरोपी राजू उर्फ राजकुमार पुत्र जयप्रकाश उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद के सेक्टर 23 में रह रहा था। आरोपी वीरेंद्र उर्फ भूरा पुत्र रामचंद्र उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रहने वाला है जो फिलहाल सेक्टर 23 की मच्छी मार्केट में रह रहा था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## सखी सेंटर में हुई घरेलू हिंसा पर गोष्ठी



**फरीदाबाद।** जिला सिविल अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर, फरीदाबाद में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-सप्ताह के अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा पर महिला गोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ जिला संरक्षण अधिकारी हेमा कौशिक, सीएमजीए रूपाला सक्सेना, एसएचओ महिला थाना, एनआईटी गीता, अधिवक्ता नीना शर्मा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद आरसी गोला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शकुन्तला रखेजा व मीनाक्षी, केंद्र प्रशासिका, वन स्टॉप सेंटर, फरीदाबाद मीनू आदि के आलावा आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथि गणों ने आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर को महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा रोकने बाबत उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के फायदों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य सभी अतिथि गणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं को दी जाने वाली सभी सुविधायों के बारे में बताया गया।

## कार्यशाला में छात्रों ने सीखे यूटूबर बने के गुर

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग ने तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यूटूबर एवं वीडियो ब्लॉगर कैसे बने आदि विषयों से संबंधित जानकारी देना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता दिनेश कुमार थे। जिन्होंने यूटूबर एवं वीडियो ब्लॉगर में अंतर स्पष्ट करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई। जिनमें टिप्स एवं ट्रिक्स, कॉपीराइट से कैसे बचा जाए, स्ट्राइक से कैसे अपने यूट्यूब चैनल को बचाए, एडिटिंग के लिए कौन सा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करे आदि की जानकारी प्रदान की। साथ ही जाने माने यूटुबेरस की जिंदगी से भी रूबरू कराया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने बताया की ऐसी कार्यशाला आदि बेहद जरूरी है पत्रकारिता के छात्रों के लिए एवं सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म पर अपनी पहचान बनाना मीडिया स्टूडेंट्स की एक अहम् जरूरत है। जिससे उनके क्रिएटिव व्यक्तित्व का विकास होता है। यह सारा कार्यक्रम विभागाध्यक्ष रचना कसाना की देख रेख में किया गया। उन्होंने मुख्य अथिति को धन्यवाद देते हुए कार्यशाला का समापन किया।

## कोरोना से मुकाबला
### प्रधानमंत्री ने लगवाया टीका

**भारत** में कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। इसका प्रारम्भ प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट मंत्रियों के टीकाकरण से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेतृत्व प्रदान करने के बाद सोमवार को अनेक प्रख्यात राजनेताओं ने देश में कोविड-रोधी टीका लगवाया। इससे टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ है और पूरे भारत से सफल अभियान की खबरें आई हैं। दूसरे चरण के पहले दिन टीके का पहला इंजेक्शन लगवाने वाले प्रमुख लोगों में उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा केन्द्रीय मंत्रियों में अमित शाह, जितेन्द्र सिंह, एस. जयशंकर व सोम प्रकाश शामिल हैं। इसके साथ ही राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व रांकापा अध्यक्ष शरद पवार ने टीकाकरण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कोवैक्सिन का पहला टीका लगवाया। हल्के फुल्के अंदाज़ में सहज लग रहे प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगाने वाली नर्सों से पूछा कि क्या उन्होंने 'किसी खास मोटी सुई' का प्रयोग करने की योजना बनाई है क्योंकि माना जाता है कि राजनेताओं की 'चमड़ी बहुत मोटी होती है।' इस चरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व 45 वर्ष से अधिक आयु वाले अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग टीका लगवाने के लिए सक्षम हैं। देश में टीकाकरण के दूसरे चरण में 10 करोड़ लोगों को शामिल किया




जाएगा। अब तक देश में दो प्राथमिकता समूहों-स्वास्थ्यरक्षा व फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं में 1.45 करोड़ लोगों ने पहले चरण में कोवीशील्ड व कोवैक्सिन के टीके लगवाए हैं।

दूसरे चरण का टीकाकरण ऐसे समय हो रहा है जब भारत में कोविड के सक्रिय मामलों पर प्रभावी नियंत्रण है। हालांकि, आठ राज्य-केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश चिन्ता का कारण बने हुए हैं क्योंकि यहां पिछले दो सप्ताह से रोज मामले बढ़ने की खबरें आ रही हैं। भारत में कोविड-19 रोगियों की संख्या सोमवार को 11 मिलियन पहुंच गई तथा पिछले 24 घंटे में 15,510 मामले सामने आए। रविवार को कुल 106 लोगों के मरने की खबर आई थी जिससे कुल मौतों की संख्या 1.57 लाख से अधिक हो गई है। वर्तमान समय में सक्रिय मामलों की संख्या 1,68,627 है। यह स्तर जनवरी समाप्त होने के समय था और इससे संकेत मिलता है कि कोविड पर काफी समय नियंत्रण के बाद अब इसका संक्रमण पुनः फैल रहा है। महीनों तक घरों के अंदर बंद रहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग व स्वच्छता मानकों का कठोरता से पालन करने के बाद कोरोना रोगियों की संख्या पर नियंत्रण लगा था, पर अचानक वैश्विक महामारी का फिर प्रसार हो रहा है और यह काबू के बाहर जा सकती है। शायद कामकाज पर वापस लौटने की जल्दबाजी या मामले घटने की खबरों ने सुरक्षा का गलत भाव पैदा किया है। इससे बहुत से भारतीय पुनः संकट में फंसे हैं, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। यदि हम अब सावधानी नहीं बरतते हैं तो भारत अपनी विशाल जनसंख्या के कारण फिर वायरस के शिकंजे में फंस जाएगा और उससे बाहर निकलना लगभग असंभव हो सकता है।

# पाक से रिश्तों में सावधानी आवश्यक

**गंभीर संकटों का सामना करने के कारण पाकिस्तान ने भारत के प्रति थोड़ी नरमी दिखाई है। लेकिन उसे थोड़ी राहत मिलते ही समझौता केवल कागज का टुकड़ा रह जाएगा।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**पा**किस्तान को भारतीय दृष्टिकोण से समझने के मामले में भारतीयों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए। इसी के साथ ही हमें इस तथ्य का स्वागत भी करना चाहिए कि पाकिस्तान ने हमारे साथ जारी वर्तमान टकराव को समाप्त करने तथा 2003 के युद्धविराम समझौते का पालन करने का फैसला किया है। लेकिन संबंधों में सावधानी बरतना जरूरी है। इसका कारण कुछ भारतीयों व विशेषज्ञ प्रेक्षकों की यह समझ है कि कश्मीर पर सालों से इस्लामाबाद द्वारा जहर उगलने की प्रक्रिया उसके द्वारा 1971 की प्रतिक्रिया है जब वह दो भागों में टूट गया था। वास्तव में पराजय का गुस्सा भूलते ही पाकिस्तानियों को एक प्रकार से राहत मिल जाएगी। पाकिस्तानी बंगालियों को निन्दाजनक ढंग से 'काले बौने लोग' कहते हैं जो उनकी जनसंख्या का बहुसंख्य हिस्सा थे। पाकिस्तानियों को लगेगा कि अब इस बोझ से मुक्ति मिल गई है।

कवि मुहम्मद इकबाल मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता भी थे। उन्होंने 1930 में प्रयागराज-तत्कालीन इलाहाबाद, में पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद अलग मुस्लिम देश की पैरवी की थी जिसमें केवल उत्तर-पश्चिमी प्रांत शामिल थे। उन्होंने इसके एक हिस्से के रूप में बंगाल का कोई उल्लेख नहीं किया था। बड़ा पाकिस्तान एम.ए.जिन्ना की सोच का नतीजा था जिन्होंने इसमें 6 प्रांत शामिल करने का सपना देखा था। इनमें से चार पश्चिम में तथा दो पूरब में थे और असम इसमें शामिल था। हालांकि, 1939 के बाद कई साल तक असम के प्रमुख रहे मुस्लिम लीग के उनके साथ मुहम्मद साद अली ने लगभग यहां तक कह दिया था कि आदिवासी हिंदू नहीं, बल्कि पशु पूजक हैं। यह जनसंख्या में हिंदुओं का प्रतिशत कम दिखाने तथा निर्णय का समय आने पर असम को पाकिस्तान में शामिल करने की चाल थी। लेकिन जिन्ना को सिल्हट जिले के अलावा असम का और कुछ नहीं मिला क्योंकि लंदन से भेजे गए वकील सर सिरिल रेडक्लिफ ने बंगाल व पंजाब का विभाजन कर दिया था। जिन्ना को ऐसा देश मिलने से बहुत निराशा हुई थी जिसे वह 'कीड़ा लगा पाकिस्तान' कहते थे।

इस तथ्य पर जोर दिया जाना चाहिए कि जिन्ना किसी पाकिस्तानी का प्रतिनिधित्व नहीं करते थे। वे केवल गुजराती बोलने वाले खोजा व मैमन जैसे बिजनेसमैनों का प्रतिनिधित्व करते थे जो भारतीय बिजनेस समुदायों से प्रतियोगिता से मुक्ति पा कर नए देश में जाकर जल्दी से अमीर बनना चाहते थे। वहां उनको केवल पंजाबी व सिंधी किसानों से मुकाबला करना था। हालांकि, जिन्ना ने उन मुसलमानों के लिए भी शानदार पैरवी की थी जो आधे-अधूरे मन से एक अलग देश चाहते थे। वास्तव में जिन्ना इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहते थे। सौभाग्य से वे पाकिस्तान बनने के 13 महीने के भीतर मर गए।

इसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश और बिहार से गए मुसलमानों के लिए मुहाजिर शब्द प्रचलित हो गया। मुहाजिरों ने जल्द ही स्वयं को न केवल पाकिस्तान में अवांछित पाया, बल्कि नए बने मुस्लिम देश में नस्ली दुश्मनी का निशाना बन गए। पाकिस्तान बनने के चार साल के भीतर उत्तर प्रदेश से गए जिन्ना के सहायक लियाकत अली खान की हत्या हो गई। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाबियों का प्रभुत्व है जो देश की जनसंख्या का दो-तिहाई हैं। वे देश को एकजुट रखने के लिए कश्मीर पर कब्जा चाहते हैं ताकि बाकी सभी चीजों पर उनका प्रभुत्व बना रहे, लेकिन यह वर्तमान समय में विवाद का विषय बन गया है। वे भारत को पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट समझते हैं और इस प्रकार देश की संरक्षक के रूप में सेना को अपरिहार्य बनाना उचित ठहराते हैं।

> **हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था।**

हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। जैसे ही पाकिस्तानी शासकों को इन संकटों से थोड़ी राहत मिल जाएगी, वर्तमान समझौता उनके लिए केवल कागज का टुकड़ा बन कर रह जाएगा। पाकिस्तान द्वारा दृष्टिकोण में नरमी का एक कारण उसके शासकों की यह समझ है कि चीन भारत, ताइवान या दक्षिण चीन सागर के मामले में ज्यादा आ क्रामकता दिखा रहा है और अमेरिका ने इस पर कठोर प्रतिक्रिया की है, भले ही यह फिलहाल केवल शाब्दिक ही क्यों न हो। बीजिंग ने भी शायद इसी कारण लद्दाख में जाड़ों में टकराव को टाला है। वह यहां वसंत तक प्रतीक्षा कर सकता था।

उस स्थिति में वह रणनीतिक रूप से लाभदायक बिंदुओं पर कब्जे का प्रयास कर सकता था, कुछ अन्य रियायतें पाने की कोशिश कर सकता था तथा खतरा बढ़ा कर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भारतीय सेनाओं को परेशान कर सकता था। इसी प्रकार इस्लामाबाद नई दिल्ली के प्रति अपना दृष्टिकोण उस समय तक नरम रखना चाहता है, जब तक चीन फिर आ क्रामकता न दिखाने लगे या उसका अमेरिका के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो जाए। यदि ऐसा न हो तो भी शायद पाकिस्तानी शासक परिस्थितियां बदलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं क्योंकि अल्लाह की मेहरबानी में उनका अटूट विश्वास है। हमें इसकी तुलना एक विचारशील हिंदू के दृष्टिकोण से नहीं करनी चाहिए।

एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था। बाजवा को शायद यह सलाह भी मिली होगी कि संसाधनों से समृद्ध बलूच प्रांत पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में बड़ी सीमा तक सहायक हो सकता है। लेकिन इन संसाधनों का लाभ उठाने के लिए समुचित समय, शांति और संपूर्ण नियंत्रण की जरूरत है। यह संभावना दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन यदि इस्लामाबाद कुछ बड़े कदम नहीं उठाता है तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चलाना असंभव हो जाएगा। चीनी कर्जों पर निर्भर रह कर धीरे-धीरे पाकिस्तान बीजिंग का संरक्षित देश बन कर रह जाएगा जिसकी शुरुआत चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से हो चुकी है।

# दांव पर है कई राजनीतिक दलों की किस्मत

> **पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के भविष्य को दीर्घकालीन रूप से आकार देने वाले साबित होंगे।**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



**पांच** राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव, जिनमें से तीन दक्षिण में हैं, अधिकांश क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के राजनीतिक भविष्य को बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। चुनाव तीन राष्ट्रीय पार्टियों, कांग्रेस, भाजपा और वाम दलों के लिए और क्षेत्रीय दलों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में दक्षिण में अपनी एकमात्र पदवी खो दी। पुडुचेरी के उदाहरण का हवाला देकर, कांग्रेस के विरोधी चुनावों से आगे दिखाना चाहते हैं कि पार्टी अपने विधायकों को एक साथ रखने में सक्षम नहीं होगी, भले ही उन्हें वोट दिया गया हो। दक्षिणी राज्य क्षेत्रीय दलों के हाथों में चले गए हैं क्योंकि लोगों ने कांग्रेस में विश्वास खो दिया है जो एक समय में दक्षिण में लगभग सभी राज्यों को नियंत्रित करता था। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र प्रदेश में टीडीपी और तमिलनाडु (तमिलनाडु) में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन ने भाजपा को दक्षिण में अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की थी। कांग्रेस को केरल में मुस्लिम लीग की तरह द्रमुक, जनता दल (एस) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के गठबंधन सहयोगियों में सहयोगी मिल गया है।

क्षेत्रीय दलों के पास मजबूत नेता हैं जो अपने व्यक्तित्व के साथ मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र में टीडीपी और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, टीएन में अन्नाद्रमुक और द्रमुक हैं जो इसके उदाहरण हैं। अन्नाद्रमुक को छोड़कर, ये सभी दल अनिवार्य रूप से गौड़ा, नायडू और राव के पारिवारिक जागीर हैं। द्रमुक, जनता दल-एस, टीआरएस और तेदेपा जैसी कुछ पार्टियां पहले ही दूसरी पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर चुकी हैं। इन क्षेत्रीय क्षत्रपों की आभा से मेल खाने के लिए न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने नेताओं को आगे लाने



में सफलता पाई है। वामपंथियों के लिए, इसकी विचारधारा वर्तमान पीढ़ी के लिए कोई प्रासंगिकता नहीं है। भाजपा के मूल एजेंडे में दक्षिण का कोई आकर्षण नहीं है और कांग्रेस अपनी विचारधारा को लेकर अस्पष्ट है। बहरहाल, भाजपा आगामी चुनावों में दक्षिणी राज्यों में अपने पंख फैलाने की कोशिश कर रही है। पुडुचेरी में नवीनतम टॉपिंग गेम से पता चलता है कि कांग्रेस और द्रमुक के बागी दो मंत्रियों सहित भाजपा में शामिल हो गए हैं।

भाजपा केवल दक्षिण में कर्नाटक पर कब्जा कर सकती थी। यह कई कारणों से है, जिसमें मजबूत स्थानीय नेताओं की अनुपस्थिति शामिल है। साथ ही, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी के रूप में भी माना जाता है और फिर यह भी तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण में अपील अपेक्षाकृत सीमित है और उनका आकर्षण क्षेत्रीय क्षत्रपों को नहीं हरा सकता है। भाजपा प्रत्येक चुनाव, यहां तक कि पंचायत चुनाव को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानती है, जितना कि लोकसभा चुनाव। इसलिए, उन्होंने कई राज्यों में अपनी जीत पर मुहर लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें भाजपा के आधार का विस्तार करना, मोदी को कर्ता के रूप में पेश करना और अन्य दलों के नेताओं को लुभाना शामिल है। द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से ही कब्जा कर रखा था जब 1967 में द्रमुक ने कांग्रेस से तमिलनाडु की सत्ता छीन ली थी। तब से, कांग्रेस ने एक द्रविड़ पार्टी या दूसरे के साथ गठबंधन किया है। 2016 में अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद बीजेपी ने राज्य पर शासन करने का आरोप लगाया है। द्रमुक और और अन्नाद्रमुक के बीच टीएन विकल्प, और अब द्रमुक की बारी है।

केरल वामपंथी दलों के नियंत्रण वाला एकमात्र राज्य है और यह भी माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच वैकल्पिक है, और इस समय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे की बारी है। आरएसएस ने केरल में बहुत काम किया है और हालांकि भाजपा ने 1998 से अपने वोट शेयर को दोगुना कर दिया है, इसके लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। 2016 में केरल में भाजपा के टिकट पर अपने पहले विधायक चुने जाने के बाद, पार्टी एक साथ गठबंधन करके एक उचित ताकत बनने की कोशिश कर रही है। लेकिन यह अभी भी दो अन्य राष्ट्रीय दलों की पकड़ को तोड़ने से कुछ दूर है और 2019 के लोकसभा चुनावों में खाता खोलने में विफल रहा। दक्षिण को जीतने के लिए, तीन राष्ट्रीय दलों को 15 क्षेत्रीय दलों की ताकत का सामना करना होगा या उनसे जुड़ना होगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, असम में एजीपी, एआईएडीएमके और तमिलनाडु में द्रमुक और पुडुचेरी में एनआर कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए ये चुनाव एक करो या मरो की लड़ाई होगी। असम, केरल, पुडुचेरी, और तमिलनाडु में जीत कांग्रेस की किस्मत को बहाल करेगी। माकपा को केरल में अपने मैदान की रक्षा करनी है। भाजपा सभी पांच राज्यों में सुधार के साथ चमक जाएगी।

## आप की बात

### भरोसेमंद टीका

**देश** के प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने एम्स में कोरोना टीका लगाकर सारे भारत वासियों को भरोसेमंद टीके का संदेश दे दिया। विगत समय टीकाकरण में पूर्वाग्रह से ग्रसित राजनीति में नेताओ मंत्रियों को इन वैज्ञानिकों की सौगात में राजनीति का खेल नजर आता है। अब तो उन नेता लोगो को बे हिचक कोरोना का वैक्सीन लगवाना चाहिए। जो किसी समय कोरोना वैक्सीन को भाजपा , कांग्रेस की वैक्सीन का नाम देकर भरोसा नही करके। नही लगवाने के लिए बयानबाजी कट रहे थे। वैसे हमारे राज नेताओ को अच्छे और देश की सेहत और कोरोना मुक्त अभियान में एकजुटता से आगे आना चाहिए। न कि तर्क कुतर्क करना चाहिए। कोरोना टीका कोई राजनीतिक दल का नही होता बल्कि जनता जनार्दन और आम नागरिकों की सेहत और स्वास्थ्य को सही रखने के लिए हमारे वैज्ञानिकों का योगदान होता है। कम समय मे जनता जनार्दन के बीच कोरोना के खात्मे के अनुकरणीय सफल प्रयास के लिए हमारी सरकार और वैज्ञानिक , और मेडिकल साइंस साधुवाद की पात्र है। और सबसे राहत भरी खबर ये है भारत मे टीके की न्यूतम राशी हर निजी अस्पतालों के लिए हम सभी के लिए संजीवनी। का काम करेगी।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### केरल में भाजपा

**पश्चिम** बंगाल की तरह केरल में भी भाजपा की राजनीतिक पेंठ के लिए छटपटाहट नजर आ रही है। तृणमुल के बिखरते पत्ते भाजपा में जमा होते जा रहे हैं तो केरल में भी भाजपा के हाथ बटेर लगी है। मेट्रो मैन श्रीधरन का भाजपा में शामिल होना सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हालांकि इसका वास्तविक लाभ तो चुनाव परिणामों के बाद ही सामने आएगा क्योंकि राजनीति में हर बार प्रयोग सफल हो यह जरूरी नहीं होता। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक कवायद शुरू हो गई है। राजनीतिक पार्टियों नें सत्ता की तलाश में सत्तारूढ़ दलों में सेंधमारी की है तो प्रतिष्ठितों को भी अपनी नैया का खेवनहार बनाया है। पश्चिम बंगाल में ममता से द्रोह जारी है। कई बड़े दिग्गज भाजपा का दामन थाम चुके हैं जो निश्चित तौर पर राजनीति अनुमानों को गड़बड़ा सकते हैं। उधर केरल में भाजपा ने टेक्नोक्रेट श्रीधरन को सारथी बनाकर महासंग्राम जीतने का ख्वाब संजोया है। निश्चित तौर पर श्रीधरन किसी परिचय के मोहताज नहीं है और केरल में भी खासा वर्चस्व न केवल बुद्धिजीवियों में वरन आम जनमानस में भी रखते हैं।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


### पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखें

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी मप्र के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मों की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे, क्योकि सौंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने,स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वछता का कार्य जागरूकता से करना होगा। ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





**कुल** मिलाकर दिल्ली में 192 अस्पताल तैयार हो चुके हैं जिनमें 136 निजी और 56 सरकार द्वारा संचालित अस्पताल हैं।

– **सत्येन्द्र जैन**
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री

**अमेरिका** में कर्मचारी इस पर मतदान कर रहे हैं कि कार्यस्थल पर यूनियन बनाई जाए या नहीं। ये अच्छा विकल्प है जिसे नियोक्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए।

–**जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नोएडा के जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विकसित किए जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# राजनीतिक मुकदमे वापसी को लेकर सत्ता व विपक्ष में तीखी नोक-झोंक

● विधानसभा की कार्यवाही सपा ने वेल में आकर किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा में मंगलवार को राजनीतिक मुकदमों को वापस लिए जाने के मसले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोंक हुई और सपा ने वेल में आकर हंगामा किया। जहां सत्ता पक्ष का आरोप था कि पिछली सरकार में आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिए गए तो विपक्ष ने भी सरकार पर आरोप लगाए कि इस सरकार में भी दंगा कराने वालों के ऊपर से मुकदमें वापस लिए गए हैं। इस हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही करीब 20 मिनट के लिए बाधित रही।

मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बसपा के सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने सवाल किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से जुलाई 2020 तक राज्य सरकार द्वारा किन-किन व्यक्तियों के मुकदमें वापस लिए गए। इनमें से कितने मुकदमें राजनैतिक श्रेणी के हैं? इस पर सरकार की तरफसे जवाब देते हुए न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2017 से 20 जुलाई 2020 तक 670 मुकदमें वापस लिये जाने की संस्तुति जनहित में की गयी है। यह मुकदमें सामान्यत: राजनेताओं एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं से संबंधित है। भारतीय दण्ड संहिता एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत राजनीतिक श्रेणी के मुकदमों को परिभाषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार और पिछली सपा की सरकार में काफी अंतर है। यह सरकार दलगत भावना के आधार पर काम नहीं करती है। हमारी सरकार ने केवल राजनीतिक मुकदमों को वापस लेने का काम किया है जबकि पिछली सरकार में आतंकवादियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया गया। विधि एवं न्याय मंत्री के इतना कहते ही सपा सदस्यों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गयी। विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित ने सपा सदस्यों से अपने स्थान पर जाने के लिए कहा लेकिन सपा के सदस्य कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। शोर शराबे और हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चैधरी ने कहा कि बसपा सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने जो सवाल किया उसका उत्तर न देकर सदन को गुमराह किया जा रहा है। बसपा विधानमंडल दल के नेता लालजी वर्मा ने रामगोबिन्द चौधरी की बात से सहमति जताते हुए कहा कि यहां इस सरकार के कामकाज की बात हो रही है पिछली सरकार की नहीं। इसलिए सदन में जो सवाल पूछा गया है उसका ही उत्तर दिया जाना चाहिए।

बृजेश पाठक ने कहा कि इस सरकार में एक प्रक्रिया के तहत ही मुकदमों की वापसी हुई है जबकि पिछली सरकार में वाराणसी, बिजनौर, गोरखपुर और लखनऊ में आतंकवाद से जुड़े अपराधियों के मुकदमें वापस लेने काम किया गया। इस पर सदन मे शोरशराबा एक बार फ्रि बढ़ गया और दोनों तरफसे एक दूसरे के खिलाफजमकर आरोप लगाए गए। इस हंगामें के बीच प्रश्नकाल का समय समाप्त हो गया और नियम 300 के तहत सूचनाएं ली गई।



## महंगाई पर कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर सपा ने किया वाकआउट

**लखनऊ।** विधान सभा में कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर मंहगाई पर चर्चा करते हुए विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार जनविरोधी, बेरोजगार विरोधी है और इस सरकार ने जनता पर टैक्स के रूप में करों का बोझ लादकर कारपोरेट घराने की जेब भरने का काम किया है। मंहगाई के मुद्दे पर सदन से समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वाकआउट किया। सरकार ने इस पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय बाजार के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल के दाम तय होते हैं इसमें राज्य सरकार की भूमिका नहीं होती है। नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता दिन-प्रतिदिन की बढ़ती मंहगाई से त्रस्त है और उसके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने संकट खड़ा हो रहा है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, दवाईयों के दाम विगत चार वर्षो में कई-कई गुना बढ़ गए है। मैन्यूफैक्चरिंग प्रोडक्ट के दाम सबसे अधिक बढ़ाए गए है। लखनऊ में मई 2020 में रसोई गैस का मूल्य 589 रूपए था जो फरवरी, 2021 में 807 रुपए हो गया है। 1 मार्च को पुन: 25 रूपये बढ़ाने से यह 832 रूपये का हो गया है। अब सब्सिडी भी लोगों के खाते में बहुत कम आ रही है जिनके खाते में आती है तो 38-40 रूपये आती है। रसोई गैस के दाम अलग-अलग शहरों में अलग-अलग हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बलिया में तो 900 रूपए का सिलेण्डर हो गया है। विगत 10 माह में रसोई गैस के दाम 243 रूपए बढ़ गए है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पेट्रोल और डीजल के रेट प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। डीजल पेट्रोल की मंहगाई का प्रभाव किसानों की सिंचाई, जोताई, परिवहन पर पड़ रहा है। परिवहन भाड़ा बढ़ने से वस्तुएं मंहगी हो रही है यात्रा किराया मंहगा हो रहा है। जनता में त्राहि-त्राहि मची है परन्तु सरकार जनता को राहत देने के लिए अपना टैक्स कम नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार पेट्रोल पर 18 रूपये 74 पैसे अर्थात् 19 रूपये और डीजल पर 10 रूपये 41 पैसे कर वसूली है केन्द्र सरकार 32.98 रूपये टैक्स ले रही है। केन्द्र, राज्य का टैक्स और डीलर कमीशन मिलाकर डीजल पर 46 रूपये और पेट्रोल पर 56 रूपये जनता से वसूले जाते है। दवाईयों के मूल्य लगभग तीन गुणा बढ़ गये है। साधारण व्यक्ति अपना ईलाज भी ठीक से नहीं करा पा रहा है। बढ़ती मंहगाई से जनता आक्रोशित है जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि जनता कंगाल होती जा रही है और पूंजीपति मालामाल होते जा रहे हैं। यह सरकार इसी नीति पर काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने रोटी कपड़ा और मकान फिल्म के एक गीत की लाईनें सुनाकर सरकार पर कटाक्ष किया। नेता प्रतिपक्ष के आरोप के बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस सरकार का हमेशा यही प्रयास रहता है कि किसी भी प्रकार से जनता पर मंहगाई का बोझ न पड़ने पाए और उसी के अनुरूप सरकार अपनी नीतियों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस महामारी में भी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं पर सबसे अधिक रूपए खर्च किए और अगले वित्तीय वर्ष के लिए सबसे बड़ा बजट लेकर आई है। सरकार ने गंभीर रोगों का इलाज सस्ता किया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्काल लाने की नीति और नियत के अनुसार ही काम किया है। 2017 में बसों का किराया प्रति किलोमीटर 95 पैसे था जिसमें पिछले साल मात्र दस पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है और आज बस का किराया प्रति किलोमीटर एक रूपए पांच पैसे है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पास उप्र की सारी गलत सूचनाओं की जानकारी इस समय यूपी की जनता के बीच इस सरकार को लेकर जो अवधारणा बनी हुई है उसी का नतीजा है कि उप चुनाव में बीजेपी को 6 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि इस सरकार में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है अगले साल चुनाव में जनता इसका जवाब आपको देगी और गरीब और किसान विरोधी इस सरकार का हम विरोध करते हैं। यह कहते हुए समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## ग्रीष्म कालीन अवकाश में करेंगे शिक्षकों का ग्रामीण से नगरों में समायोजन

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने विधान सभा में कहा है कि जल्द ही बेसिक शिक्षकों की सेवा नियमावली में जल्द बदलाव किया जाएगा। ग्रामीण व नगर काडर को खत्म किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ मंथन किया जा रहा है। इसके बाद शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। सदन जब अगली बार बैठेगा तब तक यह नियमावली कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षकों का समायोजन ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान किया जाएगा। प्रश्नकाल में बसपा विधानमंडल दल के नेता लालजी वर्मा ने सवाल किया था कि प्रदेश के नगर शिक्षा क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में विगत कई वर्षा से प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों की नियुक्ति न होने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर राज्य सरकार शिक्षकों की नियुक्ति कब तक करेगी। इस पर बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चन्द्र दिवेदी ने बताया कि नगर क्षेत्र में सहायक अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक के पद रिक्त हैं किन्तु प्रदेश के नगर क्षेत्र में संचालित 4490 प्राथमिक विद्यालयों में 546157 नामांकित छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 9467 शिक्षक एवं 3843 शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों से शिक्षण कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि जल्द ही बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती का काम किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ग्रामीण से शहरी और शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानातंरण को लेकर एक नई नीति जल्द सरकार घोषित करने जा रही है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में एसटी के रिक्त 1133 पर जल्द होगी भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कार्यस्थगन** के प्रस्ताव पर बहुजन समाज पार्टी के लाल जी वर्मा ने परिक्षाओं में अनुसूचित जनजाति के लोगों को आरक्षण का लाभ न दिए जाने का आरोप सरकार पर लगाया और इसके जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने कभी अनुसूचित जनजाति के लोगों का अहित नहीं किया है और शिक्षकों के जो पद रिक्त रह गए हैं उन्हें शीघ्र भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में अनुसूचित जनजाति कोटे के 1133 खाली पदों पर जल्द भर्ती करेगी। इसके लिए कार्मिक विभाग से राय ली जाएगी। बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्राथमिक स्कूलों में 69000 शिक्षकों की भर्ती के दौरान अनुसूचित जनजाति वर्ग के ये पद खाली रह गए हैं। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक स्कूलों में 69000 पदों पर सहायक अध्यपकों के लिए आवेदन लिए गए। इनमें से अनारक्षित वर्ग में 34519, अन्य पिछड़ा वर्ग 18598, अनुसूचित जाति 14456 और अनुसूचित जनजाति के 245 भरे गए। अनुसूचित जनजाति कोटे के 1133 पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए कार्मिक विभाग से राय ली जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षक भर्ती में 1200 संशोधन का मामला आया था। इसे मुख्यालय मंगाकर परीक्षण कराया गया। पात्रता की श्रेणी में जो भी आते थे उन्हें नौकरी दी गई है। ऐसे कुछ मामलों में न्याय विभाग से राय मांगी गई है। कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर ही कांग्रेस ने बीती 4 फ्रवरी को प्रयागराज के यमुनापार इलाके में घूरपूर में पुलिस और निषाद समाज के बीच हुई मार-पीट का मामला उठाते हुए पीड़ित लोगों को मुआवजा दिए जाने की मांग की जिसे संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने अग्रहाय कर दिया। सदन में मंगलवार को बजट पर चर्चा जारी रही।

# हाईकोर्ट ने लगाई पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर रोक

गिरधारी एनकाउंटर मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**गिरधारी** विश्वकर्मा उर्फ कन्हैया उर्फ डाक्टर के कथित एनकाउंटर मामले में पुलिसवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। बीते 25 फरवरी को सीजेएम ने यह आदेश जारी किया था। उन्होंने आजमगढ़ के वकील सर्वजीत यादव की अर्जी पर थाना हजरतगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने का आदेश दिया था। पीठ ने इस आदेश पर रोक लगाते हुए सर्वजीत को भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दाखिल एक रिवीजन याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि सीजेएम का आदेश विधि विरूद्ध है और रद्द करने योग्य है। तर्क दिया गया कि पुलिस ने इस प्रकरण में पहले ही दो एफआईआर दर्ज की है। ऐसे में तीसरी एफआईआर की कोई आवश्यकता नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट की नजीरों का हवाला देकर कहा गया कि एफआईआर का आदेश देते समय सीजेएम के सामने अभियोजन संस्तुति का आदेश नहीं था। जबकि पुलिस अधिकारियों द्वारा जो भी अपराध कथित रूप से बताया जा रहा है, वह सरकारी कार्य के दौरान का है। यह भी तर्क दिया गया कि घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। वादी सर्वजीत सिंह की मोबाइल की लोकेशन अन्यत्र मिली है।

# मण्डी संशोधन बिल पर विधान परिषद में हंगामा, सपा का वाकआउट

**लखनऊ।** विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधान परिषद में मण्डी संशोधन अधिनियम को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सपा सहित विपक्षी सदस्यों ने सरकार को घेरते हुये मण्डी की उपयोगिता को कम करने का आरोप लगाते हुये वेल में आकर नारेबाजी की और फ्रि सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने वाकआउट करके अपना विरोध जताया।

शून्यकाल के दौरान सपा के अहमद हसन, जितेन्द्र यादव, महफुजुर्रहमान उर्फ महफूज खां, राकेश यादव एवं अन्य सदस्यों ने उत्तर प्रदेश कृषि मण्डी संसोधन अधिनियम 2018 के द्वारा संसोधन पर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा करने की मांग की। सपा का आरोप था कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार मण्डियों की उपयोगिता को कम करना चाहती है। सूचना की ग्राहय्ता पर सपा के संजय लाठर, रामू वालिया एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किये। नेता सदन एवं मंत्री सूर्य प्रताप साही ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के जवाब से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने पहले वेल में आकर नारेबाजी की और फिर सदन का वाकआउट किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु के निर्देश दिये। इससे पहले सुबह ग्यारह बजे सदन की कार्रवाई शुरू हुई। सपा के परवेज अली ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिर्वसिटी के छात्र मो अशरफअली की विगत 23 फ्रवरी को शमसाद मार्केट से लापता होने की सूचना दी। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने इसे यह कहते हुये अग्राहय किया कि यह प्रकरण सुसंगत नहीं है। निर्दलीय समूह के राज बहादुर सिंह चन्देल ने किसान सेवा सहकारी समिति रूरा कानपुर देहात में क्रय किये गये धान के भुगतान के संबंध में मामला उठाया। बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने बदायू के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अध्यापकों एवं कर्मचारियों का जातिगत आधार पर उत्पीड़न किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार ने कार्यवाही करा दी गई है। कांग्रेस के दीपक सिंह ने प्रदेश के युवाओं और शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दीपक सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए वाराणसी को विवेचना में दोषी पाये जाने पर शासन द्वारा कार्यवाही कराये जाने के संबंध में सूचना दी। जिस पर शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को तीन माह में कार्यवाही पूर्ण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। शून्यकाल के दौरान सपा के नरेश चन्द्र उत्तम, आशुतोष सिन्हा, आनन्द भदौरिया, लाल बिहारी यादव एवं अन्य सदस्यों ने शिक्षामित्रों को समान कार्य के लिये समान वेतन का सिद्धान्त प्रतिपादित किये जाने के संबंध में सूचना दी। बेसिक शिक्षा मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

## उच्च सदन में अटका उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण विधेयक 2021, प्रवर समिति को सौंपा गया

● सपा सदस्यों के भारी विरोध के बीच ध्वनि मत से पारित हुआ लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में बीते सोमवार को पारित कराया गया उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण विधेयक 2021 मंगलवार को विधान परिषद में अटक गया। सभापति ने इस विधेयक को प्रवर समिति को संदर्भित कर दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के भारी विरोध के बावजूद लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया। राज्य सरकार के इन विधेयकों के विरोध में सपा सदस्यों के भारी हंगामे और वेल में आ जाने की वजह से भोजन अवकाश के बाद विधान परिषद की कार्यवाही सुचारू ढंग से नहीं चल सकी और सदन बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपराह्न 3:45 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रमुख सचिव विधान परिषद ने विधान सभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 और उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण (संशोधन) विधेयक 2021 को सदन की मेज पर रखा। इसके बाद कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों से सदन की मेज पर रखे गए विधायकों का पुरजोर विरोध किया। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण (संशोधन) विधेयक 2021 के पास होने से पुलिस की मनमानी बढ़ेगी और न्याय नहीं हो सकेगा। पहले थाने की पुलिस गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करती थी, जिसकी निगरानी डीएम के पास होती थी लेकिन अब पुलिस ही गुंडा एक्ट की कार्रवाई करेगी और पुलिस कमिश्नर ही इसकी जांच करेगा। ऐसे में न्याय कहां होगा। सपा सदस्यों ने इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की। जिसे देखते हुए सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने इस विधेयक को सदन की प्रवर समिति को संदर्भित किया। वहीं उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयकए 2021 को विचारोंपरांत ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सपा सदस्यों ने इस पर भी वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया। भारी शोर.शराबे के कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही 4:30 बजे 15 मिनट के स्थगित कर दी। 15 मिनट बाद सदन की कार्यवाही अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। पुन: शोर.शराबा जारी रहा जिस पर अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सदन की कार्यवाही 3 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयकए 2021 दोनों सदनों में पारित हो जाने के बाद अब धरना प्रदर्शन के दौरान सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों से जुर्माना वसूलने का रास्ता साफकर दिया गया है। धरना प्रदर्शन के दौरान उग्र प्रदर्शन में सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाने की पुष्टि होने पर 5000 से एक लाख रुपए तक जुर्माना भरना पड़ेगा।

# भाजपा राज में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपटः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट है। नौजवानों के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया है। रोजगार उनके पास नहीं है, न हीं नौकरियां हैं। मंहगाई चरम पर है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। कानून व्यवस्था नियंत्रण के बाहर है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा के पास विकास और प्रदेश की खुशहाली का कोई विजन नहीं है, उसके पास सिर्फटेली विजन है। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने कृषि सुधार के नाम पर तीन काले कानून लाकर एमएसपी खत्म कर दी। बिचौलिये खुद मुनाफे के लिए काम करते हैं वो किसान को मुनाफा नहीं दे सकते हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार ने मंडियां बनाई थी, भाजपा सरकार ने मण्डी, एमएसपी दोनों को खत्म कर किसान को बाजार के भरोसे छोड़ दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि हम गरीबों के लिए जो घर सोलर सहित बना रहे थे वहां किसी को बिजली का बिल नहीं देना था। समाजवादियों ने काम किया और नारा दिया था काम बोलता है। भाजपा राजनीति को विपरीत दिशा पर ले जा रही है और हमारे नारे काम बोलता ह को भी नकल कर लिया गया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने अपने ऊपर लगे गम्भीर मुकदमें खुद वापस ले लिए लेकिन गरीबों पर मुकदमें लगाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पर 10 हजार मुकदमें लगे हैं। सरकार को किसी की परवाह नहीं। भाजपाई संविधान और कानून से प्रदेश नहीं चलाना चाहते हैं। यहां ठोक दो चलता है जिसमें कौन किसको ठोक दे पता नहीं चलता है। जेल में लोग मार दिए जाते है। कोई बोलेगा तो उसकी आवाज दबाने के लिए ईडी सीबीआई लगाने लगेंगे। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं। हाथरस में परिवार वाले अपने सामने बेटी का दाह संस्कार करना चाहते थे पर रामराज लाने वालों ने यह नहीं होने दिया।

# सीएसएमयू में शिक्षकों के 38 पद सृजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा के निर्देशों के क्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में संचालित नियमित विभागों अंग्रेजी, शिक्षा प्रशिक्षण विभाग, एमबीए विभाग, जीव विज्ञान विभाग एवं प्रौढ़ सतत एवं शिक्षा प्रसार विभाग में यूजीसी के मानक के अनुसार प्रोफेसर के 1 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 5 पद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 18 पद अर्थात कुल 24 पदों का सृजन किया गया है। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।। इसके साथ ही 2 नए नियमित विभागों में विधि विभाग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग (बीएससी एवं एमएससी) के लिए प्रोफेसर के 1-1, एसोसिएट प्रोफेसर के 2-2 पद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की 4-4 पद अर्थात कुल 14 अतिरिक्त शैक्षिक पद भी सृजित किए गए हैं।

# अयोध्या के लिए अगले साल हवाई मार्ग खुलने के आसार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## एयरपोर्ट के लिए सरकार ने दी तीन अरब 21 करोड़ 99 लाख की स्वीकृति



**अब** वह दिन दूर नहीं, जब देश-दुनिया के लोग प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या में सीधे हवाई मार्ग से आ और जा सकेंगे। हाल ही में केंद्र सरकार ने अयोध्या एयरपोर्ट के लिए ढाई सौ करोड़ जारी किए, तो राज्य सरकार ने भी एयरपोर्ट की अतिरिक्त भूमि खरीदने के लिए तीन अरब 21 करोड़ 99 लाख 50 हजार सात सौ 20 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। अयोध्या में एयरपोर्ट निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और उम्मीद है कि अगले साल के शुरूआत में हवाई सेवाओं की शुरूआत भी हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या के लिए 555.66 एकड़ अतिरिक्त भूमि खरीदने के लिए राज्य सरकार ने कुल 1001 करोड़ 77 लाख की धनराशि की स्वीकृति दी है। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष 2020-21 में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए सौ करोड़ की धनराशि का अलग से प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की ओर से भूमि खरीदने के लिए अब तक 9,47.91 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। हवाई अड्डे के विकास के लिए अब तक एएआई को 377 एकड़ भूमि उपलब्ध भी कराई जा चुकी है।

**आरसीएस स्कीम में अयोध्या-हिण्डन एयररूट चयनित:** सत्ता में आने के बाद सीएम योगी ने अयोध्या के चहुंमुखी विकास के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी थी। उन्होंने अयोध्या की अंतरराष्ट्रीय स्तर की एयर कनेक्टिविटी के लिए एयरपोर्ट सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए थे। केंद्र सरकार ने भी चार अक्तूबर 2018 में अयोध्या हवाई पट्टी को आरसीएस स्कीम के तहत अयोध्या-हिण्डन एयररूट के लिए चयनित किया था।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने की घोषणा:** सीएम योगी ने छह नवम्बर 2018 को अयोध्या स्थित हवाई पट्टी को बड़े विमानों के लिए विकसित करनेए उपयुक्त रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कराने की घोषणा की थी। सीएम की ओर से अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट विकसित करने के उद्देश्य से घोषणा में परिवर्तन करते हुए कोड-ई बी 777-300 प्रकार के विमानों के लिए एअरपोर्ट का विकास करने का निर्णय लिया गया।

**कांग्रेस और सपा सरकार ने हवाई पट्टी के लिए किया था एमओयू:** अयोध्या स्थित राजकीय हवाई पट्टी से नागरिक वायु सेवाओं के संचालन के लिए राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के बीच 24 फरवरी 2014 को एमओयू हुआ था। उस समय केंद्र में कांग्रेस और प्रदेश में सपा सरकार थी और हवाई पट्टी का सम्पूर्ण क्षेत्रफल 177 एकड़ और रनवे आकार लम्बाई और चौड़ाई 1500 मीटर गुणा 45 मीटर था, लेकिन वह भी नहीं हो पाया था।

## प्रदेश में दबंगों व माफियाओं ने जनता का जीना किया दूभरः लल्लू

**लखनऊ।** हाथरस में छेड़छाड़ किए जाने के विरोध में मुकदमा दर्ज कराने की रंजिश के चलते दबंगों द्वारा किसान पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसे मौत के घाट उतारे जाने की घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सूबे की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए हैं। लल्लू ने कहा कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। योगी सरकार कानून व्यवस्था सुधारने के नाम पर विफल साबित हुई है। जिस प्रकार प्रदेश में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बच्चियों, किशोरियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं, लूट हो रही हैं, यह घटनाएं योगी सरकार के लिए शर्मनाक है। इस घटना ने योगी सरकार और पुलिस प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज कायम हो चुका है। हाथरस के सासनी कोतवाली इलाके के गांव नौजरपुर में आलू की खुदाई करवा रहे किसान पर दबंगों द्वारा ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मौत के घाट उतार दिया।

# पूर्व विधायक समेत कांग्रेस, बसपा व भाजपा के नेता सपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए मंगलवार को कांग्रेस, बसपा और भाजपा के कई प्रमुख नेता अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। कोरांव, इलाहाबाद से पूर्व विधायक रामकृपाल कोल तथा कामता सिंह बघेल ने कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। संजीव वर्मा तथा संतोष कुमार सेठ वाराणसी भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। बसपा से त्यागपत्र देकर तिर्वा कन्नौज के देवेन्द्र प्रताप सिंह , अमेठी के डॉ केडी पासी, उतरौला बलरामपुर के परवेज उमर अहमद तथा रेहान उमर ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि इन साथियों के आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी और सन् 2022 में भाजपा को बेदखल किया जा सकेगा।

# नड्डा की पार्टी नेताओं को नसीहत, आत्म विश्लेषण करें और प्रासंगिकता बनाए रखें

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** भाजपा में धड़ेबंदी व खींचतान के आरोपों के बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को पार्टी नेताओं से आत्मविश्लेषण करने और अपनी प्रासंगिकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने को कहा। नड्डा ने यह बात मंगलवार को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को सतत आत्मविश्लेषण की नसीहत देते हुए कहा, मैं चर्चा नहीं करना चाहता लेकिन हमने आत्मविश्लेषण लगभग छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा, मेरा यहां बैठे सभी लोगों से निवेदन है कि आप आत्मविश्लेषण करें और तय करें कि प्रतिबद्धता के साथ-साथ हमारी उपयोगिता और प्रासंगिकता क्या और कितनी है। उन्होंने कहा, राजनीति वह जगह है जहां आपको प्रासंगिक बने रहना होता है। प्रासंगिकता का मतलब है कि आप पार्टी में कितना योगदान करते हैं आपकी उपयोगिता कितनी है। आप में साथ लेकर चलने की क्षमता कितनी है। हमें यह विश्लेषण करना चाहिए कि क्या हम परिपक्वता से काम कर रहे हैं।

नड्डा राजस्थान भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ मंच पर राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अर्जुनराम मेघवाल, राज्यसभा सदस्य ओम माथुर भी मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं इसलिए सारी बातें आपसे कर रहा हूं क्योंकि यह हमारे जहन में होनी चाहिए कि हम संगठन की दृष्टि से अपनी उपयोगिता कैसे बढ़ा सकते हैं कैसे हम और परिपक्व हो सकते हैं, कैसे अपनी स्वीकार्यता बढ़ा सकते हैं। नड्डा ने कहा, लीडर (नेता) किसी के कहने से नहीं बनते लीडर (नेता) अपने एक्शन (काम) से बनते हैं। और हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी स्वीकार्यता तभी बढ़ती है जब हम सबको साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता ध्यान रखें कि कार्यकर्ता समस्या नहीं समाधान होता है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान भाजपा में खींचतान व धड़ेबंदी की खबरें आए दिन स्थानीय मीडिया में आ रही हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता इस पर कटाक्ष करते हैं। पिछले ही दिनों भाजपा विधायकों के एक धड़े ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को पत्र लिखकर विधानसभा में जनहित के मुद्दे उठाने के लिए समय नहीं दिए जाने से विधायकों में हो रही निराशा की बात की थी।



जयपुर में बिरला ऑडिटोरियम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राजस्थान भाजपा की कार्यकारिणी बैठक में शिरकत करते हुए।

## पश्चिम बंगाल में बसे बिहार के लोग विकास के लिए वोट करेंगे : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बंगाल में रहने वाले बिहार के लोग आगामी विस चुनाव में ममता बनर्जी नीत टीएमसी का समर्थन करने की तेजस्वी की अपील को अनसुना करेंगे और राज्य के विकास के लिए वोट करेंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद तिवारी बिहार से हैं। राज्य के नेताओं को बिहार और अन्य राज्य के लोगों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। तिवारी ने कहा, तेजस्वी को बिहार चुनाव से सीख लेनी चाहिए, लोगों ने अपनी विकास की आकांक्षाओं के लिए भाजपा और जदयू के समर्थन में वोट किया। बंगाल में रह रहे बिहार के लोगों से तृणमूल का समर्थन करने की उनकी (तेजस्वी की) अपील बेकार जाएगी क्योंकि वे भाजपा और विकास के लिए वोट करेंगे। बंगाल विस चुनाव में धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियों के बीच एकजुटता लाने के मकसद से राजद के नेता यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की।

# प्रशांत किशोर ने भी दीदी का साथ छोड़ दिया: भाजपा

**नई दिल्ली।** चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह द्वारा प्रधान सलाहकार नियुक्त किए जाने पर भाजपा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी पर तंज कसा और कहा कि अब तो उन्होंने (किशोर ने) भी दीदी का साथ छोड़ दिया है। सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, प्रशांत ने भी दीदी का साथ छोड़ दिया है। इससे पहले कि चुनाव के नतीजे घोषित हो, दीदी के सबसे बड़े सलाहकार घर छोड़कर दूसरे के घर जा रहे हैं। प्रशांत किशोर पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 27 मार्च से आठ चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल के वर्षों में वह कई विधानसभा चुनावों में भाजपा-विरोधी दलों के लिए काम कर चुके हैं। पात्रा ने कहा कि प्रशांत किशोर का अमरिंदर सिंह के साथ जाना अपने आप में बहुत कुछ कहता है।उन्होंने कहा, अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) और जे पी नड्डा (भाजपा अध्यक्ष) हर बार कहते हैं कि बंगाल में भाजपा की सीटें 200 के पार होंगी। आज हर कोई इस बात को स्वीकार करता है और जो तथाकथित राजनीतिक सलाहकार है वह भी इस बात से अच्छी तरह से अवगत हैं। अमरिंदर सिंह ने सोमवार को खुद यह घोषणा की थी कि प्रशांत किशोर को उनका प्रधान सलाहाकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति काफी महत्व रखती है क्योंकि अगले साल की शुरुआत में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। किशोर की कंपनी, इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की सहायता कर रही है। किशोर ने 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनाव अभियान को भी संभाला था जब पार्टी 117 सदस्ईय सदन में 77 सीटें जीतकर सत्ता में पहुंची थी। किशोर ने वर्ष 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के अभियान की कमान संभाली थी।

# सरकार के फैसले के चलते भारत में बेरोजगारी चरम पर: मनमोहन

**तरूवनंतपुरम।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने मंगलवार को केंद्र पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2016 में भाजपा नीत सरकार द्वारा बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। उन्होंने राज्यों से नियमित रूप से परामर्श नहीं करने को लेकर भी केंद्र की (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की। आर्थिक विषयों के थिंक टैंक राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक विकास सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सिंह ने कहा कि बढ़ते वित्तीय संकट को छिपाने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए अस्थाई उपाय के चलते आसन्न कर्ज संकट से छोटे और मंझोले (उद्योग) क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं और इस स्थिति की हम अनदेखी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने प्रतीक्षा 2030 में कहा, बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। यह संकट 2016 में बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते पैदा हुआ है। सम्मेलन का आयोजन एक दृष्टि पत्र पेश करने के लिए किया गया, जो केरल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विकास पर विचारों का एक प्रारूप है। सिंह ने कहा कि केरल और कई अन्य राज्यों में लोक वित्त अव्यवस्थित है, जिसके चलते राज्यों को अत्यधिक मात्रा में कर्ज लेना पड़ा है और इससे भविष्य के बजट पर असहनीय बोझ बढ़ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, संघवाद और राज्यों के साथ नियमित परामर्श भारतीय अर्थव्यवस्था और राजनीतिक दर्शन का आधार स्तंभ है, जो संविधान में निहित है, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार ने इससे मुंह मोड़ लिया है। सिंह ने कहा कि हालांकि केरल के सामाजिक मानदंड उच्च हैं, लेकिन ऐसे अन्य क्षेत्र भी हैं जिन पर भविष्य में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आगे कई अड़चनें हैं, जिन्हें राज्य को पार करना होगा। पिछले दो-तीन साल में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती (कोविड-19) महामारी के चलते और बढ़ गई है, जिसका केरल पर भी प्रभाव पड़ा है। सिंह ने कहा, डिजिटल माध्यमों के उपयोग बढ़ने से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र अपनी रफ्तार कायम रख सकता है, लेकिन पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और केरल में महामारी ने इस क्षेत्र(पर्यटन) को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जोर देने से केरल को देश में कहीं भी और विश्व के सभी हिस्सों में रोजगार के अवसरों का लाभ मिलेगा। सिंह ने कहा कि इससे देश में विदेशी मुद्रा (प्रवासियों द्वारा भेजी जाने वाली) के प्रवाह में वृद्धि हुई है, जिसके चलते रियल स्टेट क्षेत्र में उछाल आया और सेवा क्षेत्र में तीव्र वृद्धि हुई। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र में न्याय जैसे विचार को शामिल करने को लेकर केरल की कांग्रेस नीत यूडीएफ के फैसले की सराहना की। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में यह योजना पेश की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को प्रत्यक्ष नकद अंतरण (सीधे उनके बैंक खाते में पैसे) उपलब्ध कराना है। कहीं अधिक चिकित्सा संस्थानों के जरिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं जैसे उपाय सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे, जिससे समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और इसमें वंचित तबकों की जरूरतों पर ध्यान दिया जा सकेगा। सिंह ने कहा, यह कांग्रेस की विचारधारा का सार तत्व है और यह खुशी की बात है कि यूडीएफ के सभी दलों के इस पर समान विचार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए इस तरह की योजनाएं अर्थव्यवस्था को भी एक झटके में चालू कर देंगी क्योंकि इनसे मांग पैदा होगी, जिससे अधिक उत्पादन होगा, खासतौर पर छोटे एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में और असंगठित क्षेत्र में...इसके परिणामस्वरूप रोजगार के अधिक अवसर सृजित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर लंबी आर्थिक सुस्ती के बाद अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौटने लगेगी।

## क्विक न्यूज

### फडणवीस ने हस्तियों के ट्वीट का मुद्दा उठाया, देशमुख ने किया बचाव

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को दिल्ली के नजदीक किसानों के आंदोलन को लेकर कुछ विदेशी हस्तियो के ट्वीट के बाद भारत के समर्थन मे सचिन तेंदुलकर एवं लता मंगेशकर की ओर से किए गए ट्वीट की कथित जांच कराने को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने हालांकि इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के ट्वीट की जांच करने के आदेश दिए थे न कि क्रिकेटर तेंदुलकर और गायिका लता मंगेशकर द्वारा किए गए ट्वीट की। देशमुख ने कहा था कि राज्य का खुफिया विभाग इस बात की जांच करेगा कि किसान आंदोलन को लेकर कुछ हस्तियों ने दबाव में तो ट्वीट नही किया। तेंदुलकर एवं मंगेशकर सहित कई प्रमुख हस्तियो ने केंद्र सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए हैशटैग भारत एकजुट है एवं भारत प्रोपगेंडा के खिलाफ है के साथ ट्वीट किया था। फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में कहा कि तेंदुलकर और मंगेशकर ने भारत प्रोपगेंड के खिलाफ है और भारत एकजुट है ट्वीट किया था। क्या इस देश मे भारत एकजुट कहना गलत है?कोई खड़ा होता है और गृहमंत्री से शिकायत करता है। फडणवीस ने कहा कि देशमुख ऐसी शिकायतो पर कार्वाई करने से पहले सोचें। देशमुख ने हालांकि फडणवीस के आरोपों से इनकार कर दिया। मंत्री ने कहा, मैने तेंदुलकर या मंगेशकर की जांच कराने की बात नही की थी। मैने राजनीतिक पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ की जांच कराने की बात कही थी जिसका नाम मै नही ले रहा। 12 लोगो का नाम आया है और उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। देशमुख ने कहा कि यह भाजपा का आईटी प्रकोष्ठ है।

### भाजपा नेता ने फोन पर धमकी मिलने के मामले में शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा की नेता चित्रा वाघ ने पुलिस में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उन्हें फोन पर धमकी दी जा रही है और उनकी छेड़छाड़ की गई तस्वीरो को फैलाया जा रहा है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वाघ बीते कुछ दिनों के दौरान महाराष्ट्र सरकार पर भाजपा की ओर से हमला बोलने वालों मे सबसे आगे रही है और उस राज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है जिनका संबंध पुणे मे एक महिला की मौत से जोड़ा जा रहा है। वाघ (46) ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मे स्थित साइबर थाने मे एक शिकायत दी है जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 354डी, 509, 506 के साथ-साथ आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाघ ने ट्वीट किया," आज सुबह बीकेसी साइबर प्रकोष्ठ गई थी और फोन पर धमकी मिलने, छेड़छाड़ वाली तस्वीरों और अभद्र भाषा मे टिप्पणियो तथा वीडियो मे मुझे जान से मारने की धमकी देने वाले वीडियो के संबंध मे प्राथमिकी दर्ज कराई।

### कांग्रेस असम में सत्ता में आने पर सीएए को अमान्य करने के लिए कानून लाएगी : प्रियंका गांधी वाड्रा

**तेजपुर (असम)।** कांगेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद यदि उनकी पार्टी असम मे सत्ता मे आती है तो संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को अमान्य करने के लिए राज्य मे एक नया कानून लाया जाएगा। प्रियंका ने तेजपुर मे एक जनसभा के दौरान पांच गारंटी अभियान की शुरूआत की और कहा, यदि उनकी पार्टी को (जनता ने) इस पूर्वोत्तर राज्य मे सरकार बनाने का मौका दिया, तो पूरे राज्य मे गृहणियो को हर महीने 2,000 रुपए दिए जाएंगे और सभी परिवारो को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। कांग्रेस महासचिव चुनावी राज्य असम के दो दिवसीय दौरे पर है। उन्होने यह वादा भी किया कि उनकी पार्टी चाय बागान मजदूरो की न्यूनतम दिहाड़ी मौजूदा 167 रुपए से बढ़ा कर 365 रुपए करेगी और युवाओं को करीब 25,000 सरकारी नौकरी प्रदान करेगी। उन्होने कहा, असम के लोगो को भाजपा ने 25 लाख नौकरियां देने का पांच साल पहले वादा किया था लेकिन उन्हे धोखा दिया और इसके बजाय यहां के लोगो को सीएए दिया। हमारी पार्टी खोखले वादे नही कर रही है, बल्कि पांच गारंटी दे रही है।

### बंगाल में आईएसएफ से गठबंधन पर भाजपा ने कहा, कांग्रेस का ना कोई ईमान, ना विचारधारा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल मे मुस्लिम धर्मगुरु अब्बास सिद्दिकी के नेतृत्व वाले इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल का न कोई ईमान है और न कोई विचारधारा। भाजपा ने गठबधंन को लेकर कांग्रेस मे मचे घमासान पर चुटकी भी ली और कहा कि वह चाहे कितने भी गठबंधन कर ले उसका डूब चुका जहाज अब बचने वाला नही है। भाजपा मुख्यालय मे संवाददाताओ को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का ना ही कोई ईमान है और ना ही विचारधारा बल्कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जाति तथा धर्म के नाम पर लोगो को बांटना ही उसकी विचारधारा है। पात्रा ने कहा कि आज कांग्रेस अपनी प्रसांगिकता को बनाएं रखने के लिए गठबंधन पर निर्भर है और ठीक ऐसी ही एक गठबंधन की प्रक्रिया कांग्रेस पार्टी बंगाल मे कर रही है। उन्होने कहा, जो कांग्रेस अपने को धर्मनरिपेक्ष बताती है।



कोलकाता में बाउल और कीर्तन कलाकार सामूहिक बैठक के दौरान प्रदर्शन करते हुए।

## भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर तृणमूल के दो मंत्रियों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**कोलकाता।** भाजपा ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। राज्य में 27 फरवरी को आचार संहिता लागू होने के बाद अलग अलग मौकों पर इन मंत्रियों ने मतदाताओं से लुभावने वादे किए। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस बात से इनकार किया है कि उसके नेताओं ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और भाजपा पर ईसीआई को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया।पत्र में कहा गया है कि कथित वीडियो क्लिप में मंत्री फिरहाद हाकिम एक मस्जिद में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए घोषणाएं करते और भाजपा को सांप्रदायिक बताते हुए वहां मौजूद लोगों से भगवा पार्टी को हराने की अपील करते दिख रहे हैं।पत्र के अनुसार, घटना 27 फरवरी की है, तब तक चुनाव आचार संहिता की घोषणा हो गई थी और राष्ट्रीय टीवी चैनल पर इसका प्रसारण हो चुका था। आप देख सकते हैं कि वीडियो क्लिप में फिरहाद हाकिम ने भी यह माना है कि आचार संहिता लागू हो चुकी है। भगवा पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि वीडियो क्लिपिंग और अखबारों में प्रकाशित खबरों से यह साबित होता है और इस बात में कोई संदेह नहीं है कि 27 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य मंत्री जो हावड़ा से स्थानीय विधायक हैं, उनकी सीधी निगरानी में एक सहकारी बैंक से लोगों के बीच धन वितरित किया गया। भाजपा के राज्य सभा से सदस्य स्वप्न दासगुप्ता और वरिष्ठ नेता प्रताप बनर्जी तथा शिशिर बजोरिया ने यह पत्र लिखा है।भाजपा ने चुनाव आयोग से गुहार लगाई कि तृणमूल के नेताओं को मतदाताओं के बीच धन बांटने से तत्काल प्रभाव से रोका जाए।तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा दोनों मंत्रियों के खिलाफ झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनाव आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि राज्य में उनका कोई जनाधार नहीं।

# खंडवा लोकसभा सीट से सांसद नंद कुमार सिंह चौहान का निधन

**भाषा।** भोपाल, नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश** के खंडवा लोकसभा सीट से सांसद नंदकुमार सिंह चौहान का सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 69 वर्षीय चौहान कोविड-19 से पीड़ित थे और पिछले महीने उन्हें गंभीर हालत में विमान से गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चौहान के परिवार में पत्नी, एक पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। उन्होंने बताया कि चौहान का अंतिम संस्कार बुरहानपुर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव शाहपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष विमान से उनके पार्थिव देह को प्रदेश की राजधानी भोपाल लाया गया है। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य नेताओं ने चौहान की अर्थी को कंधा दिया। इसके बाद चौहान के पार्थिव शरीर को प्रदेश भाजपा कार्यालय में लाया गया जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं भाजपा के राज्यसभा में सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य वरिष्ठ नेता कल चौहान के अंतिम संस्कार में शामिल होगें। इससे पहले विधानसभा में मुख्यमंत्री चौहान ने सदन को लोकसभा सांसद नंद कुमार सिंह चौहान के निधन की सूचना दी और विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से आग्रह किया कि बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित की जाए ताकि वह स्वयं और अन्य नेतागण दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुरहानपुर जा सकें। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने भी सहमति व्यक्त की। इसके बाद अध्यक्ष ने सरकार द्वारा सदन में बजट प्रस्तुत करने के बाद सदन की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। भाजपा के नेता रहे चौहान ने अपना राजनीतिक जीवन वर्ष 1978 में शाहपुर नगर परिषद से शुरू किया था। उसके बाद वह मध्य प्रदेश विधानसभा में विधायक निर्वाचित हुए तथा वर्ष 1985 से 1996 तक विधायक रहे। वर्ष 1996 में चौहान पहली बार लोकसभा सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए। इसके बाद वह वर्ष 1998, 1999, 2004, और 2014 में भी लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौहान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष को उनकी संसदीय प्रक्रिया में योगदान एवं संगठन कौशल के लिए याद किया जाएगा।

## बंगाल में 25 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले से पांच किलोग्राम से अधिक की हेरोइन जब्त की है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25.09 करोड़ रुपए बताई जाती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इस बारे में बताया।अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने सोमवार रात मेमारी के रसूलपुर बाजार में तलाश अभियान चलाया और एक मादक पदार्थ तस्कर के वाहन से प्रतिबंधित सामग्री जब्त की।उन्होंने बताया, हमें ऐसी सूचना मिली थी कि व्यक्ति एक एजेंट को मादक पदार्थ देने के लिए आने वाला है। हमने उसके पास से 5.08 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और उसके वाहन को जब्त कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ रोकथाम से संबद्ध एनडीपीएस कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि हाल में मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार भाजपा के दो नेताओं से उसका कोई संबंध तो नहीं है।पुलिस ने भाजपा युवा शाखा की नेता पामेला गोस्वामी और उनके दो अन्य सहयोगियों को मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार किया था। नेता के हैंडबैग और कार में कथित रूप से 90 ग्राम कोकीन बरामद हुआ थागोस्वामी ने आरोप लगाया था कि उनकी पार्टी के सहयोगी और भाजपा प्रदेश समिति के सदस्य राकेश सिंह ने मामले में उन्हें गलत तरीके से फंसाया है। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने फरार होने की कोशिश कर रहे सिंह और एक अन्य व्यक्ति को पूर्वी बर्धमान जिला में गालसी से गिरफ्तार कियाथा।



भोपाल में मप्र के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा और उनकी पत्नी रेनू देवड़ा राज्य का बजट पेश करने जाते हुए।

# जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में टकराव

**एक गुट ने आजाद के विरोध में तो दूसरे ने समर्थन में किया प्रदर्शन**

भाषा। जम्मू

**कांग्रेस नेता** गुलाम नबी आजाद के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर की पार्टी इकाई में दरार पड़ गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक गुट ने आजाद का यहां पुतला फूंका और उन पर अपने निजी हितों की खातिर पार्टी को कमजोर करने के लिए भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। इसके कुछ घंटे के बाद एक अन्य समूह ने आजाद के समर्थन में प्रदर्शन किया।

जिला विकास परिषद (डीडीसी) के सदस्य एवं जम्मू कश्मीर कांग्रेस के पूर्व महासचिव मोहम्मद शाहनवाज चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर को यहां प्रेस क्लब के बाहर एकत्र हुए। उन्होंने आजाद का पुतला फूंका और निजी हित के लिए भाजपा की ओर से पार्टी के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। कुछ घंटे बाद ही जम्मू नगर निगम पार्षद गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दूसरे समूह ने चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा, जिस व्यक्ति ने पार्टी के खिलाफ डीडीसी चुनाव लड़ा वह कांग्रेसी नहीं है और वह भाजपा एवं आरएसएस के निर्देश पर कांग्रेस को कमजोर करने के लिए काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अपनी तरह का यह पहला प्रदर्शन ऐसे समय में किया गया है, जब आजाद का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए कुछ जी-23 नेताओं ने एक रैली को संबोधित किया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह पार्टी नेतृत्व को संदेश देने के लिए अपनी ताकत दिखाने का तरीका था।

कांगेस के 23 नेताओं ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को पत्र लिखा था और पार्टी में संगठनात्मक बदलाव करने के साथ ही पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष की मांग की थी। तभी से इन नेताओं के समूह को जी-23 भी कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रवींद्र शर्मा ने कहा कि पार्टी को शहर में हुए दोनों प्रदर्शनों की पूर्व में जानकारी नहीं थी और जो भी पार्टी के हित में होगा किया जाएगा। आजाद के समर्थन में नारे लगाते हुए चोपड़ा ने कहा, आजाद दिल से कांग्रेसी हैं और उन्हें किसी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने पांच अगस्त 2019 के घटनाक्रम (केंद्र द्वारा अनुच्छेद-370 को हटाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित करने का फैसला) के खिलाफ मजबूती से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था और राष्ट्र सेवा की उनकी लंबी पारी की प्रशंसा प्रधानमंत्री ने भी की थी।

आजाद के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को पार्टी से निकालने की मांग करते हुए उन्होंने कहा, यह समझ आता है कि किसके हाथों में उनकी (चौधरी) डोर है। चोपड़ा ने कहा कि जी-23 के नेताओं ने जिन्होंने शनिवार को निजी कार्यक्रम में बोला था पार्टी की मजबूती का आह्वान किया था। इससे पहले चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के एक समूह ने आजाद के खिलाफ नारेबाजी की थी और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी। जम्मू-कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा उन्हें (आजाद को) शीर्ष पर रखा और जब पार्टी को संकट के इस समय उनके अनुभव की आवश्यकता थी, तो वह जम्मू-कश्मीर आए और उन्होंने हमसे राज्य का दर्जा छीनने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। यह स्पष्ट है कि वह अपने निजी हित की खातिर पार्टी को कमजोर करने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। पुंछ के सुरनकोट-ए निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर डीडीसी चुनाव जीतने वाले चौधरी ने आजाद पर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया और उन्हें पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग की। राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी के बीच चौधरी ने कहा कि वे अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं।


असम के बिश्वनाथ में एक चाय बागान में चाय की पत्तियां चुनतीं कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा

## साइबर हमले पर अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट सिर्फ मुंबई को लेकर नहीं है: देशमुख

भाषा। मुंबई

**अमेरिकी** कंपनी ने दावा किया है कि चीनी सरकार से जुड़े हैकर्स ने मैलवेयर के जरिए भारत की महत्वपूर्ण पावर ग्रिड प्रणाली को निशाना बनाया था। इसके बाद महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने इस मुद्दे पर उनसे बात की है और सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया है।

विधान भवन के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए देशमुख ने कहा कि भारत के पावर ग्रिड पर संदिग्ध साइबर हमले पर अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह पूरे देश संबंधित है न कि सिर्फ मुंबई या महाराष्ट्र से ताल्लुक रखती है। उन्होंने कहा कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, सिंह ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की और सतर्क रहने को कहा। गृह मंत्री ने राज्य के साइबर प्रकोष्ठ की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल 12 अक्टूबर को मुंबई में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती साइबर हमले का परिणाम हो सकती है। देशमुख ने सोमवार को अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट के मद्देनजर टिप्पणी की थी। इस रिपोर्ट में संदेह जताया गया है कि आर्थिक राजधानी में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती क्या साइबर हमले का नतीजा है। उन्होंने कहा, मैंने कल कुछ विदेशी कंपनियों द्वारा मुंबई के बिजली के बुनियादी ढांचे में मैलवेयर के संभावित हमले के बारे में बात की थी। राकांपा के कोटे से मंत्री ने कहा कि सिंह ने उन्हें मंगलवार को फोन किया था। देशमुख ने कहा, उन्होंने मुझसे विवरण मांगा। उन्होंने कहा कि हम सबको इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने भी चिंता जताई थी।

## महाराष्ट्र में कोविड-19 से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के दौरान हुआ भ्रष्टाचार: फडणवीस

**मुंबई।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में कोविड-19 की स्थिति से निपटने के लिए शिवसेना नीत राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायों में भ्रष्टाचार हुआ।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सदन में कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए सही कदम उठाए होते तो कोविड-19 से होने वाली मौत की संख्या 30,900 कम होती और संक्रमण के 9.55 लाख कम मामले सामने आते। फडणवीस ने केंद्र सरकार के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए यह कहा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एक मार्च तक महाराष्ट्र में संक्रमण के कुल 21,61,467 मामले सामने आ चुके हैं और 52,184 लोग महामारी के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि पुणे की एक युवती की मौत के संबंध में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस पर दबाव बना रही है। पुणे की 23 वर्षीय एक युवती की मौत पर महाराष्ट्र की राजनीति में बवाल मचा हुआ है और भाजपा का कहना है कि घटना का संबंध शिवसेना विधायक संजय राठौड़ से है। राठौड़ ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए वन मंत्री के पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया था। फडणवीस ने मामले की जांच कर रहे पुलिस निरीक्षक को निलंबित करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी दयनीय है कि उसके बारे में बात करना भी व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि युवती की मौत के संबंध में 12 ऑडियो क्लिप मौजूद हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्वाई नहीं की है। फडणवीस ने कहा, इन सबूतों के बावजूद पुलिस कोई कार्वाई नहीं कर रही है। मैं संबंधित पुलिस निरीक्षक को तत्काल निलंबित करने की मांग भी करता हूं। हमें महाराष्ट्र पुलिस पर गर्व है लेकिन पुलिस इतनी असहाय पहले कभी नहीं थी। पुलिस पर सरकार का इतना दबाव है। घटना के बारे में विवरण मौजूद होने के बाद भी आप प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रहे हैं। शिवसेना विधायक सुनील प्रभु ने कहा था कि फडणवीस को दादरा और नगर हवेली के सांसद मोहन डेलकर की मौत पर भी बोलना चाहिए। इस मुद्दे पर फडणवीस ने कहा कि इसके बारे में भी जरूर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महामारी को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने जो कदम उठाए उनमें भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विदर्भ क्षेत्र के अमरावती में हाल ही में एक गिरोह सामने आया था जहां संक्रमण की पुष्टि न होने बावजूद एक व्यक्ति को कोरोना वायरस से संक्रमित घोषित कर दिया गया था।

## एनआईए मुर्शिदाबाद बम विस्फोट मामले की जांच करेगी, मंत्री हुए थे घायल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक रेलवे स्टेशन पर हाल में हुए बम विस्फोट मामले की जांच के लिए मंगलवार को एक मामला दर्ज किया। उस घटना में राज्य के मंत्री जाकिर हुसैन सहित 22 लोग घायल हो गए थे। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के अजीमगंज जीआरपी थाने में भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक सामग्री अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। एक चश्मदीद के बयान के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। यह घटना 17 फरवरी को निमतिता रेलवे स्टेशन पर हुई थी, जिसमें 22 लोग घायल हो गए थे। पश्चिम बंगाल सीआईडी इस मामले की जांच कर रही है और इस संबंध में एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

## पुडुचेरी में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा व्यापक अभियान शुरू करेगी

**बेंगलुरू।** पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के लिए अपने केंद्रीय नेताओं के साथ व्यापक चुनाव अभियान शुरू करने की योजना बना रही है। भाजपा के पुडुचेरी में प्रभारी निर्मल कुमार सुराना ने बताया कि उनकी पार्टी केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव अभियान के लिए अपने दस सितारा प्रचारकों को उतारेगी। पुडुचेरी के 30 सदस्ईय विधानसभा के लिए छह अप्रैल को मतदान कराए जाएंगे।

सुराना ने पीटीआई भाषा को यहां बताया कि इन प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों - अमित शाह, निर्मला सीतारमण और स्मृति ईरानी शामिल हैं। मोदी और शाह पहले ही इस केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी के चुनावी अभियान की शुरूआत कर चुके हैं। भाजपा की कर्नाटक इकाई के उपाध्यक्ष सुराना ने कहा कि चुनाव के लिए अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) एवं अन्नाद्रमुक के साथ सीटों के बंटवारे पर विचार चल रहा है और जितना जल्दी संभव होगा इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राजग की योजना मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने की है, उन्होंने कहा, सभी मसलों पर विचार हो रहा है। सुराना ने कहा कि रविवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पद छोड़ने वाले पुडुचेरी के विधानसभा अध्यक्ष वी पी शिवाकोलुंधु भाजपा के संपर्क में हैं और एक या दो दिन में वह पार्टी शामिल होने के बारे में विचार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने 2016 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। उनके भाई वी पी रामलिंगम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में कराइकल में भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

## कोविड-19 के 12,286 नए मामले 91 और लोगों की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 12,286 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,11,24,527 हो गई। इनमें से 1,07,98,921 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, वायरस से 91 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,57,248 हो गई।

आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,07,98,921 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 97.07 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर में गिरावट दर्ज की गई और अब वह 1.41 प्रतिशत है। देश में अभी कुल 1,68,358 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.51 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में एक मार्च तक 21,76,18,057 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है। इनमें से 7,59,283 नमूनों की जांच सोमवार को की गई थी। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जिन 91 लोगों की संक्रमण से मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 30, पंजाब के 18 और केरल के 13 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में वायरस से अभी तक कुल 1,57,248 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 52,184 , तमिलनाडु के 12,501, कर्नाटक के 12,336, दिल्ली के 10,911, पश्चिम बंगाल के 10,268, उत्तर प्रदेश के 8,727 और आंध्र प्रदेश के 7,169 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगवाया कोविड-19 का टीका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां स्थित आर्मी रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में मंगलवार को कोरोना वायरस टीके की पहली खुराक लगवाई। इससे एक दिन पहले ही टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हुई थी। सिंह ने कहा कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है। मंत्री ने ट्वीट किया, आज आर आर अस्पताल में मुझे कोविड-19 के टीके की पहली खुराक दी गई। देश को कोविड मुक्त बनाने का भारत का संकल्प इस टीकाकरण अभियान से मजबूत हुआ है। टीका पूरी तरह सुरक्षित है और सरल है। उन्होंने कहा, कम समय में टीका बनाने के लिए मैं भारत के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को सलाम करता हूं। मैं आर आर अस्पताल के डॉक्टरों और पैरामेडिक कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं। मैं सभी पात्र लोगों से आग्रह करता हूं कि वे टीका लगवाएं और भारत को कोविड मुक्त करें।

## रवि कपूर को संसद टीवी का सीईओ नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने लोकसभा टीवी और राज्यसभा टीवी को मिलाकर संसद टीवी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी रवि कपूर को एक साल के लिए इसका मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। लोकसभा सचिवालय से जारी परिपत्र के मुताबिक कपूर को एक मार्च से एक साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। परिपत्र में कहा गया, राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से राज्यसभा टीवी एवं लोकसभा टीवी को मिलाकर संसद टेलीविजन बनाने की घोषणा के परिणाम स्वरूप रवि कपूर को संविदा के आधार पर तत्काल प्रभाव से एक साल के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दोनों चैनलों को मिलाकर एक किया जा रहा है, लेकिन वे दो मंचों पर काम करते रहेंगे जिनमें से एक लोकसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करेगा जबकि दूसरा राज्यसभा का। उन्होंने बताया कि दोनों चैनलों को मिलाने से कुछ बचत होगी और इसकी वजह से कुछ कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है।

## उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी सिलेंडर खरीदने के लिए कर रही संघर्ष

भाषा। औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

**गरीबी रेखा** से नीचे रह रही महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन देने की केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी आयशा शेख को बार-बार गैस के दाम में हो रही वृद्धि की वजह से सिलेंडर भरवाने के लिए दाम चुकाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही। शेख को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2019 में उज्ज्वला प्रमाणपत्र दिया था।

शेख की तरह ही औरंगाबाद जिले की लोहगांव निवासी मंदाबाई पाब्ले भी हैं जिन्हें रसोई गैस सिलेंडर खरीदने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। मराठी समाचार चैनल पर उनका वीडियो प्रसारित हुआ है जिसमें वे मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर खाना बनाती हुई दिख रही हैं। उल्लेखनीय है कि 30 वर्षीय शेख को सात सितंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की आठ करोड़वीं लाभार्थी के तौर पर प्रमाण पत्र दिया था। शेख ने नाराजगी जाहिर करते हुए एबीपी माझा से बातचीत में कहा, एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब मेरे कमरे के किराए से अधिक हो गया है। मैं 600 रुपए किराया देती हूं जबकि रसोई गैस की कीमत 700 से अधिक हो गई है। हम क्या करें? गैस सिलेंडर के लिए खर्च करूं या बाकी खर्चे चलाऊं? शेख पांच बच्चों की मां है और दिहाड़ी मजदूरी कर गुजारा चलाती है। वह औरंगाबाद जिले के अजंगता गांव के इंदिरानगर में रहती हैं। उन्होंने बताया, हमें मुफ्त में गैस कनेक्शन मिला था। एक महीना सिलेंडर इस्तेमाल करने के बाद हम उसे दोबारा भरवा नहीं सके। एक महीने के बाद हमने अपने खर्चों में कटौती कर गैस सिलेंडर भरवाया। शेख ने कहा कि मकान मालिक ने किराया नहीं देने पर कमरा खाली करा दिया। उन्होंने कहा, तब से हम अपनी बहन के घर हैं। शेख ने कहा, गैस सिलेंडर महंगा हो गया है मैं अब इसे वहन नहीं कर सकती। यह नाममात्र के लिए मुफ्त है।हम खेत में रहते हैं और दूसरों से अधिक पैसा देकर सिलेंडर देने के लिए कहना पड़ता है। सिलेंडर की आपूर्ति घर पर नहीं होती।

## पेज 1 का शेष

### भाजपा करेगी ...

संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में लव जिहाद के मामले हो रहे हैं और राज्य सरकार उन्हें होने दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में लव जिहाद के खिलाफ एक कानून लाया गया और इसको नियंत्रित कर लिया गया लेकिन बंगाल मेंतृणमूल कांग्रेस इसे होने दे रही है। इस बीच टीएमसी विधायक और आसनसोल के पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी बुधवार को भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### दो दिग्गजों में ...

राज्य में संभावित उम्मीदवारों की छंटनी करेगी और अपनी सिफारिशें केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी। केंद्रीय चुनाव समिति की अध्यक्ष सोनियां गांधी हैं।

देश की सबसे पुरानी पार्टी ने चुनावी राज्य केरल, तमिलनाडु और पुदुचेरी के लिए भी एक स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है। जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता एचके पाटिल केरल के लिए बनी समिति की अध्यक्षता करेंगे, वहीं दिग्विजय सिंह तमिलनाडु और पुदुचेरी में उम्मीदवार छांटने की जिम्मेदारी संभालेंगे। यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे आनंद शर्मा ने आईएसएफ के साथ गठजोड़ को कांग्रेस की मूल विचारधारा गांधीवादी और नेहरूवादी धर्मनिर्पेक्षता के खिलाफ बताया था। पश्चिम बंगाल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धर्मनिर्पेक्ष गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है। कांग्रेस इस गठबंधन में शामिल है।

आनंद शर्मा की वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन को सांप्रदायिक कहने पर आपत्ति जताते हुए चौधरी ने आरोप लगाया कि इससे शर्मा सिर्फ भाजपा को फायदा पहुंचा रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी पर आनंद शर्मा का हमला भी जम्मू में जी-23 की बैठक के फौरन बाद आया है। जम्मू में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की थी।

### हरियाणा में ...

करने के लिए किसी व्यक्ति का जन्म स्थान हरियाणा होना चाहिए या वह कम से कम 15 साल राज्य में रहा हो। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल से मिली विधेयक को मंजूरी को हरियाणा के युवाओं के लिए सर्वाधिक खुशी का क्षण बताया है। जजपा नेता ने फरीदाबाद में कहा, ''इस नये कानून पर नियमों को जल्द ही बनाया जाएगा और प्रकाशित किया जाएगा।'

### चुनावी राज्यों में ...

के नेता कर्नाटक का दौरा भी करेंगे, जहां किसानों को विभिन्न फसलों पर एमएसपी से कम कम एक हजार रुपये कम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को महिला दिवस के अवसर पर महिला आंदोलनकारी दिल्ली की सीमाओं और देश के अन्य हिस्सों में प्रदर्शन करेंगी।

### दिल्ली-अमृतसर...

तहत अमृतसर को जोड़ने वाली सड़क है। इस परियोजना को अमल में लाने के लिए लगभग 24,700 पेड़ काटे जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के तैयार होने के बाद दिल्ली से कटरा के बीच की दूसरी सात घंटे और जम्मू से दिल्ली की दूसरी छह घंटे में सिमट जाएगी। ईएसी के एक सदस्य ने बताया कि प्रस्तावित दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पंजाब में 55 नहरों, 20 नालों, चार नदियों, पांच नालों और तीन तालाबों से होकर गुजरेगा। इसमें अमृतसर को जोड़ने वाला हिस्सा 20 नहरों, 14 नालों, तीन नदियों और एक तालाब से होकर जाएगा। पंजाब सरकार को उम्मीद है कि इस एक्सप्रेसवे के बनने से राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा करने की समयसीमा 2023 रखी गई है। राज्य सरकार ने पंजाब के आठ जिलों संगरूर, पटियाला, लुधियाना, जालंधर, कपूरथला, गुरदासपुर, तरनतारन और अमृतसर में दिसंबर 2020 में जनसुनवाई की थी। ईएसी सदस्य ने कहा कि ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनसुनवाई के बारे में उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई। जिन लोगों ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया, उन्होंने इस प्रक्रिया को किसान आंदोलन चलने तक टालने का अनुरोध किया है। बीते 11 फरवरी को हुई बैठक में शामिल ईएसी के एक सदस्य ने कहा कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के रास्ते में संरक्षित वनों की 76 हेक्टेयर भूमि आ रही है। वन विभाग की इस जमीन का लैंडयूज बदला जाना है। वन विभाग से हरी झंडी लेने के लिए अभी आवेदन नहीं दिया गया है।

### गुजरात निकाय चुनाव...

नितिन पटेल को और नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा 'गुजरात की जनता ने स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा पर विश्वास कर विकास और भरोसे को और बढ़ा दिया है।

## विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में पहचान आधारित राजनीति शुरू

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में आठ चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के बारे में विभिन्न दलों के नेताओं का मानना है कि इस बार चुनाव में सांप्रदायिकता का छौंक लगेगा और पहचान आधारित राजनीति होगी। बंगाल में आमतौर पर चुनावी विमर्श विभाजनकारी एजेंडे से परे रहा है लेकिन तृणमूल कांग्रेस और भाजपा द्वारा चुनाव से पहले एक-दूसरे पर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के आरोपों के बीच इस बार के चुनाव सांप्रदायिक रंग में रंगते दिख रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति में आने वाले पहले धार्मिक नेता अब्बास सिद्दिकी की अगुवाई में नवगठित इंडियन सेक्युलर फ्रंट के चुनावी मैदान में उतरने के साथ ही कई राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं और राज्य में धार्मिक पहचान आधारित सियासत की शुरुआत हो चुकी है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद सौगत रॉय ने कहा, आजादी के बाद से जितने भी विधानसभा चुनाव हुए, उनके मुकाबले इस बारे के चुनाव अलग होंगे। भाजपा की समुदायों के बीच विभाजन की लंबे समय से कोशिश कर रही है। लेकिन हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और लोगों को एकजुट करने के लिए काम करेंगे।

भाजपा नेतृत्व ने भी यह स्वीकार किया कि राज्य में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है लेकिन इसका दोषी उन्होंने तृणमूल और उसकी तुष्टिकरण की राजनीतिक को ठहराया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, हमारे लिए तो चुनाव सभी के लिए विकास है। तृणमूल कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति और राज्य के बहुसंख्यक समुदाय के प्रति उसके द्वारा किया जा रहे अन्याय से बंगाल में निश्चित ही सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हुआ है। भाजपा नेता तथागत रॉय ने कहा कि बंटवारे के दाग और बंगाल में मुस्लिम पहचान वाली राजनीति के बढ़ने से सांप्रदायिक विभाजन गहरा गया है। माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य मोहम्मद सलीम ने कहा, पहले (माकपा शासन के दौरान) यदि सांप्रदायिक विमर्श हावी होता तो भगवा दलों और अन्य चरमपंथी दलों ने अपना आधार बना लिया होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सच है कि इस बार दल सांप्रदायिक कार्ड खेल रहे हैं लेकिन आम लोगों से जुड़े विषय जैसे कि ईंधन की कीमतों में बढोतरी, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी आदि का भी बहुत हद तक प्रभाव रहेगा। बंगाल में 27 मार्च से शुरू होकर आठ चरणों में चुनाव होने हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि बीते छह साल में तृणमूल की सरकार सांप्रदायिक दंगों पर काबू पाने में विफल रही है जिससे न केवल अल्पसंख्यकों का एक वर्ग नाराज है बल्कि बहुसंख्यक समुदाय के लोगों में भी रोष है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2018 में जारी आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में 2015 से सांप्रदायिक हिंसा तेजी से बढ़ी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान ने कहा, सत्तर के दशक तक आईयूएमएल, पीएमएल और भारतीय जन संघ जैसे दल कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे लेकिन चुनावी अभियान सांप्रदायिक विमर्श पर केंद्रित नहीं थे। विकास संबंधी मुद्दे, राज्य और केंद्र सरकार विरोधी मुद्दे ही हावी रहे। चुनावी पयर्वेक्षकों का मानना है कि वाम दल ने समुदायों के बीच एक संतुलन कायम रखा था लेकिन तृणमूल इसे कायम नहीं रख सकी।

## सारदा घोटाले में ईडी ने टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष से पूछताछ की

**कोलकाता।** ईडी ने करोड़ों के सारदा चिटफंड घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष से छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। घोष सुबह 11 बजे शहर के साल्ट लेक इलाके में ईडी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने बताया कि राज्यसभा के पूर्व सदस्य को आठ मार्च को ईडी अधिकारियों के सामने फिर से पेश होने के लिए कहा गया है। केंद्रीय एजेंसी चिटफंड घोटाले के धन शोधन के पहलू की जांच कर रही है। सारदा समूह ने अपनी अवैध योजनाओं में निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके हजारों जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी की।

## संदीप प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले गायब

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन और तोक्यो पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुके भाला फेंक के खिलाड़ी संदीप चौधरी कथित रूप से यहां ट्रेनिंग केंद्र पर प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले लापता हो गए। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टारगेट ओलंपिक पोडिया योजना (टॉप्स) में शामिल चौधरी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर से भागने से कोविड-19 महामारी को देखते हुए लागू नियमों को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी हो गई हैं।

## अंडर–19 बालिका खो–खो 7 व 8 को

**लखनऊ ।** आगामी 7 व 8 मार्च को नवयुग कन्या महाविद्यालय व नैना स्पोर्ट्स व फिटनेस क्लब के सहयोग से महाविद्यालय के राजेन्द्र नगर कैंपस में अंडर-19 बालिका खो-खो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक आयोजन अध्यक्ष डा . सीमा पांडे से मो न 9918447788 व अभिषेक सिंह मैनेजर मो न. 9919533332 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक बार फिर साथ दिखेगी बोपन्ना–कुरैशी की जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारत-पाक एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रोहन बोपन्ना और ऐसाम-उल-हक कुरैशी की जोड़ी छह साल के बाद एक बार फिर से 15 मार्च से मेक्सिको में खेले जाने वाले अकापुल्को एटीपी 500 में टेनिस कोर्ट पर एक साथ दिखेगी। इससे पहले यह जोड़ी 2014 शेनजेन एटीपी 250 प्रतियोगिता में एक साथ खेली थी। भारत-पाक के खराब राजनायिक संबंध के कारण सुर्खियां बटोरने वाली इस जोड़ी की सबसे बड़ी सफलता 2010 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था, जहां उन्हें ब्रायन बंधुओं की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना उस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीसरे स्थान तक पहुंचे थे बोपन्ना ने इसके बाद 2012 ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर खेलने का फैसला किया।

## पुरुषों में अश्विन, रूट और मायर्स के बीच मुकाबला

**दुबई।** अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और वेस्टइंडीज के नए बल्लेबाजी सनसनी कायल मायर्स फरवरी में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) पुरस्कार के लिए नामित किए गए। अश्विन ने इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेले जिसमें चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट में गेंद से कमाल करने के साथ उन्होंने दूसरी पारी में 106 रन बनाए थे। उन्होंने अहमदाबाद में तीसरे टेस्ट में अपने विकेट की संख्या को 400 के पार पहुंचा दिया।

# पिच पिछले दो मैचों की तरह ही रहेगी : रहाणे

### ● हमने विदेशों में नम पिच की कभी शिकायत नहीं की

**भाषा।** अहमदाबाद



भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने देश में स्पिनरों की मददगार पिच की आलोचना को गंभीरता से नहीं लेने की सलाह देते हुए मंगलवार को कहा कि हमने विदेशों में नमी वाली पिचों (तेज गेंदबाजों की मददगार) के खिलाफ कभी कुछ नहीं बोला और इंग्लैंड की टीम को यहां चौथे टेस्ट में भी धीमी गेंदबाजी की मददगार विकेट की अपेक्षा करनी चाहिए।
चेपॉक (चेन्नई) में खेले गए दूसरे टेस्ट और मोटेरा (अहमदाबाद) में गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट में स्पिनरों की मददगार पिचों की काफी चर्चा हुई। दिन–रात्रि टेस्ट मैच महज दो दिनों में खत्म हो गया। श्रृंखला का चौथा और आखिरी टेस्ट चार मार्च से शुरु होगा। रहाणे ने ऑनलाइन मीडिया सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि विकेट (पिच) चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के जैसा ही होगा, जिस पर स्पिनरों को मदद मिलेगी। हां, गुलाबी गेंद से थोड़ा फर्क पड़ा और जो लाल गेंद की तुलना में पिच पर टप्पा खाने के बाद तेजी से आ रही थी। हमें इससे सामंजस्य बिठाना पड़ा। यह पिच भी पिछले दो मैचों की तरह ही होगी। रहाणे पिछले कई वर्षों में पहली बार उस समय खफा दिखे, जब उनसे पिच पर टिप्पणी को लेकर इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों के बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए पूछा गया। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से स्पिनरों की मददगार पिच बनाने पर भारत के खिलाफ कार्वाई करने की भी मांग की थी। रहाणे ने थोड़े गुस्सा भरे लहजे में कहा, लोग जो कह रहे है, उन्हें कहने दीजिए। जब हम विदेश दौरे पर जाते है तो तेज गेंदबाजों की मदद पिच को लेकर कोई कुछ नहीं कहता है। वे तब भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक की बात करते है, मुझे नहीं लगता कि इसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। भारतीय टेस्ट उपकप्तान ने कहा, आप देखिए, जब हम विदेश दौरे पर जाते हैं, तो पहले दिन विकेट में काफी नमी होती है। जब पिच पर घास होती है तो गेंद असामान्य तरीके से उछाल लेती है। ऐसे में पिच खतरनाक हो जाती है लेकिन हमने कभी इसके बारे में शिकायत नहीं की है। स्पिनरों की मददगार पिच पर गेंद की दिशा में खेलना जरूरी हो जाता है। जब आप स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलते है तो आपको गेंद की दिशा के मुताबिक खेलना होता है, अगर गेंद ज्यादा घूम रही है तो आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती है। पिछले दो मैचों में इंग्लैंड की करारी शिकस्त के बाद भी रहाणे उन्हें कम नहीं आंक रहे है। यह पिच भी वैसी ही दिख रही है लेकिन हमें अभी देखना होगा कि यह कैसा बर्ताव करती है। हम टीम के तौर पर इंग्लैंड का सम्मान करते है। वे पहले टेस्ट में अच्छा खेले और हम उसके बाद के दो मैचों में बेहतर रहे। हम उन्हें हल्के में नहीं ले रहे है, दोनों टीमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टेस्ट मैच जीतना चाहेगी।

### लीच चौथे टेस्ट में अश्विन और अक्षर से स्पिन गेंदबाजी की बारीकीयां सीखने के लिए उत्सुक



**लंदन।** गुलाबी गेद से खेले गए तीसरे टेस्ट मैच मे भारतीय स्पिनरो रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की गेंदबाजी से प्रभावित इंग्लैड के ऑफ स्पिनर जैक लीच ने कहा कि वह गुरूवार से अहमदाबाद मे शुरू हो रहे चौथे और अंतिम मैच मे इस भारतीय जोड़ी से स्पिन गेंदबाजी की बारीकियां सीखने के लिए उत्सुक है। लीच ने स्काई स्पोर्ट्स के कॉलम में लिखा, जब आप खिलाड़ियों को इतनी सफलता पाते हुए देखते है जैसे कि रविचंद्रन अश्विन, जिन्होने टेस्ट में अभी-अभी 400 विकेट पूरे किए है और भारत में उन्हें काफी अनुभव है। अक्षर पटेल ने टेस्ट क्रिकेट मे शानदार शुरुआत की है ऐसे मे आप निश्चित रूप से उनसे सीखने की कोशिश करते है। बाएं हाथ के इस गेदबाज ने कहा, यह जरूरी है कि आप इसे भावनात्मक रूप से जोड़कर नही देखें और ना ही ऐसा सोचे कि मै उनकी तरह ही गेंदबाजी करना चाहता हूं। अश्विन दाएं हाथ के गेंदबाज है, ऐसे मे मै उनकी तरह गेंदबाजी नही करना चाहता हूं। अक्षर बाएं हाथ के गेंदबाज है और मुझ से लंबे है, मै अपना कद नही बदल सकता हूं।

### अश्विन लगातार अपने अंदर नयापन ला रहा है: लक्ष्मण

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि रविचंद्रन अश्विन काफी सोच-विचार करने वाले क्रिकेटर हैं जो लगातार अपने अंदर नयापन लाते है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अनुभवी आफ स्पिनर की सफलता मे तैयारी की अहम भूमिका है। चौतीस साल के अश्विन ने श्रीलंका के महान आफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद सबसे कम मैचो मे यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि वह पता करता है कि बल्लेबाज की कमजोरियां क्या है। वह उसे आउट करने की योजना बनाता है और मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह अपने आप मे नयापन ला रहा है। अपनी बात को साबित करने के लिए लक्ष्मण ने भारत के हाल के आस्ट्रेलिया दौरे पर अश्विन के खिलाफ स्टीव स्मिथ के परेशान होने का उदाहरण दिया।

## स्मृति बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर गेंदबाजों में झूलन पांचवें स्थान पर बरकरार





**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के नुकसान से छठे स्थान पर खिसक गई जबकि झूलन गोस्वामी गेंदबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर बरकरार है। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी मिताली राज 687 अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं और बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं। स्मृति के 732 अंक हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 2–। की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच स्थान की छलांग के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं। टैमी ने वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और न्यूजीलैंड की ऐमी सेटरथवाइट जैसी खिलाड़ियों को पछाड़ा और दूसरे स्थान पर मौजूद आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग पर 16 अंक की बढ़त बना ली है।

**PUBLIC NOTICE**

This Notice is issued to Society at large that by the undersigned, duly authorized, that below mentioned property not limited to other Premises/Land/ Shops/ Krishi Land belongs to my Client under share being a co-owner/owner. Any person /entity shall refrain from any transactions/vikray/patta, etc. No Authority/Registrar shall endeavour to create title without written notice/consent to the undersigned.
**Property details (Not limited to): Khata 1189 Khasra 1259 Area 0.3260 Parsanna Bangar, Jewar Village, Gautam Budha Nagar & Ors under HEIR**
Any person who has already executed transactions shall be dealt as per law and attracts penal charges along-with required to inform the undersigned within 7 days from the date of this NOTICE.

By
Gyan Prakash, Advocate
F-19, Crystal Mall, Plot No 9,
Knowledge Park-III,
Greater Noida 201306
+9560457722,

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Kundan Kumar** who is purchasing the **LAND BEARING PLOT NO. 160-C, AREA MEASURING 85 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO. 5/5, SITUATED IN THE REVENUE ESTATE OF VILLAGE NAJAFGARH DELHI STATE DELHI. ABADI KNOWS AS DEEPAK VIHAR, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043** from **Mrs. Anjali Kumari W/o Mr. Kundan Kumar**owner vide of Notarized General Power of Attorney dated 10.06.2017 executed by **Mr. Dhaneshwar Thakur S/o Mr. Ram Lakhan Thakurin**, along with ATS, Will and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi-49, Contact #011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of the public at large, that Original Agreement to Sell dated 04.02.2009 executed between Shri Prakash Kanal in and Shri Ram Kumar and Shri Rajiv Gupta to the Property bearing No. 126, in Block-G, area measuring 300 Sq. mtr, situated in Sector 44, Noida, District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh owned by Shri Ankit Pruthi; had been misplaced & could not found till date. The Public at large is hereby informed that Shri Ankit Pruthi, who is present owner of and have availed certain credit facilities from HDFC Bank Ltd. against security of the aforesaid Property except above mentioned original Agreement to Sell said Property; with the Bank for creation of equitable mortgage. Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original Agreement, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed/documents and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid Property on the basis of said Agreement or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the said claim.
**Sushil Kumar Singh (Advocate)**
Office F-10, LGF, Jangpura Extn.,
New Delhi Ph: 011-403-48896.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गुलजार सैफी पुत्र श्री नवाब सैफी ने गाँव सूरजपुर परगना दादरी तहसील और जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. मे स्थित आवासीय भूखंड भूमि एरिया परिमाप 116.666 वर्ग गज, खसरा सं. 283/286 और 294, श्रीमती संतोश गोयल पत्नी श्री अशोक गोयल, श्रीमती कौशल रानी पत्नी श्री विपिन कुमार से खरीद रहा हैं। श्री अजब सिंह पुत्र श्री चंदर सिंह जीपीए के रूप मे श्री हरि राम पुत्र श्री भजनलाल के द्वारा श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री सरदार शर्मा के पक्ष में निष्पादित किए गए उपरोक्त संपत्ति का मूल बिक्री विलेख दिनांक 03.04.2000, दस्तावेज सं. 1499 के रूप में पंजीकृत, कहीं खो/गुम हो गया है। जनता को उक्त दस्तावेज से सौदा नही करने का आगाह किया जाता है उक्त दस्तावेज से निपटने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। ऐसे व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान होने पर मालिक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। अगर किसी को यह दस्तावेज मिला है या उपरोक्त दस्तावेज का कोई दुरुपयोग का नोटिस करता है, तो संबंधित व्यक्ति को उल्लेखित पते पर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रुप में सूचित करने का अनुरोध किया जाता है। **Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi-49, Contact #011-40046316

# दोहा में जीत के साथ सानिया की डब्ल्यूटीए सर्किट पर वापसी



**भाषा।** दोहा

सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए सर्किट में जीत के साथ वापसी की जब उन्होंने और स्लोवाकिया की उनकी जोड़ीदार आंद्रेजा क्लेपैक ने नादिया किचेनोक और ल्युडमाइला किचेनोक की युक्रेन की जोड़ी को हराकर यहां कतर टोटल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और स्लोवेनिया की जोड़ी ने सोमवार रात डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में नादिया और ल्युडमाइला की जोड़ी को 6–4 6–7 10–5 से हराया। सानिया का 12 महीने में यह पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला था। वह पिछली बार फरवरी 2020 में दोहा ओपन में ही खेली थी जिसके बाद कोविड–19 महामारी के कारण दुनिया भर में टेनिस प्रतियोगिताएं ठप पड़ गईं थी। सानिया स्वयं भी इस साल जनवरी में कोरोना वायरस संक्रमण से उबरी हैं। सानिया मातृत्व अवकाश के बाद जब प्रतिस्पर्धी टेनिस में लौटी थी तो उन्होंने नादिया के साथ ही जोड़ी बनाई थी और पिछले साल जनवरी में होबार्ट ओपन का खिताब जीता था। सानिया और आंद्रेजा ने हालांकि पहले सेट के शुरू में ही अपनी सर्विस गंवाई जिससे यह जोड़ी 0–3 से पिछड़ गई।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की लगातार तीसरी हार, जर्मनी ने 2-0 से हराया

**डसेलडोर्फ ।** तोक्यो ओलंपिक की तैयारी में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम के खराब प्रदर्शन का सिलसिला जारी है और मंगलवार को जर्मनी ने उसे तीसरे मैच में 2–0 से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 3–0 से बढ़त ले ली। जर्मनी के लिए सोंजा जिमेरमैन ने 26वें और फ्रांसिस्का हाउके ने 42वें मिनट में गोल दागे।
मेजबान टीम शुरूआत में लय नहीं बना सकी और पहले क्वार्टर में उसका पेनल्टी कार्नर बेकार गया। भारतीय डिफेंस ने पहले 15 मिनट में शानदार खेल दिखाया। जर्मनी को दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में भी पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका। जर्मनी के लिए पहला गोल 26वें मिनट में जिमेरमैन ने किया। तीसरे क्वार्टर में हाउके ने जर्मनी की बढत दुगुनी कर दी। चौथा मैच गुरूवार को खेला जाएगा।

# मेरीकोम और पंघाल सहित 12 भरतीय क्वार्टर फाइनल में

### स्पेनिश मुक्केबाजी टूर्नामेंट का ड्रॉ घोषित



**भाषा।** नई दिल्ली

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरीकोम और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल उन 12 भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं जो स्पेन के केस्टोलोन में बॉक्सेम इंटरनेशल टूर्नामेंट में पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। इन सभी को ड्रॉ में क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है। टूर्नामेंट में भारत के तोक्यो ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले सभी नौ मुक्केबाजों के अलावा पांच अन्य मुक्केबाज भी हिस्सा ले रहे हैं। पिछले साल ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद पहली बार चुनौती पेश कर रही मेरीकोम (51 किग्रा) बुधवार को अपने पहले मुकाबले में इटली की गियोर्डाना सोरेनटिनो से भिड़ेंगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री ब्रहमदेव प्रसाद पुत्र स्व. श्री किशोरी लाल पता बी-212, जी.डी. कॉलोनी, मयूर विहार फेस-3, दिल्ली- 110096 ने अपने पुत्र धर्मेन्द्र कुमार व उनकी पत्नी सरिता देवी को दुर्व्यवहार व आज्ञाकारी नहीं होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।
भवदीय
गोपी चंन्द ( एडवोकेट )

**LOST & FOUND**

1 Sale Deed dated 24.12.2007 executed by Mr. Navab in favour of Mr. Pawan Kumar.(For Land admeasuring 770 Sq. Meters, carved out of Khasra No. 835, Village-Didoli, Pargana Jalalabad, Tehsil-Modi Nagar).
2. Sale Deed dated 24.12.2007 executed by Mr. Navab in favour of Mr. Rahul Kumar.(For Land admeasuring 700 Sq. Meters, carved out of Khasra No. 835, Village-Didoli, Pargana Jalalabad, Tehsil-Modi Nagar).
Above both documents are actually lost. Finder please call M : 9711209554

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **सविता, पत्नी** अमेरिका सिहं, **निवासी:** म.नं. ए–570, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली है, जो कि अपने घर से दिनांक 18.11.2020 से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 40 वर्ष, **कद:** 4'10'', **रंग:** साफ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, जिसने लाल रंग की साड़ी, ब्लॉउज और नीले रंग की सैण्डल पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 50ए, दिनांक 02.02.2021 को थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
फोन: 011-27787592, 27787593

DP/799/ON/2021

# रिलायंस जियो ने 57,123 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम खरीदा, 5जी सेवाओं के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** दो दिन तक चली दूरसंचार विभाग की स्पेक्ट्रम नीलामी मंगलवार को संपन्न हो गई। नीलामी में रिलायंस जियो ने सभी 22 सर्किलों में स्पेक्ट्रम खरीदा है। रिलायंस जियो द्वारा खरीदे गए स्पेक्ट्रम की कुल कीमत 57,123 करोड़ रुपए है। इस खरीद के बाद रिलायंस जियो के पास कुल।,717 मेगाहर्ट्ज (अपलिंकूडाउनलिंक) स्पेक्ट्रम हो जाएगा, जो पहले के मुकाबले 55 प्रतिशत अधिक है। स्पेक्ट्रम की खरीद से रिलायंस जियो को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। रिलायंस जियो ने जो स्पेक्ट्रम खरीदा है उसका इस्तेमाल 5जी सेवा देने के लिए भी किया जा सकता है। रिलायंस जियो ने हाल ही में घोषणा की थी कि उसने स्वदेशी 5जी तकनीक विकसित कर ली है जिसका अमेरिका में परीक्षण किया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी कहा था कि वह इसी साल 5जी सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। नीलामी में स्पेक्ट्रम की खरीद पर अंबानी ने कहा, हमारी स्पेक्ट्रम की पहुंच बढ़ने से हम देश में डिजिटल पहुंच का और विस्तार करेंगे। इसके साथ ही हम 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए भी तैयार हो गए हैं। भारत में पांच साल में पहली दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी में कुल 77,814.80 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम बिका। इसमें से ज्यादातर स्पेक्ट्रम रिलायंस जियो ने खरीदा।

## कोरोना काल में 40 अरबपति जुड़े, अदाणी, अंबानी की संपत्ति बढ़ी: रिपोर्ट

**मुंबई।** कोरोना काल में वर्ष 2020 के दौरान भारत में 40 उद्यमी अरबपतियों की सूची में जुड़ गए। इन्हें मिलाकर भारत के कुल 177 लोग अरबपतियों की सूची में शामिल हो गए। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया। दुनिया के धनी लोगों की हुरुन ग्लोबल की इस सूची में कहा गया है कि वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में रही भारत में 40 लोग अरबपतियों की सूची में पहुंच गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी लगातार सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। उनकी संपत्ति 24 प्रतिशत बढ़कर 83 अरब डालर पर पहुंच गई। दुनिया के अरबपतियों की सूची में वह एक पायदान चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

मै कुश शर्मा पुत्र श्री संजय शर्मा, (DOB: 21.12.1994 Aadhar No-687839025863) ने अपना नाम बदलकर हार्दिक वशिष्ठ पुत्र श्री संजय शर्मा कर लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से जाना जाये।
PD(8940)A

मै लव शर्मा पुत्र श्री संजय शर्मा, (DOB: 21.12.1994 Aadhar No-845279079403) ने अपना नाम बदलकर हर्षित वशिष्ठ पुत्र श्री संजय शर्मा कर लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से जाना जाये।
PD(8941)A

## विदेशी सॉफ्टवेयर विनिर्माता को निवासी भारतीय अंतिम उपयोगकर्ता का भुगतान रायल्टी जैसा कर योग्य नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कंप्यूटर साफ्टवेयर के उपयोग के लिए प्रवासी विदेशी विनिर्माताओं को निवासी भारतीय उपभोक्ताओं या वितरकों द्वारा किया गया भुगतान रॉयल्टी की तरह कर योग्य नहीं है। न्यायाधीश आर एफ नरीमन, न्यायाधीश हेमंत गुप्ता और न्यायाधीश बी आर गवई की पीठ ने कहा कि कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में कॉपीराइट के उपयोग के लिए दी जाने वाली राशि रॉयल्टी भुगतान नहीं है तथा भारत में कर योग्य कोई आय नहीं बनती।

# दो माह बाद फरवरी में फिर गिरा निर्यात




### ● व्यापार घाटा बढ़कर 12.88 अरब डॉलर पर

**भाषा।** नई दिल्ली

लगातार दो माह तक सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद देश के निर्यात में फिर गिरावट आई है। फरवरी माह में निर्यात 0.25 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 27.67 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस दौरान आयात 6.98 प्रतिशत बढ़कर 40.55 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी में व्यापार घाटा बढ़कर 12.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 10.16 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह अप्रैल–फरवरी के दौरान देश का कुल निर्यात 12.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 255.92 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में निर्यात 291.87 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल–फरवरी के दौरान आयात भी 23 प्रतिशत घटकर 340.88 अरब डॉलर रह गया। अकेले फरवरी में तेल आयात 16.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8.99 अरब डॉलर रह गया। वहीं वित्त वर्ष के पहले 11 माह में तेल आयात में 40.18 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 72.08 अरब डॉलर रहा है।

### अर्थव्यवस्था में सुधार उम्मीद से तेज, रफ्तार कायम रखने की जरूरत : सान्याल

**कोलकाता।** भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से अधिक तेजी से उबर रही है और सरकार कृत्रिम तरीके से उपभोक्ता मांग बढ़ाने के बजाय बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च करेगी। वित्त मंत्रालय मे प्रमुख आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने यह बात कही। भारत चैबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए सान्याल ने कहा कि देश को वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने की जरूरत है। यह रोजगार सृजन तथा गरीबी उन्मूलन का एकमात्र रास्ता है। हम उम्मीद से अधिक बेहतर तरीके से उबर रहे है। हमे अगले दो साल तक इस रफ्तार को कायम रखने की जरूरत है। सरकार कृत्रिम उपभोक्ता मांग पैदा करने के बजाय बुनियादी ढांचे के निर्माण पर पूंजीगत व्यय करेगी। यदि हम गरीबी कम करना चाहते है, तो वृद्धि जारी रहनी चाहिए।

### भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार , सरकार और पैसा खर्च करने को तैयार : पनगढ़िया

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था मे सुधार आ रहा है और सरकार वृद्धि को समर्थन के सुधारो को आगे बढ़ाने के लिए और पैसा खर्च करने की योजना बनाई है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने मंगलवार को यह बात कही। हालांकि, इसके साथ पनगढ़िया ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से पैदा हुई अड़चनो की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को 5,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने में अभी समय लगेगा। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार मे अगले वित्त वर्ष मे दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के निजीकरण के फैसले को एक असाधारण प्रयास बताया। उन्होने कहा कि यह 50 साल पहले जो गलत हुआ था, उसे अंततः ठीक करने का प्रयास है।

## बंदरगाह क्षेत्र में होगा 82 अरब डालर का निवेश : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंदरगाह क्षेत्र में 15 वर्ष में 82 अरब डालर का निवेश आकर्षित करने की भारत की योजना का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि वैश्विक निवेशकों को भारत को अपना पसंदीदा निवेश स्थल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2035 तक भारत में समुद्री नौवहन क्षेत्र में 82 अरब डालर यानी छह लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढाया जाएगा, जलमार्गों का विकास होगा, समुद्री विमान सेवाएं शुरू होंगी और तटीय क्षेत्रों में प्रकाशस्तंभों को पर्यटन स्थल के तौर पर विकासित किया जाएगा। समुद्री नौवहन क्षेत्र पर आयोजित शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक निवेशकों से कहा कि समुद्री नौवहन क्षेत्र में निवेशकों के लिए 31 अरब डालर की 400 परिएजनाओं का खाका तैयार हैं।

## सेंसेक्स 50,000 के ऊ पर निकला

**भाषा।** मुंबई

घरेलू और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच वाहन, बैंक और आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 447 अंक की मजबूती के साथ 50,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 447.05 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,296.89 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 157.55 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,919.10 अंक पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

We lost our some files in transit of our sales Register, Purchase Register, clients order copies, Expenses voucher, Cash Register for the financial year 2016-17 and F.Y. 2017-18 of the our company B2C Customer Service Pvt. Ltd. when shifting our office from one place to other place & shifting all accounts related documents as above to our Delhi Registered Office.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Vipin Jindal & Mrs. Pooja Jindal are Joint owners of Property No. C-9, Area measuring 582 sq. yds., Shivaji Park, New Delhi., by virtue of Sale Deed dated 19.12.2019, Registration No. 7055, have lost / misplaced previous all Original sale deeds dated 04.01.1958, 17.03.1966, 10.08.1966. & 04.07.1969, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Rajeshwar Dayal Mathur (R. D. Mathur) was owner of Flat / Dwelling Unit No. 2481, on Ground Floor, Pocket No. 2, Sector-C, Situated at Vasant Kunj, New Delhi by virtue of Conveyance Deed dated 05.09.2001, Registration No. 15973, who sold the said property to Mr. Balvinder Singh Kapoor, vide a Sale Deed dated 17.02.2021, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to mortgage said property by taking Loan against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Rajeshwar Dayal Mathur (R. D. Mathur) or Mr. Balvinder Singh Kapoor, of the said property its Sale/ Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**
**ANNUAL GENERAL BODY MEETING**
Bhuneshwar Niketan Cop. House Building Society Ltd. Bhondsi, Reg. No. 774
**15th March 2021**
**Annual General Body Meeting (AGBM)**
At House No. 65, Vijay Vihar, Sec.-30, Silokra, Gurugram-122001
Time: 3:00 pm
All members to be present personally
1. To discuss issue of President
2. Future working of Society & governing body.

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.– एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/शेल एसेम्बली एक्टिविटी (एलएससीएन/एलजीएस कोचेस) विथ पार्टिशन/2021–22/सी174एफ दिनांकः– 26.02.2021 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है– **कार्य का नाम** कार्य क्षेत्र के अनुसार पार्टिशन फ्रेम के साथ एलएससीएन/एलजीएस कोचों के लिए जिग–I पर शेल एसेम्बली की क्रियाविधि। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** ₹ 93,65,328.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** ₹ 5,000.00। **अमानत राशि**– फर्म को अपेक्षित अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट की छूट लेने के लिए ई–बिड जमा करने के समय बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन जमा करना है। जो कि टेंडर डॅाकयुमेंट के अध्याय–IV के एनेक्सर–VI पर है। **कार्य की मात्रा**– कोच 300। **कार्य समापन की अवधि**– 12 माह या पहले। ● **निविदा जमा करने की अवधि**– दिनांक 05.03.2021 से 19.03.2021 को 15.00 बजे। ● **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**–दिनांक 19.03.2021 को 15.00 बजे। ● **निविदा खुलने की तिथि एवं समय**– दिनांक 19.03.2021 को 15.15 बजे। ● निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 32/ईटी./2020–21 दिनांकः 01.03.2021

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11205032 | वन कोच सेट ऑफ साइड वाल कम्पलीट एवं रूफ असैम्बली फॉर 3पीएच मेमू/डीएमसी कोचेज | 30 सेट | 12.04.2021 |
| 02 | 11205038 | वन कोच सेट ऑफ पार्टीसन फेम्स एंड बॉडी शैल आईटम्स फॉर मेमू/टी0सी06 3–फेस कोचेज | 90 सेट | 08.04.2021 |
| 03 | 11211005 | रूफ सीटिंग कम्प्लीट फॉर एसी 3–टायर (ईओजी) कोच (सीआरएफ) | 400 नग | 31.03.2021 |
| 04 | 11211013 | सेट ऑफ डोर कट आउट कम्प्लीट फॉर एलएचबी (एसएलआर) कोच | 120 सेट | 26.03.2021 |
| 05 | 11201010 | सेट ऑफ फाईनल रूफ इलीमेंट कम्प्लीट फॉर एलएचबी एचवाई. एएसपी एसएलआर कोच | 364 सेट | 23.03.2021 |
| 06 | 11211012 | पार्टीसन फ्रेम सेट फॉर एलएचबी डीएलएसआर पॉवर पैक | 90 सेट | 25.03.2021 |
| 07 | 11205036 | अण्डर फ्रेम कम्पलीट फॉर 3पीएच मैमू/टीसी कोचेज | 90 नग | 23.04.2021 |
| 08 | 11211031 | पिलर | 3757 नग | 25.03.2021 |
| 09 | 11211033 | पिलर | 3365 नग | 30.03.2021 |
| 10 | 11211021 | सेट ऑफ साइड वॉल्स कम्पलीट (एलएच एवं आरएच) फॉर एसी–3 टियर (ईओजी) एलएचबी टाइप कोचेज | 200 नग | 02.04.2021 |
| 11 | 11211056 | किट फॉर अंडर फ्रेम ऑफ एलडब्लूएसीसीएन (ईओजी) कोच | 300 सेट | 31.03.2021 |
| 12 | 03211098 | एफआरपी बॉडी विन्डो अरेंजमेन्ट फॉर एससीएन आईआरक्यू कोच | 2946 नग | 30.03.2021 |
| 13 | 03211125 | डैस्टीनेशन बोर्ड फॉर एलएचबी कोचेज | 7195 नग | 31.03.2021 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | टेंडर नोटिस सं. 26/ईटी/2020–21 दिनांक 21.01.2021 | टैण्डर न. 05211006 | निविदा खुलने की तिथि–23.02.2021 के स्थान पर 09.03.2021 पढ़े। |
| 02 | टेंडर नोटिस सं. 29/ईटी/2020–21 दिनांक 06.02.2021 | टैण्डर न. 04211020 | निविदा खुलने की तिथि–08.03.2021 के स्थान पर 18.03.2021 पढ़े। |
| 03 | टेंडर नोटिस सं. 28/ईटी/2020–21 दिनांक 03.01.2021 | टैण्डर न. 04211008 | निविदा खुलने की तिथि–05.03.2021 के स्थान पर 18.03.2021 पढ़े। |
| 04 | टेंडर नोटिस सं. 30/ईटी/2020–21 दिनांक 15.02.2021 | टैण्डर न. 03211069 | निविदा खुलने की तिथि–16.03.2021 के स्थान पर 18.03.2021 पढ़े। |
| 05 | टेंडर नोटिस सं. 30/ईटी/2020–21 दिनांक 15.02.2021 | टैण्डर न. 03211057 | निविदा खुलने की तिथि–16.03.2021 के स्थान पर 18.03.2021 पढ़े। |
| 06 | टेंडर नोटिस सं. 30/ईटी/2020–21 दिनांक 15.02.2021 | टैण्डर न. 03211070 | निविदा खुलने की तिथि–12.03.2021 के स्थान पर 17.03.2021 पढ़े। |
| 07 | टेंडर नोटिस सं. 29/ईटी/2020–21 दिनांक 06.02.2021 | टैण्डर न. 04201055 | निविदा खुलने की तिथि–05.03.2021 के स्थान पर 15.03.2021 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एच-1 बी वीजा प्रतिबंध को समाप्त करने पर नहीं लिया कोई फैसला



● अमेरिका के गृहसुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने कहा कि उनकी शीर्ष प्राथमिकता उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करना है

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने सोमवार को संकेत दिया कि उसने नए एच-1बी वीजा जारी करने को लेकर पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन के लगाए गए प्रतिबंध को समाप्त करने पर अभी कोई फैसला नहीं किया है। अमेरिका के गृहसुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने कहा कि उनकी शीर्ष प्राथमिकता उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करना है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए एच-1बी वीजा जारी करने पर प्रतिबंध की अवधि जनवरी में 31 मार्च तक बढ़ा दी थी और तर्क दिया था कि देश में बेरोजगारी की दर अधिक है तथा अमेरिका और अधिक विदेशी कर्मियों का भार नहीं उठा सकता।

मायोरकास से व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रश्न किया गया, राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप के दर्जनों शासकीय आदेश रद्द कर दिए, जिनमें ग्रीन कार्ड संबंधी आदेश और मुस्लिम वीजा प्रतिबंध को हटाने जैसे आव्रजन संबंधी आदेश शामिल हैं। एच-1बी को जारी करने पर लागू प्रतिबंध को अभी तक हटाया नहीं गया है। यदि बाइडन नई घोषणा नहीं करते हैं, तो इस आदेश की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी। एच1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के दौरान लगे प्रतिबंध की समीक्षा की स्थिति क्या है और क्या व्हाइट हाउस ने महीने के अंत में इस आदेश की अवधि समाप्त होने से पहले इस प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है? इसके जवाब में मायोरकास ने कहा, मुझे वास्तव में नहीं पता। मुझे प्रश्न के जवाब में प्रश्न करना अच्छा नहीं लगता। इसका निश्चित जवाब मुझे नहीं पता है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न से बचकर भाग रहे लोगों की आवश्यकता पूरा करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस बीच, अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा ने एक अक्टूबर, 2021 से शुरू हो रहे वित्त वर्ष के लिए एच-1बी आवेदन आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा कि उसे कांग्रेस द्वारा तय एच-1बी वीजा की सामान्य सीमा 65,000 के लिए तथा अमेरिकी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा पूरी कर चुके 20,000 और लोगों के लिए आवेदन मिल चुके हैं। वर्ष 2021 के सफल आवेदकों का निर्णय कंप्यूटर द्वारा एक ड्रॉ के जरिए होगा।भारत सहित विदेशी पेशेवरों के बीच एच-1बी वीजा की काफी मांग रहती है। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को उन व्यवसायों के लिए विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से प्रत्एक वर्ष दसियों हजार कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर हैं।

## ट्रंप ने आव्रजन प्रणाली को ध्वस्त कर दियाः अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्री

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका के** गृह सुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मायोरकास ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी आव्रजन प्रणाली को ध्वस्त कर दिया और इसे नए सिरे से पुन: बनाने में समय लगेगा।पूर्ववर्ती ट्रंप सरकार ने अमेरिका में शरण मांगने वालों के लिए आव्रजन नियम कड़े कर दिए थे और अमेरिकी कर्मियों की रक्षा के लिए योग्यता के आधार पर आव्रजन प्रणाली की वकालत की थी।मायोरकास ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पूर्ववर्ती प्रशासन की निर्दयता को एक व्यवस्थित, मानवीय एवं सुरक्षित आव्रजन प्रणाली के जरिए बदलने के लिए चौबीस घंटे काम कर रहे हैं और हम इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मुश्किल है और इसमें समय लगेगा, लेकिन इस बात का भरोसा है कि हम यह कर लेंगे। गृह सुरक्षा मंत्री ने संसद में पारित मानवीय कानूनों को लागू करने में पर्याप्त सुविधाओं के अभाव की बात की।उन्होंने कहा, पूरी प्रणालियां एक दिन या कुछ सप्ताह में नहीं बन जातीं। संक्षेप में कहें, तो पूर्ववर्ती प्रशासन ने हमारे देश की आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब मैंने 27 दिन पहले पदभार संभाला, तो पाया कि हमारे पास संसद में वर्षों पहले पारित मानवतावादी कानूनों को लागू करने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। हमारे पास इन कानूनों को लागू करने के लिए कर्मी, नीतियां, प्रक्रियाएं या प्रशिक्षण नहीं है। सच कहूं, तो पूरी प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। इससे एक दिन पहले ही ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में आरोप लगाया था कि बाइडन प्रशासन ने सीमाओं को अवैध प्रवासियों के लिए खोलकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।



म्यामार के मांडले में पुलिसकर्मियों के ऊपर गुलेल से वार करता हुआ प्रदर्शनकारी

## अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 12 करोड़ 50 लाख डॉलर के रक्षा सहायता पैकेज की घोषणा की

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** यूक्रेन के लिए 12 करोड़ 50 लाख डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की सोमवार को घोषणा की। इस सहायता के तहत यूक्रेनी जलक्षेत्र की रक्षा में मदद के लिए उसे हथियारों से लैस दो गश्ती नौकाएं भी दी गई हैं। पेंटागन ने बताया कि 2021 वित्त वर्ष के लिए संसद ने जिस शेष 15 करोड़ सैन्य सहायता को मंजूरी दी है, वह सहायता तब तक मुहैया नहीं कराई जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय इस बात को प्रमाणित नहीं कर देते कि यूक्रेन ने इस साल अहम रक्षा सुधारों में पर्याप्त प्रगति की है।उसने एक बयान में कहा, मंत्रालय यूक्रेन को प्रोत्साहित करता है कि वह सेना के असैन्य नियंत्रण को मजबूत करने वाले सुधार लागू करना, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना, रक्षा उद्योग एवं खरीदारी में जवाबदेही सुनिश्चित करना और नाटो सिद्धांतों एवं मानकों के अनुरूप रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना जारी रखे। यूक्रेन रूस के साथ संघर्ष की स्थिति में है। रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर 2014 में कब्जा कर लिया था और वह पूर्वी यूक्रेन में मास्को समर्थक विद्रोहियों को समर्थन देता है।

इस संघर्ष का यह सातवां साल है, जिसमें 14,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और यूक्रेन के उद्योग को भारी नुकसान हुआ है।पेंटागन ने कहा कि वह दो मार्क ड्ढ्ढ गश्ती नौकाओं के अलावा तोपों का मुकाबला करने के लिए रडार उपलब्ध करा रहा है, वह उपग्रह से तस्वीरें मुहैया कराने और उनकी विश्लेषण क्षमता में मदद दे रहा है और सैन्य चिकित्सकीय उपचार एवं लड़ाई के दौरान जवानों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में मदद के लिए उपकरण

## क्विक न्यूज

### अमेरिकाः पुलिस ने वाहन चोरों से मुठभेड़ में किशोरी को मार गिराया, लड़के ने खुद को गोली मारी

**मस्कोगी (अमेरिका)।** पूर्वी ओक्लाहामा में वाहन चोरी के एक मामले में दो संदिग्धों का पीछा करते वक्त पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी को मार गिराया जबकि किशोर (17) ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मस्कोगी पुलिस ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें बताया कि रविवार दोपहर पुलिसकर्मी एक कार और एक ट्रक चोरी की घटना के सिलसिले में जांच करने गए थे। पुलिसकर्मियों ने ट्रक का पता लगाया और उसका पीछा किया, तब दो संदिग्ध वाहन छोड़कर भागने लगे। उनके तथा पुलिस के बीच गोलीबारी भी हुई।पुलिस ने बताया कि संदिग्धों में से लड़की थी जिसे मार गिराया गया। लड़का जंगल की ओर भाग गया जिसका ड्रोन के जरिए पता लगाया गया। जब पुलिसकर्मी संदिग्ध लड़के के पास पहुंचे तो उसने खुद को गोली मार ली। मस्कोगी पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### ट्विटर ने कोरोना वायरस के बारे भ्रामक सूचना फैलाने वाले अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**सेन फ्रांसिस्को (अमेरिका)।** ट्विटर ने कहा है कि उसने ऐसे ट्वीट पर संकेत लगाने शुरू कर दिए है जिनमें कोविड-19 टीकाकरण के बारे में भ्रामक सूचनाएं दी गई है। ट्विटर ने यह भी कहा कि उसके नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले अकाउंट को बंद करने के लिए वह स्ट्राइक प्रणाली का उपयोग कर रहा है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह कुछ पर्यवेक्षकों की मदद ले रही है जो यह आकलन कर रहे है कि ए ट्वीट कोविड-19 टीका भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ उसकी नीति का उल्लंघन तो नही कर रहे। इससे पहले दिसंबर में भी ट्विटर ने कोविड-19 के बारे में भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ कदम उठाए थे।कंपनी ने सोमवार को ब्लॉग पोस्ट में लिखा, स्ट्राइक प्रणाली की मदद से, हमें यह उम्मीद है कि लोगों को इस बारे में शिक्षित कर पाएंगे कि कुछ सामग्री हमारे नियमो की विरोधाभासी है, ताकि वे अपने बर्ताव और लोक संवाद के प्रभाव पर पुनः विचार कर सकें। नियमों का एक बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई कार्वाई नही की जाएगी, दो बार उल्लंघन या स्ट्राइक होने पर अकाउंट को 12 घंटे के लिए लॉक कर दिया जाएगा। पांच या अधिक बार के उल्लंघनकर्ताओ पर ट्विटर स्थाई पाबंदी लगा देगा।

### बाइडन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीकों पर छूट को नहीं रोकने का अनुरोध, भारत ने दिया है छूट का सुझाव


**वाशिंगटन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका का समर्थन करते हुए अमेरिका के सैकड़ो सामाजिक संगठनों और तीन वरिष्ठ सांसदो ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीको पर मिलने वाली छूट को नही रोकने का अनुरोध किया है और कहा है कि इस छूट से दुनियाभर में कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज को बढ़ावा मिलेगा।बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार संबंधी पहलुओं (टीआरआईपीएस) पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते के तहत देशो को दवाइयों, परीक्षणों और उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीको के लिए दीर्घकालिक एकाधिकार सुरक्षा प्रदान करना जरूरी होता है।एक बयान में कहा गया है कि हर क्षेत्र मे उत्पादन क्षमता होती है और डब्ल्यूटीओ के नियम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी फॉर्मूला और प्रौद्योगिकी तक समय रहते निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने से रोकते है। निर्माण अधिक मात्रा में नही होने से 2024 तक विकासशील देशो के कई लोगो को कोविड-19 टीका नही मिल पाएगा।प्रतिनिधि सभा मे हाउस एप्रोप्रिएशंस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद रोसा डेलॉरा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन मे कहा, कोविड-19 महामारी किसी देश की सीमा तक सीमित नही है। ऐसे मे दुनियाभर मे टीके का निर्माण एवं वितरण बेहद अहम हो जाता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ से टीआरआईपीएस से छूट की मांग की है जिससे वैश्विक समुदाय को कोविड-19 के निदान, उपचार और टीको को विकासशील देशों को उपलब्ध कराते हुए इस समस्या से निपटने की दिशा में मदद मिलेगी। सांसद अर्ल ब्लूमेनॉर और सांसद जैन शाकोवस्की ने भी राष्ट्रपति जो बाइडन से इस बारे मे दखल देने का अनुरोध किया है।



## स्कूल से अपहृत 276 छात्राओं को छोड़ा गयाः नाइजीरियाई गवर्नर

एपी। गुसाऊ (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया के** पश्चिमोत्तर जामफारा राज्य में एक बोर्डिंग स्कूल से पिछले सप्ताह जिन 279 छात्राओं का अपहरण किया गया था, उन्हें छोड़ दिया गया है।राज्य के गर्वनर बेल्लो मातावाले ने यह घोषणा की। बंदूकधारियों ने जानगेबे शहर के गवर्नमेंट गर्ल्स जूनियर सेकैंडरी स्कूल (जीजीएसएस) से लड़कियों का अपहरण कर लिया था। मातावाले ने मंगलवार तड़के ट्वीट किया, भगवान का शुक्र है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि जीजीएसएस जानगेबे से अपहृत की गई छात्राओं को छोड़ दिया गया है। यह हमारे प्रयासों को रोकने के लिए पैदा की गई कई बाधाओं को दूर करके संभव हुआ। हमारी बेटियां अब सुरक्षित हैं और मैं नाइजीरियावासियों के साथ मिलकर इस बात की खुशी मना रहा हूं। एसोसिएडेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने हल्के नीले रंग के हिजाब पहने सैकड़ों लड़कियों को गुसाऊ में राज्य के गवर्नमेंट हाउस कार्यालय में नंगे पैर बैठे देखा।बैठक के बाद अधिकारी लड़कियों को बाहर लेकर आए और उन्हें वैन में ले जाया गया। लड़कियां शांत दिख रही थीं और उनकी आयु 10 साल या उससे अधिक प्रतीत होती है।हमले के समय एक स्थानीय निवासी ने बताया था कि हथियारबंद लोगों ने पास के ही सैन्य शिविर और सुरक्षा चौकी पर भी हमला किया ताकि सैनिक कोई जवाबी कार्वाई नहीं कर सकें। इस हमले के बाद से ही पुलिस और सेना लड़कियों को बचाने के लिए संयुक्त अभियान चला रही थीं।इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में पिछले कई वर्षों से इस तरह से अपहरण करने और हमला करने के मामले बढ़े हैं। नाइजर राज्य में एक कॉलेज से 17 फरवरी को 24 छात्रों, छह कर्मियों और उनके परिवार के आठ सदस्यों का अपहरण कर लिया गया था। उन्हें शनिवार को छोड़ा गया।



नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर जामफारा राज्य में एक बोर्डिंग स्कूल से पिछले सप्ताह जिन 279 छात्राओं का अपहरण किया गया था, उनका मेडिकल कराने ले जाते सुरक्षाकर्मी

## अमेरिकी सांसद ने बाइडन प्रशासन से भारत का साथ देने की अपील की

**चीनी साइबर हमला**

● विदेश विभाग साइबर जगत में किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए दुनिया में विभिन्न भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक वरिष्ठ सांसद ने चीनी हैकरों द्वारा भारत की पावर ग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने संबंधी रिपोर्ट के मद्देनजर सोमवार को बाइडन प्रशासन से भारत का साथ देने का अनुरोध किया।

साइबर हमले जैसी गतिविधियों की निगरानी करने वाली एक अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट में भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने की बात सामने आई है।

सांसद फ्रैंक पैलोन ने सोमवार को ट्वीट किया, अमेरिका को निश्चित रूप से हमारे रणनीतिक साझेदारों के साथ खड़ा रहना चाहिए और भारत के पावर ग्रिड पर चीन के खतरनाक साइबर हमले की निंदा करनी चाहिए, जिसकी वजह से महामारी के दौरान अस्पतालों को जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा पैलोन ने ट्वीट किया, हम चीन को बल प्रयोग और डर के माध्यम से क्षेत्र में प्रभुत्व कायम करने की अनुमति नहीं दे सकते। इससे एक दिन पहले ही अमेरिका में मैसाचुसेट्स की कंपनी रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपने हालिया अध्ययन में दावा किया कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के दौरान चीन सरकार से जुड़े हैकरों के एक समूह ने मालवेयर के जरिए भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाया। आशंका है कि पिछले साल मुंबई में बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति ठप होने के पीछे शायद यही मुख्य कारण था।रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चीन के समूह रेड इको द्वारा भारतीय ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाए जाने का जिक्र किया है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस रिपोर्ट से अवगत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम कहेंगे कि इस संबंध में विस्तार से जानकारी हासिल करने के लिए आप यह रिपोर्ट देने वाली कंपनी से संपर्क करें। विदेश विभाग साइबर जगत में किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए दुनिया में विभिन्न भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। प्रवक्ता ने कहा, हम साइबर जगत समेत विभिन्न क्षेत्रों में सरकारों की खतरनाक और दमनात्मक कार्वाई को लेकर चिंतित हैं और साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना तथा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को लेकर संयुक्त कदम की महत्ता को रेखांकित करते हैं।

### एक-चीन की नीति को रद्द करने के लिए अमेरिकी संसद में विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के दो सांसदों ने प्रतिनिधि सभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अमेरिका से ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध बहाल करने और पुरानी हो चुकी एवं अनुत्पादक एक-चीन की नीति को रद्द करने की अपील की गई है। सांसद टॉम टिफनी और स्कॉट पेरी ने यह विधेयक पेश किया है, जिसमें बाइडन प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ताइवान की सदस्यता को समर्थन देने और अमेरिका एवं ताइवान के बीच मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए ताइपे के साथ वार्ता करने की अपील की गई है। टिफनी ने कहा, पिछले करीब 40 साल से अमेरिका में दोनों दलों के राष्ट्रपतियों ने बीजिंग के इस झूठ को कई बार दोहराया है कि ताइवान साम्यवादी चीन का हिस्सा है, जबकि वास्विक सच्चाई इसके विपरीत है। इस पुरानी हो चुकी नीति को बदलने की आवश्यकता है। अमेरिका के 1979 तक ताइवान की सरकार के साथ सामान्य राजनयिक संबंध थे, लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने ताइपे के साथ औपचारिक संबंध अचानक समाप्त कर दिए और चीन में साम्यवादी शासन को मान्यता दी।

## संरा में अमरिकी राजदूत ने लोकतंत्र बहाली के लिए म्यांमा सेना पर दबाव बढ़ाने की अपील की

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में अमेरिका की नव नियुक्त राजूदत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से म्यांमा सेना पर लोकतंत्र बहाल करने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के विश्व को फिर से जोड़ने तथा अमेरिका को दोबारा नेतृत्व करने वाला देश बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मार्च में सुरक्षा परिषद की अमेरिका द्वारा अध्यक्षता के पहले दिन उन्होंने कई वैश्विक मुद्दों पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि बाइडन प्रशासन ईरान के पिछले सप्ताह उसके परमाणु केन्द्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण रोकने से हताश है।

अमेरिका एक मार्च से सुरक्षा परिषद का नेतृत्व कर रहा है।उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि यह एक मौका था, जिसे उन्होंने खो दिया है और हम उम्मीद करते हैं कि वे इस पर पुन: विचार करेंगे। ग्रीनफील्ड ने बताया कि बाइडन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होंगे और यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर ईरान 2015 परमाणु समझौते को पूरी तरह बहाल करता है तो अमेरिका भी ऐसा करने को तैयार है। तेहरान ने अमेरिका और समझौते में शामिल अन्य देशों के साथ बैठक करने के यूरोपीय



संघ के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया की बात करें तो वह अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वहां के नेता किम जोंग-उन को परमाणु हथियार कम करने के लिए राजी करने के असफल प्रयासों से पहले सुरक्षा परिषद के बड़े प्रतिबंधों का सामना कर रहा था।

ग्रीनफील्ड ने कहा कि उत्तर कोरिया अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए वैश्विक खतरा बना हुआ है।उन्होंने कहा कि अमेरिका का उत्तर कोरिया को उस लक्ष्य की ओर ले जाने में बड़ा हित है ताकि उसके उकसावे या बल के इस्तेमाल से बचा जा सके और सबसे बड़ा हित अमेरिकी लोगों और हमारे सहयोगियों को सुरक्षित रखना है..।

ग्रीनफील्ड ने कहा कि बाइडन प्रशासन उत्तर कोरिया के लिए अमेरिकी नीति की समीक्षा कर रहा है और देश पर परमाणु निरस्त्रीकरण होने का दबाव बनाता रहेगा।पश्चिम एशिया के बारे में बात करते हुए ग्रीनफील्ड ने कहा कि युद्धग्रस्त यमन में मानवीय स्थिति बेहद खराब है और उसकी अध्यक्षता में 11 मार्च को हस्ताक्षर कार्यक्रम संघर्ष के कारण उत्पन्न हुई भुखमरी और यमन तथा इथियोपिया में भुखमरी की स्थिति पर होगा।

ग्रीनफील्ड ने एक फरवरी को म्यांमा में सेना के तख्तापलट पर और देश में सेना के खिलाफ जारी मौजूदा प्रदर्शन के मद्देनजर म्यांमा के लोगों के प्रति एक बार फिर अमेरिकी समर्थन दोहराया और कहा, हम मजबूती से उनके साथ खड़े हैं। हम दबाव भी बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि केवल न्यूयॉर्क को ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर म्यांमा सेना को अपने तख्तापलट को वापस लेने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार बहाल करने के लिए दबाव बनना चाहिए।

## यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे रैपर टीआई एंट मैन3 में नहीं आएंगे नजर



**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता पॉल रड और अभिनेत्री इवैंजलीन लिली की एंट मैन सीरिज की आने वाली फिल्म में रैपर टीआई नजर नहीं आएंगे। टीआई और उनकी पत्नी टिनी पर कई महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद यह खबर सामने आई है। अभिनेता क्लिफर्ड जोसेफ हैरिस जूनियर उर्फ टीआई ने सीरिज की पहली दो फिल्मों में डेव का किरदार निभाया था। फिल्म से जूड़े एक सूत्र ने वैराएटी को बताया कि टीआई पर हाल ही में लगे गंभीर आरोप एक अलग मामला है और एंट-मैन3 में उनका किरदार था ही नहीं। टीआई, उनकी पत्नी और उनके करीबी लोगों पर सोमवार को चार महिलाओं ने उन्हें नशीला पदार्थ देने और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

# 'भारतीय फिल्म उद्योग में काम करने का अवसर मिलना मेरा सौभाग्य है'

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार **शाश्वत सचदेव** अपने गाने 'मचलो' के माध्यम से गायन क्षेत्र में पदार्पण कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने गायन क्षेत्र में आने, भारत वापस आने तथा बॉलिवुड की अपनी अब तक की यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश...

**■ आप संगीतकार और निर्माता दोनों हैं। फिर आपको गायन क्षेत्र में आने की क्या सूझी?**

मैंने बचपन से ही हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को सीखना प्रारंभ कर दिया था। तब मैं केवल तीन वर्ष का था और इसके बाद 21 वर्ष की आयु तक मैंने अपने गुरू रमजान खान साहब से संगीत सीखा। मैंने इसके बाद पश्चिमी वाद्ययंत्र पियानो को भी 10 साल तक सीखा। इस प्रकार देखें तो मेरे संगीत निर्देशन और निर्माण में गायन एक आंतरिक हिस्सा है। आप कह सकते हैं कि मैं सदा से ही गायन में रहा हूं।

**■ स्टूडियो में दूसरी ओर रहना और गाने का अनुभव कैसा रहा?**

मैं एमआईएस पर रिकॉर्ड करता रहा हूं ये मेरे लिए पूर्ण रूप से सामान्य है। मैं अधिकांश गाने जो मैं निर्माण करता हूं और जिन्हें कंपोज़ तथा रिकॉर्ड करता हूं, वे मेरे गाये ही होते हैं। इसके बाद ही कोई दूसरा उन्हें रिकॉर्ड करता है। वैसे ये संगीत निर्माण का एक छोटा सा ही भाग होता है।

**■ आपकी संगीत यात्रा का प्रारंभ कैसे हुआ था?**

मेरे माता-पिता चाहते थे कि अनुशासित जीवन जीना सीखने के लिए मुझे संगीत सिखाने के पक्षधर थे। मैं 2017 में मुंबई आ गया। मेरा पहला गाना फिल्लौरी नाम से था और इसे उसी साल रिलीज़ भी कर दिया गया था। मेरे लिए भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखना महत्वपूर्ण था। मेरे विचार से छोटे शहरों से आने वाले लोगों के जीवन का ये अभिन्न अंग होता है। मेरे लिए तो संगीत केवल एक हॉबी के रूप में प्रारंभ हुआ था। इसके काफी बाद में मैंने व्यावसायिक स्तर पर संगीत को अपनाया। इस व्यवसाय में फिल्मों के लिए संगीत देना और बनाना महत्वपूर्ण माना जाता है। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे इंडस्ट्री के लिए काम करने का अवसर मिला।

**■ आपने अमेरिका में भी कुछ प्रोजेक्ट्स में काम किया था। फिर भारत आने का निर्णय क्यों करना पड़ा?**

मैंने अमेरिका में बडे प्रोजेक्ट्स में काम किया था। लेकिन मैं इन प्रोजेक्ट्स के छोटे से पहलू में काम करता था।



मुझे रचनात्मक स्तर पर अपनी अभिव्यक्ति के लिए वैसे अवसर नहीं मिल रहे थे जैसे मैं चाहता था। अब चूंकि मेरे पास भारतीय संगीत का पर्याप्त प्रशिक्षण था ही तो प्रत्येक व्यक्ति ने कहा कि मुझे भारतीय संगीत बनाना प्रारंभ कर देना चाहिये। मेरे भारत वापस आने का यही कारण था।

**■ फिर आपका बॉलिवुड में कैसे आगमन हुआ?**


मैं यहां फिल्म निर्माता रिया कपूर से 2016 में मिला। उन्होंने मुझे भारत वापस आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुझे एक प्रोजेक्ट भी दिया जिसपर वो स्वयं काम कर रही थीं। ये मेरे लिए भारत में पहला प्रोजेक्ट था और कहा जा सकता था कि मैं कम समय में काम पा गया था। मैं उनका कृतज्ञ हूं क्योंकि मुंबई में मेरी यात्रा उनके इसी प्रोजेक्ट के कारण प्रारंभ हुई और फिर तो ये आगे ही बढ़ती गई। मैं उनका कृतज्ञ रहूंगा। उनके द्वारा प्रदान किये गए अवसर से मुझे आत्मविश्वास मिला और मुझे भरोसा हो गया कि मैं यहां पांव जमा सकता हूं। उनके कारण ही मुझे इस पथ पर आगे बढ़ने का साहस और उत्साह प्राप्त हुआ।

**■ आपने वेब सीरीज़, टीवी सीरीज़ तथा फिल्मों के लिए भी संगीत बनाया है। ये तीनों प्लेटफॉर्म किस प्रकार एक दूसरे से भिन्न हैं?**

लंबे प्रारूप में आपको अभिव्यक्ति का अवसर दीर्घकाल तक मिलता रहता है। लेकिन उनमें संगीत देना फिल्मों की तुलना में कठिन होता है। फिल्मों में यदि आप एक प्रोजेक्ट में छः महीने से काम कर रहे हैं तो उसमें आप इस अवधि के दौरान एक विशिष्ट प्रकार की कंटेंट बनाने में सफल रहते हैं। इसमें आपकी पूरी टीम लगकर सर्वश्रेष्ठ हिस्से को चुनकर फिल्म के लिए फाइनल कर देती है। लेकिन वेब सीरीज़ या टीवी धारावाहिक जैसे लंबे प्रारूप में आपको 10 घंटे जैसे दीर्घकाल में भी काफी सारी कंटेंट करनी होती है। कंटेंट की गुणवत्ता भी इस पूरी अवधि के लिए समान रूप से श्रेष्ठ रखनी होती है। कुछ समय के बाद इसमें समस्याएं आने लग जाती हैं। मैं उन लोगों का काफी सम्मान करता हूं जो इस प्रारूप के लिए संगीत बनाते हैं।

**■ आपने आगे के लिए क्या सोचा है?**

मैंने इस साल के लिए कुछ फिल्मों की योजना बना रखी है इसके अलावा अगले साल के लिए भी कुछ प्रोजेक्ट मिलने वाले हैं। मैं नए संगीत के लिए उत्साहित हूं और ये आपके लिए शीघ्र ही प्रस्तुत किया जाएगा। मुझे आशा है कि इन गानों को बनाने के दौरान जो आनंद मुझे मिला, वही आनंद और संतुष्टि श्रोताओं को इस संगीत को सुनने के बाद होगी।




## अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प सितम्बर में होगी रिलीज

**भाषा। मुम्बई**

**अभिनेता सुनील** शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प इस साल 24 सितम्बर को रिलीज होगी। फिल्मकार मिलन लुथरिया की इस फिल्म में तारा सुतारिया भी नजर आएंगी। फिल्म तड़प 2018 में आई तेलुगू फिल्म आरएक्स 100 का रीमेक है। इसका निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जाएगा। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कहा, जादुई पल जिसका हम इंतजार कर रहे थे, वह आ गया है। तड़प का इंतजार खत्म। अद्भुत प्रेम कहानी 24 सितम्बर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।



## ऋषिकेश में भूमि को आई अपनी पहली फिल्म की याद

**बॉलिवुड** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को उनकी पहली फिल्म 'दम लगा के हइसा' डीएलकेएच, ने उन्हें रातोंरात ही स्टार बना दिया था। इस फिल्म में वो एक भारीभरकम शरीर वाली लड़की का चरित्र निभा रही थीं। भूमि ने अपनी इस पदार्पण फिल्म को जिसका निर्देशन शरत कटारिया ने किया था, को अपने जीवन का स्मरणीय पल बताते हुए कहा कि इसके बाद तो सफलता के द्वार उनके लिए खुलते चले गए। हाल ही में वो ऋषिकेश में अपनी अगली फिल्म 'बधाई दो' की शूटिंग कर रही थीं। उन्हें ये जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि इस फिल्म में भी वो उसी घर में शूटिंग कर रही थीं जिसमें उन्होंने पिछली फिल्म 'दम लगा के हइसा' शूट की थी।

भूमि ने कहा, 'डीएलकेएच, मेरे जीवन का एक स्मरणीय क्षण रहेगा। मैं कल्पना भी नहीं कर सकती कि यदि ये फिल्म न होती तो मेरा कॅरियर किस प्रकार का होता। ये मेरा सौभाग्य ही था कि ये फिल्म मुझे मिली और सभी जानते हैं कि मैंने इस फिल्म में अपने चरित्र को निभाने के क्रम में कहीं कोई कमी नहीं छोड़ी। ये एक सुखद संयोग ही है कि मेरी वर्तमान की फिल्म 'बधाई दो' भी उसी घर में शूट की जा रही है जिसमें मैंने कई साल पहले दम लगा के हइसा शूट की थी। मैं तो काफी देर तक उस समय की यादो में ही खोई रही थी। ऐसा कठिन होता है कि आप छः साल बाद पुनः उसी स्थान पर वापस आ जाएं!।

उन्होंने आगे कहा, 'मैं तो यादों में खो सी गई थी क्योंकि मैं उसी स्थान पर खड़ी थी जिसपर खड़े होकर मैंने एक अभिनेत्री के रूप में फिल्मों का अपना पहला शॉट दिया था। मुझे याद है कि हमनें इसके लिए 11 रीटेक किये थे। मैं उस समय बहुत घबराई थी। इसी स्थान पर आप कह सकते हैं कि भूमि नाम की अभिनेत्री का जन्म हुआ था।

भूमि बताती हैं, 'इसी फिल्म ने मुझे एक अभिनेत्री के रूप में विश्व में पहचान दिलाई थी और मुझे दुनिया को ये बताने का अवसर उपलब्ध कराया था कि मैं एक अभिनय की भूख लिये, महत्वाकांक्षी अभिनेत्री हूं और हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी विरासत निर्मित करने के लिए जोखिम लेने से पीछे नहीं हटूंगी। आज जब मैं अपने पदार्पण पर दृष्टिपात करती हूं तो मुझे मेरा सर्वश्रेष्ठ देने में सहायता देने वाले हर व्यक्ति के प्रति मे नमन करती हूं।'

वो अपनी पहली फिल्म की पूरी टीम को एक कलाकार के रूप में उनके भीतर आत्मविश्वास की भावना निर्मित करने का श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा, 'शानू, आदि सर, मनीष शर्मा, शरत कटारिया तथा आयुष्मान खुराना तक हर व्यक्ति को मुझमें विश्वास था और उन्हीं के कारण मुझमें वो आत्मविश्वास निर्मित हुआ जिसके कारण मैं एक कलाकार के रूप में स्वयं को दुनिया के सामने प्रभावी रूप से रखने में सक्षम हुई। डीएलकेएच, सदैव एक ऐसी फिल्म बनी रहेगी जिससे अपने आगे के जीवन में जोखिम लेने, प्रयोग करते रहने और हर बार स्वयं को नए रूप में परदे पर प्रस्तुत करने के लिए जरूरी विश्वास प्राप्त करती रहूंगी।'

# चर्चिल की पेंटिंग 1.15 करोड़ डॉलर में बिकी, बनाया नया कीर्तिमान



**एपी। लंदन**

**विन्सटन चर्चिल** की मोरक्को के परिदृश्य की पेंटिंग एक नीलामी में रिकॉर्ड 1.15 करोड़ डॉलर से अधिक में बिकी है। यह पेंटिंग अदाकारा एंजेलिना जोली द्वारा बेची गई है। लंदन के क्रिस्टी में टावर ऑफ द कोउटेउबिया मॉस्क 82,85,000 पाउंड (1,15,90,715 डॉलर) की बिकी है। बिक्री से पूर्व इसकी कीमत 15 लाख पाउंड से 25 लाख पाउंड लगाई गई थी। इससे पहले चर्चिल की सबसे महंगी पेंटिंग 18 लाख पाउंड की बिकी थी। इस पेंटिंग में एटलस पर्वत की पृष्ठभूमि में सूर्यास्त के समय मोरक्कों की 12वीं शताब्दी की मस्जिद दिखाई गई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रूज़वेल्ट के 1945 में निधन के बाद उनके बेटे ने यह पेंटिंग बेच दी थी। इसके बाद इसे कई लोगों ने खरीदा। 2011 में इसे एंजेलिना और उनके प्रेमी एवं अभिनेता ब्रैड पिट ने खरीदा था। दम्पत्ति 2019 में अलग हो गए थे। इस पेंटिंग को जोली फैमली कलेक्शन ने यहां बेचा। पेंटिंग खरीदने वाले की अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



मंगलवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचीं फेमिना मिस इंडिया 2020 की रनर-अप मान्या सिंह